3 राजधानी
पटरी पर आ रहा चिकित्सा पर्यटन

6 अभिमत
प्राचीन भारतीय विज्ञान समझने की यात्रा

10 विदेश
यूक्रेन युद्ध के बीच मिस्र पहुंचे रूसी विदेश मंत्री

12 स्पोर्ट्स
भारत के लिए खास है 24 जुलाई का दिन

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 256
नई दिल्ली, सोमवार, 25 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सेना के तीनों अंगों की संयुक्त थिएटर कमान स्थापित होगी

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# कोविंद ने पर्यावरण रक्षा का किया आह्वान

- अपने विदाई संबोधन में निवर्तमान राष्ट्रपति ने भावी पीढ़ी के लिए पेड़ों, नदियों, समुद्रों, पहाड़ों, जमीन, हवा और पानी का ध्यान रखने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



रविवार को अपने विदाई भाषण में राष्ट्र को संबोधित करते रामनाथ कोविंद

**निवर्तमान** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देशवासियों से भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि प्रकृति मां गहरी पीड़ा से गुजर रही है और जलवायु संकट इस ग्रह के भविष्य को खतरे में डाल सकता है। राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में उन्होंने कहा कि देश 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाते हुए हमारे देशवासी सक्षम बन सकते हैं और आर्थिक सुधारों का लाभ लेकर अपने जीवन निर्माण के लिए सर्वोत्तम मार्ग अपना सकते हैं।

निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगी। राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति के रूप में टेलीविजन पर अपने अंतिम संबोधन में, कोविंद ने कहा, महामारी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे में और सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया है। मुझे खुशी है कि सरकार ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारा देश 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवा भारतीयों के लिए अपनी विरासत से जुड़ने और 21वीं सदी में अपने पैर जमाने में बहुत सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने पर्यावरण के लिए खतरे का विशेष उल्लेख किया और सभी नागरिकों से आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका ध्यान रखने को कहा। कोविंद ने कहा, प्रकृति मां गहरी पीड़ा से गुजर रही है और जलवायु संकट इस ग्रह के भविष्य को खतरे में डाल सकता है। हमें अपने बच्चों की खातिर अपने पर्यावरण, हमारी जमीन, हवा और पानी का ख्याल रखना चाहिए।

उन्होंने कहा, अपनी दिनचर्या में तथा रोज़मर्रा की चीजों का इस्तेमाल करते समय हमें अपने पेड़ों, नदियों, समुद्रों और पहाड़ों के साथ-साथ अन्य सभी जीव-जंतुओं की रक्षा के लिए बहुत सावधान रहने की जरूरत है। प्रथम नागरिक के रूप में, यदि अपने देशवासियों को मुझे कोई एक सलाह देनी हो तो मैं यही सलाह दूंगा। उन्होंने कहा, हमारा इतिहास, न केवल आधुनिक समय का बल्कि प्राचीनकाल से भी जो हमें याद दिलाता है कि वे वास्तविक हैं और उन्हें महसूस किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वजों और हमारे आधुनिक राष्ट्र के संस्थापकों ने कड़ी मेहनत और सेवा की भावना के साथ न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श ( शेष पेज 8 )

## द्रौपदी मुर्मू आज लेंगी राष्ट्रपति पद की शपथ

**भाषा।** नई दिल्ली



**नवनिर्वाचित** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ लेंगी और उसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि समारोह सोमवार को सुबह करीब सवा 10 बजे संसद के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे। गृह मंत्रालय ने कहा कि इसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। इसके बाद राष्ट्रपति का संबोधन होगा। समारोह से पहले, निवर्तमान राष्ट्रपति और निर्वाचित राष्ट्रपति संसद पहुंचेंगे।

उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राजनयिक मिशनों के प्रमुख, संसद सदस्य और सरकार के प्रमुख असैन्य एवं सैन्य अधिकारी समारोह में शामिल होंगे। संसद के केन्द्रीय कक्ष में समारोह के समापन पर राष्ट्रपति, राष्ट्रपति भवन के लिए रवाना होंगी, जहां उन्हें एक इंटर-सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा और निवर्तमान राष्ट्रपति का शिष्टाचार सम्मान किया जाएगा। मुर्मू (64) ने बृहस्पतिवार को विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर इतिहास रच दिया।

मुर्मू ने निर्वाचक मंडल सहित सांसदों और विधायकों के 64 प्रतिशत से अधिक वैध वोट प्राप्त किए और भारी मतों के अंतर से चुनाव जीता। वह देश की 15वीं राष्ट्रपति बनेंगी। मुर्मू को सिन्हा के 3,80,177 वोटों के मुकाबले 6,76,803 वोट मिले। वह आजादी के बाद पैदा होने वाली पहली और शीर्ष पद पर काबिज होने वाली सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति होंगी। वह राष्ट्रपति बनने वाली दूसरी महिला भी हैं।

# दिल्ली में मिला मंकीपॉक्स का मरीज, केंद्र की आपात बैठक

- एलएनजीपी में भर्ती, संपर्क में आए लोगों को भी किया गया पृथक
- देशभर में इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या हुई चार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन के मंकीपॉक्स को वैश्विक आपात स्थिति घोषित करने के एक दिन बाद दिल्ली में भी इस रोग का एक मरीज पाया गया है। भारत में मंकीपॉक्स संक्रमण का यह चौथा मामला है। इससे पहले, केरल में मंकीपॉक्स के तीन मरीज मिल चुके हैं। स्थिति की समीक्षा के लिए केंद्र ने सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में मंकीपॉक्स से संक्रमित पाए गए व्यक्ति का विदेश यात्रा का कोई इतिहास नहीं है, लेकिन उसने घरेलू यात्रा की थी और हाल में हिमाचल प्रदेश के मनाली में एक पार्टी में हिस्सा लिया था। वह संक्रमण के चपेट में कैसे आया, इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है।

पश्चिमी दिल्ली के रहने वाले इस व्यक्ति में मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने के बाद उसे करीब तीन दिन पहले यहां लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में पृथक कर दिया गया। अस्पताल में मरीज की हालत स्थिर बनी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि उसके नमूने शनिवार को राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) पुणे भेजे गए थे और उनमें संक्रमण की पुष्टि हुई है। रोगी के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर ली गई है और स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार उन्हें पृथक किया गया है। इससे पहले, केरल में मंकीपॉक्स के तीन मामले सामने आए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शनिवार को कहा था कि 70 से अधिक देशों में मंकीपॉक्स फैलना एक असाधारण ( शेष पेज 8 )

## कोविड मरीज की तरह ही बनाएं दूरी

**मंकीपॉक्स** संक्रमित जानवर के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क में आने से मनुष्यों में फैलता हैं। एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में यह संक्रमण संक्रमित की त्वचा और श्वास छोड़ते समय नाक या मुंह से निकलने वाली छोटी बूंदों के संपर्क में आने से फैलता है। कोविड अत्यधिक संक्रामक है और संक्रमित व्यक्ति के छींकने पर उसके पास खड़ा व्यक्ति भी इसकी चपेट में आ सकता है। मंकीपॉक्स भी एक संक्रामक रोग है, लेकिन अगर उचित दूरी बनाए रखी जाती है और लोग मास्क पहनते हैं, तो यह इतनी तेजी से नहीं फैलेगा।

## एलएनजेपी अस्पताल में पृथक वार्ड बनाया

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि यहां के लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी) में मंकीपॉक्स से पीड़ित मरीजों के लिए पृथक वार्ड बनाया गया है। केजरीवाल ने कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मरीज की हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहा है। घबराने की जरूरत नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है। हमने एलएनजेपी में एक पृथक वार्ड बनाया है। हमारी सबसे अच्छी टीम इस संक्रमण को फैलने से रोकने और दिल्लीवासियों की सुरक्षा में जुटी है।

# मोदी की फोटो पर केंद्र और आप सरकार में बढ़ा विवाद

- मंत्री गोपाल राय ने पीएमओ पर लगाये कार्यक्रम को अपना साबित करने की कोशिश के आरोप
- कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए पर्यावरण मंत्री राय व मुख्यमंत्री केजरीवाल, उपराज्यपाल सक्सेना रहे उपस्थित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में रविवार को वन महोत्सव कार्यक्रम का समापन होना था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच विवाद खड़ा हो गया। केजरीवाल सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने असोला वन्यजीव अभयारण्य में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यक्रम को अपना साबित करने की कोशिश की।

उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने शनिवार रात में ही परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर वाले बैनर लगा दिए और आम आदमी पार्टी की सरकार के बैनर फाड़ दिए गए। राय ने कहा कि मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने इससे दूरी बनाने का फैसला किया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की अगुवाई में प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में 11 जुलाई से शुरू हुए वन महोत्सव अभियान का समापन 24 जुलाई को असोला भाटी माइंस में एक लाख पौधे लगाने के साथ किया जाना था। इस कार्यक्रम में उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी शामिल होना था। समापन समारोह स्थल पर रातों-रात दिल्ली पुलिस द्वारा कब्जा किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पीएम कार्यालय के आदेश पर पुलिस ने वन महोत्सव के समापन समारोह स्थल को अपने कब्जे में लिया और प्रधानमंत्री का बैनर लगाया। साथ ही तैयारी में लगे लोगों को भी धमकाया। यह दिल्ली सरकार का कार्यक्रम था।

प्रधानमंत्री पुलिस के बल पर जबरदस्ती अपनी फोटो लगवाकर क्या साबित करना चाहते है। राय ने कहा कि यदि मंच की तस्वीर को ध्यान से देखेंगे, तो एलईडी टीवी दिखाई देगा, जिसको वहां लगाने का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम में आने वाले बच्चों को वीडियो और फोटोज के माध्यम से पौधारोपण के बारे में जागरूक करना था, लेकिन रात को पुलिस द्वारा अचानक से एलईडी टीवी के ऊपर जबरदस्ती पीएम मोदी के बैनर को लगाकर प्रधानमंत्री कार्यालय क्या सन्देश देना चाहता है। यह दिल्ली सरकार की समझ से परे है। रात के अंधेरे में पुलिस का काम लोगों को ( शेष पेज 8 )

# स्मृति ने कांग्रेस नेताओं को भेजा कानूनी नोटिस

- कहा-बेटी पर लगाए गए निराधार और झूठे आरोपों के लिए बिना शर्त क्षमा मांगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को कांग्रेस नेताओं-जयराम रमेश और पवन खेड़ा को कानूनी नोटिस भेजकर कहा कि वे उन पर तथा उनकी बेटी पर लगाए गए निराधार और झूठे आरोपों के लिए माफी मांगें। ईरानी ने यह कदम कांग्रेस नेताओं द्वारा आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद उठाया है।

रमेश और खेड़ा ने ईरानी की 18 वर्षीय बेटी जोइश ईरानी पर गोवा में अवैध रूप से बार चलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने मंत्री पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग भी की थी। कानूनी नोटिस में कहा गया है कि अगर कांग्रेस नेता बिना शर्त और स्पष्ट रूप से माफी नहीं मांगते हैं तथा अपने आरोप वापस नहीं लेते हैं, तो ईरानी उनके खिलाफ दीवानी और आपराधिक कार्यवाही शुरू करेंगी। ईरानी द्वारा भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि कांग्रेस नेताओं ने मंत्री की युवा बेटी पर हमला किया, जो विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं।

नोटिस में कहा गया है कि जोइश ईरानी ने कभी भी कोई बार या कोई व्यावसायिक उद्यम 'चलाने' के लिए किसी लाइसेंस के वास्ते आवेदन नहीं किया है। इसमें कहा गया है कि उन्हें गोवा में आबकारी विभाग ने कोई कारण बताओ नोटिस नहीं भेजा है जैसा कि कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है। बयान में ( शेष पेज 8 )

## बिहार में पटाखा बनाने की अवैध इकाई में विस्फोट, पांच की मौत

**भाषा।** सारण

**बिहार** के सारण जिले में रविवार को पटाखा बनाने की अवैध इकाई में हुए भीषण विस्फोट में चार साल के एक बच्चे और एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि विस्फोट इतना भीषण था कि खोदाईबाग बाजार में जिस तीन मंजिला इमारत से इकाई संचालित की जा रही थी, वह ढह गई। उन्होंने बताया, चार साल के एक बच्चे और एक महिला सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। चार अन्य घायल हो गए। मकान के मालिक की पहचान शब्बीर हुसैन के रूप में हुई है और वह पटाखा इकाई संचालित कर रहा था। कुमार ने कहा, मलबा हटाने का अभियान जारी है। हम मृतकों की पहचान का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। पटना से फॉरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया है। मामले में जांच जारी है।

# ईडी का दावा, बहुत गहरी हैं स्कूल भर्ती घोटाले की जड़ें

- पार्थो चटर्जी के पास 100 करोड़ की नकदी, आभूषण और संपत्ति
- कोर्ट ने पार्थो को एम्स भुवनेश्वर में भर्ती कराने को कहा

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**बंगाल** स्कूल स्तर पर हुए भर्ती घोटाला उम्मीद से कहीं अधिक बड़ा और इसकी जड़ी गहरी हो सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह बयान आपराधिक न्यायालय में शनिवार को दिया है। ईडी के अनुसार पकड़े गए मंत्री के पास 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति हो सकती है। वहीं मंत्री के इलाज के लिए राज्य के स्वामित्व वाले सरकारी अस्पताल मामले को ईडी हाईकोर्ट लेकर पहुंची।

वहीं कलकत्ता उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय को पश्चिम बंगाल के गिरफ्तार मंत्री पार्थ चटर्जी को सोमवार सुबह एयर एम्बुलेंस द्वारा एम्स भुवनेश्वर ले जाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहाकि एम्स भुवनेश्वर के विशेषज्ञ डॉक्टर पार्थ की जांच करें। बंगाल के गिरफ्तार मंत्री को कोलकाता में डिजिटल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किए जाए। ईडी के वकीलों ने न्यायालय में बंगाल के उद्योग मंत्री पार्थो चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी की हिरासत की मांग करते हुए कहा कि घोटाले की छानबीन के बाद उनके अपार्टमेंट से शनिवार को 21.44 करोड़ रुपये और लाखों के आभूषण व विदेशी मुद्रा बरामद की गई।

वहीं अर्पिता मुखर्जी को रविवार को ईडी की एक दिन की हिरासत में भेज दिया और उन्हें सोमवार को आगे की सुनवाई के लिए विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी ने रविवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चटर्जी को ऐसे अस्पताल में स्थानांतरित करने मांग की जो राज्य द्वारा संचालित न हो, क्योंकि राज्य के डॉक्टर और अस्पताल के कर्मचारी होने से ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,072 | |
| निफ्टी | 16,719 | |
| सोना | 50,341 | /10g |
| चांदी | 55,164 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीआईएससीई की 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) की 12वीं कक्षा की परीक्षा के नतीजे रविवार को घोषित कर दिए गए। नतीजों के अनुसार, अठारह छात्रों ने 99.75 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है। दूसरी रैंक 58 उम्मीदवारों ने साझा की है, जिन्होंने 99.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 78 उम्मीदवारों ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरी रैंक साझा की है। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा मे उत्तीर्ण प्रतिशत 99.52 फीसदी रहा, जिसमे लड़कियों ने लड़कों को बहुत कम अंतर से मात दी। पहली बार बोर्ड ने दो टर्म मे परीक्षा आयोजित की थी। बोर्ड के सचिव गैरी अराथून ने परिणाम गणना के फार्मूले के बारे मे कहा कि ज्यामितीय, मैकेनिकल ड्राइंग और कला जैसे विषयों को छोड़कर प्रत्येक विषय के पहले सेमेस्टर के अंकों को आधा कर दिया गया है।

# अभी भी गंगा में जा रही 50% गंदगी

- दशकों की निगरानी के बाद भी अनुपचारित सीवेज और गंदा पानी गंगा नदी में छोड़ा जाना जारी है : एनजीटी

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा है कि दशकों की निगरानी के बाद भी अनुपचारित सीवेज और गंदा पानी गंगा नदी में छोड़ा जाना जारी है और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) गैर-अनुपालन के खिलाफ कड़े कदम उठाने की स्थिति में नहीं दिखता है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदेश कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले पर राष्ट्रीय गंगा परिषद (एनजीसी) से कार्रवाई रिपोर्ट मांगते हुए कहा कि गंगा में पानी की गुणवत्ता मानदंडों के अनुसार होनी चाहिए क्योंकि इसका उपयोग न केवल नहाने के लिए किया जाता है बल्कि इसका इस्तेमाल आचमन (प्रार्थना या अनुष्ठान से पहले पानी की घूंट लेना) के लिए भी होता है। एनजीटी ने एनजीसी के सदस्य सचिव को सुनवाई की अगली तारीख 14 अक्टूबर से पहले की गई कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। एनजीटी ने कहा कि दशकों की निगरानी के बाद भी जरूरी कार्यात्मक उपचार क्षमता के अभाव में लगभग 50 प्रतिशत अनुपचारित सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट नदी या उसकी सहायक नदियों या नालों में छोड़ा जा रहा है।

एनजीटी ने कहा, जैसा कि पिछले 37 वर्षों में हुआ है, बिना सफलता के अनिश्चितकाल तक कार्यवाही जारी रखने के बजाय हम सुझाव देते हैं कि सदस्य सचिव, एनजीसी यानी महानिदेशक, एनएमसीजी गंगा के प्रदूषण की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए एनजीसी की अगली बैठक में इसकी समीक्षा का ( शेष पेज 8 )

# नीरज ने विश्व चैम्पियनशिप में रजत जीत फिर इतिहास रचा

- इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय और पहले भारतीय पुरुष एथलीट बने चोपड़ा

**भाषा।** यूजीन




भाला फेंक में रजत पदक जीतने के बाद तिरंगे के साथ प्रसन्न मुद्रा में नीरज चोपड़ा

**ओलंपिक** चैम्पियन नीरज चोपड़ा भले ही स्वर्ण से चूक गए लेकिन रजत पदक जीतकर एक बार फिर इतिहास रच डाला और वह विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय और पहले भारतीय पुरुष एथलीट बन गए। पदक के प्रबल दावेदार के रूप में उतरे भालाफेंक स्टार चोपड़ा ने 88.13 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।

वह गत चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से पीछे रह गए जिन्होंने 90.54 मीटर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत के लिए विश्व चैम्पियनशिप में एकमात्र पदक 2003 में पेरिस में अंजू बॉबी जॉर्ज ने लंबी कूद में कांस्य जीता था। चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत का 19 साल का इंतजार खत्म करते हुए इतिहास पुस्तिका में अपना नाम दर्ज कराया। फाउल से शुरूआत करने वाले चोपड़ा ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे प्रयास में 82.39, तीसरे में 86.37 और चौथे प्रयास में 88.13 मीटर का थ्रो फेंका जो सत्र का उनका चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

उनका पांचवां और छठा प्रयास फाउल रहा। चेक गणराज्य के याकूब वालडेश को कांस्य पदक मिला जिन्होंने 88.09 मीटर का थ्रो फेंका। भारत के रोहित यादव 78.72 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दसवें स्थान पर रहे। चोपड़ा ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले वह पहले भारतीय हैं। पीटर्स ( शेष पेज 8 )

## प्रधानमंत्री मोदी समेत पूरे देश ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा के प्रदर्शन को भारतीय खेलों के लिए खास पल बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत ने उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ देश भर से चोपड़ा को बधाइयां मिली हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सूबेदार नीरज चोपड़ा की अप्रतिम सफलता पर भारत हर्षित है। विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर उन्हें बधाई। उनकी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से बेहतरीन नतीजे निकल रहे हैं। हमें उन पर गर्व है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को रविवार को बधाई दी है। राजभवन से जारी बयान के अनुसार, राज्यपाल ने चोपड़ा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चोपड़ा को लाखों युवाओं का प्रेरणास्रोत बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को ट्वीट किया, नीरज चोपड़ा जी ने जैवलिन थ्रो प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत का मानवर्धन करती इस अविस्मरणीय उपलब्धि के लिए आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हमें आप पर गर्व है। जय हिंद।

# सरकारी स्कूलों में दाखिले की मारामारी, अभिभावक परेशान

## सभी सीटें भरी, प्रबंधन के पास कई जनप्रतिनिधियों के साथ ही सरकारी अधिकारियों की आ रही सिफारिशें

- दाखिले की अंतिम तिथि 15 अगस्त, हजारों बच्चों के सामने पढ़ाई का संकट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के माध्यमिक शिक्षा विभाग के सरकारी स्कूलों में नए सत्र में दाखिले का टोटा हो गया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सरकारी स्कूलों में छठी से बारहवीं कक्षा में दाखिल के लिए अभिभावकों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

कक्षाओं में दाखिले के लिए स्कूल प्रबंधन के पास कई जनप्रतिनिधि के साथ ही सरकारी अधिकारियों की सिफारिश आ रही हैं, इसके बाद भी मायूस होना पड़ रहा है। बता दें कि शासन की तरफ से आधिकारिक तौर पर दाखिले की अंतिम तारीख 5 अगस्त है, लेकिन स्कूलों में सीट अभी से ही फुल हो गई हैं। बता दें कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 151 माध्यमिक स्कूल हैं। इसमें काफी संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। उत्तर प्रदेश बोर्ड के साथ ही अब सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी हो गए हैं। जबकि सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू हुए महीना हो गया। ऐसे में लोग अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करा रहे हैं, लेकिन सीट न होने की वजह से उनको मायूस होना पड़ रहा है। ग्रेनो के रहने वाले अभिभावक ने बताया कि नए सत्र में दाखिला के लिए निजी स्कूल की तरफ अब सरकारी भी धक्के खाने पड़ा रहे है।

ग्रेनो के बिहारी लाल इंटर कॉलेज में बच्चे का नौवी में दाखिला करना था, इसको लेकर कई बार प्रबंधन के चक्कर लगाए है। इसके बाद भी सीट फुल होने की वजह से बेटे का दाखिला नहीं हो पा रहा है। निजी स्कूलों में फीस अधिक होने पर रोजमर्रा में दिक्कते आएगी।

उधर, नोएडा की रहने वाली स्वाति ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 51 में जीजीआईसी में बेटी का ग्यारवी कक्षा में दाखिले के लिए पिछले तीन दिन से चक्कर लगा चुकी हुए लेकिन प्रधानाचार्य दाखिला लेने के लिए साफ इनकार कर दे रहे है। ऐसे में अब बच्चों को दाखिला किस स्कूल में आए, निजी स्कूलों की फीस अधिक होने पर देने की गुंजाइश नहीं है। बच्चे घर के पास ही दाखिले के लिए मांग कर रहे है, ऐसे में कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है।

अभिभावकों ने बताया कि सरकारी स्कूलों में फीस कम है, साथ कई चार्ज निजी स्कूलों के मुकाबले काफी कम है।

ऐसे में अब बच्चों सरकारी स्कूलों में भी मौका नहीं मिला पा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के छठी से लेकर बारहवीं तक के स्कूल है। इसमें दाखिले की प्रक्रिया चला रही है, कुछ स्कूलों में दाखिला न लेने के मामले आए है। इस पर स्कूल प्रबंधन से जानकारी मांगी गई है।

# कंपनी कर्मचारी पर 10.32 करोड़ रुपये के गबन का लगा आरोप

- आरोपी के खिलाफ लिंक थाने में केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



बैंक एवं एटीएम के नकदी प्रबंधन का काम देखने वाली कंपनी ने अपने कर्मचारी पर 10.32 करोड़ रुपये गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी प्रबंधन का आरोप है कि ऑडिट के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर आरोपी से जब धनराशि के विषय में पूछा गया तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ लिंक रोड थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

साहिबाबाद साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में सिक्योर वैल्यू इंडिया लिमिटेड कंपनी का कार्यालय है। कंपनी निजी एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों की नगदी का प्रबंधन करती है। कंपनी की ओर से वरुण खन्ना ने लिंक रोड थाने में कर्मचारी नीलकंठ मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी नौ साल से कंपनी में काम कर रहा था। आरोप है कि नीलकंठ मिश्रा दिल्ली, गुरुग्राम और साहिबाबाद स्थित ऑफिस में नकदी प्रबंधन के अलावा उसकी देखरेख करता था।

जून में कंपनी में हुए ऑडिट के दौरान गड़बड़ी पाई गई। गहराई से छानबीन हुई तो करीब 10.32 करोड रुपये गायब पाए गए। इस पर नीलकंठ से जवाब तलब हुआ तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। कंपनी की तरफ से शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इंजीनियर को साइबर ठगों ने लगाई लाखों की चपत

- आरोपी ने खुद को बताया था बेल्जियम का बड़ा व्यापारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-29 में रहने वाली एक युवती को अपने जाल में फंसा कर साइबर ठगों ने उससे आठ लाख 29 हजार रुपए ठग लिए।

नोएडा के सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक रीता यादव ने बताया कि पेशे से इंजीनियर और एक आईटी कंपनी में काम करने वाली युवती ने शिकायत दी है कि एक ठग ने खुद को बेल्जियम का हाई प्रोफेशनल, बिजनेसमैन बता कर उससे उसका पता और मेल आईडी पूछ लिया। उन्होंने बताया कि युवती ने शहर और सेक्टर का नाम और मेल आईडी की जानकारी उसे दी। रीता ने बताया कि इसके कुछ दिन बाद एक फोन कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट से बताया बताया कि बेल्जियम से पीटर एंथेनी का पार्सल आया है, जिसके लिए उसे 27 हजार 500 रुपए जमा करने होंगे।

इस पर युवती ने पीटर को वॉट्सऐप पर कॉल कर जानकारी ली, पीटर ने एक फर्जी रसीद पार्सल डिस्पैच होने की भेज दी, जिससे युवती को विश्वास हो गया और उसने यह रकम बताए गए बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी। शिकायत में कहा गया है कि इसके बाद अगले दिन एक मेल आया और यह ई-मेल आईडी आरबीआई के नाम से बनाई गई थी, इस मेल में बताया गया कि डिस्पैच हुए पार्सल में 42 हजार यूरो है, यह रुपए में 34 लाख 48 हजार के करीब होंगे और इसका कनवर्जन चार्ज दो लाख 57 हजार रुपए देने होंगे। फिर उसने यह रकम भी ट्रांसफर कर दी। इसके बाद आरबीआई नाम शामिल कर बनाई गई कथित मेल आईडी से फिर मेल और पैसा वापसी के कथित एग्रीमेंट भेजकर कई बार रकम डलवाई गई। इस तरह युवती ने कुल आठ लाख 29 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोरोना के 38 नए संक्रमित मिले, 13 हुए स्वस्थ्य

**गाजियाबाद।** जिले में कोरोना संक्रमितों का उतार चढ़ाव जारी है। जारी रिपोर्ट में 38 नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 13 मरीज ठीक हुए। अब जिले में कुल 189 मरीज सक्रिय है। इसमें चार मरीज अस्पताल में भर्ती है।

स्वास्थ्य विभाग की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान 38 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है। जबकि 13 मरीज ठीक हुए। इसमें 21 से 40 साल के बीच 16 मरीजों की पुष्टि हुई।

41 से 60 साल के बीच वाले 14 मरीज मिले। 13 से 20 साल और 60 साल से अधिक उम्र वाले तीन-तीन संक्रमित मिले हैं। जबकि शून्य से 12 साल के बीच दो संक्रमितों की पुष्टि हुई है।

# यूनानी संस्थान आयुष प्रणाली को लोकप्रिय बनाएगा: सोनोवाल

- गाजियाबाद स्थित नवनिर्मित परिसर का केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने रविवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम) के नवनिर्मित परिसर का निरीक्षण किया।

आयुष मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह संस्थान बेंगलुरु में स्थापित इसी तरह की एक सुविधा का विस्तार है। उत्तर भारत में स्थापित होने वाला यह अपनी तरह का पहला संस्थान होगा। सोनोवाल ने कहा कि स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय नीति में अन्य बातों के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा में आयुष को मुख्य धारा में शामिल करने और स्वास्थ्य सेवा वितरण के सभी स्तरों में शिक्षा, अनुसंधान के क्षेत्रों में इन प्रणालियों को एकीकृत करने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय ने यूनानी चिकित्सा में अनुसंधान, विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने, शिक्षा के लिए शीर्ष संस्थानों को विकसित करने और अनुसंधान के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि यह यूनानी संस्थान आयुष प्रणाली को लोकप्रिय बनाएगा और देश के उत्तरी क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करेगा।

बयान में कहा गया है कि एनआईयूएम की आधारशिला एक मार्च, 2019 को रखी गई थी। इसमें 14 विभाग होंगे और यूनानी चिकित्सा के विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट पाठ्यक्रम प्रदान करेंगे। इसमें ये भी कहा गया कि संस्थान मूलभूत पहलुओं, दवा विकास, गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मूल्यांकन और यूनानी चिकित्सा और प्रथाओं के वैज्ञानिक सत्यापन पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। यह शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान में बेंचमार्क मानक स्थापित करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र से कुछ दिन पहले किशोरी लापता हो गई थी। उसके परिजनों ने शहजाद नामक युवक के खिलाफ किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने शनिवार को एक सूचना के आधार पर पुश्ता रोड के पास से आरोपी युवक चौसा बिहार निवासी शहजाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नोएडा के चोटपुर कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है। इस मामले में पुलिस 21 जुलाई को किशोरी को बरामद कर चुकी है।

### कृष्णा अपार्टमेंट में एओए की हुई बैठक

**नोएडा।** सेक्टर-117 स्थित श्री कृष्णा अपार्टमेंट में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन एओए की वार्षिक कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2021.22 का लेखा-जोखा पेश किया गया। इस आम सभा में एओए सचिव हिमांशु तिवारी ने लोगों के समक्ष विभिन्न प्रस्तावों को पेश किया किया। कोषाध्यक्ष हरि सिंह ने संस्था की आय व्यय का ब्यौरा दिया। एओए अध्यक्ष सोमेंद्र कुमार यादव ने सोसाइटी के विकास कार्यों की जानकारी दी और आगामी विकास कार्यों पर चर्चा की।

### स्पोर्ट्स सिटी को लेकर विधायक ने दिया आश्वासन

**नोएडा।** स्पोर्ट्स सिटी में फ्लैटों की रजिस्ट्री न होने से खरीदार करीब पांच साल से परेशान हैं। अधिकारियों से लेकर मंत्री और मुख्यमंत्री से गुहार लगाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। एक बार फिर खरीदारों ने रविवार को विधायक पंकज सिंह ने मुलाकात की। विधायक ने फिर से आश्वासन दिया कि जल्द समाधान होगा। स्पोर्ट्स सिटी में करीब 15 हजार फ्लैट खरीदार ऐसे हैं जिनको कब्जा तो मिल गया लेकिन रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई, जबकि पूरा पैसा दे चुके हैं। सेवन एक्स स्पोर्ट्स सिटी फाउंडेशन के बैनर तले फ्लैट खरीदार विधायक से मिले। अशोक वर्धन ने बताया कि स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण और फ्लैटों की रजिस्ट्री का काम शुरू नहीं हुआ है। वर्ष 2021 के शुरूआत में प्राधिकरण के एसीईओ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था लेकिन डेढ़ साल बाद भी कुछ नहीं हुआ। इस पर विधायक ने जल्द मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर संवरजीत सिंह, दीपक गर्ग, सुमन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### मेडिकल स्टोर में आग लगी



**गाजियाबाद।** गगन विहार स्थित एक मेडिकल स्टोर में आग लग गई। दमकल विभाग को सुबह पौने छह बजे आग की सूचना दी गई। अग्निशमनकर्मियों ने मौके पर आग पर काबू पाया। आग से मेडिकल स्टोर का ज्यादातर सामान जल गया। साहिबाबाद एफएसओ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि गगन विहार में धीरेंद्र कोहली का मेडिकल स्टोर है। मकान से शार्ट सर्किट के बाद आग फैलनी शुरू हुई थी। उस दौरान कोई मौजूद नहीं था। आग तेजी से फैली और दुकान तक पहुंच गई। कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### व्हाट्सएप पर वीडियो डाल माहौल बिगाड़ने का प्रयास

**गाजियाबाद।** डासना देवी के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती को धमकी देने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में मसूरी थाने में पुलिस ने अज्ञातों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें उप निरीक्षक डा राम सेवक ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है जांच में पता चला कि व्हाट्सएप पर 18 जुलाई को एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें पांच.छह युवक यति नरसिंहानंद की फोटो दिखाकर अभद्र टिप्पणी करते दिखाई दिए। यह वायरल वीडियो राजस्थान का है जिसमें कुछ युवक धार्मिक माहौल बिगाड़ने की मंशा से टिप्पणी कर धमकी दे रहे हैं। वीडियो में की गई नारेबाजी और टिप्पणी से माहौल बिगड़ सकता था। ऐसे में रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना प्रभारी रविंद्र चंद पंत का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जेवर में जल्द बनेगा कौशल विकास केंद्र, सीएम ने दी सहमति

- यमुना प्राधिकरण ने लगभग 8700 वर्ग मीटर जमीन को किया था आंवटित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





यमुना प्राधिकरण ने लगभग 8700 स्क्वयर मीटर जमीन जेवर विधानसभा में कौशल विकास केंद्र बनाए जाने के लिए आवंटित की थी, लेकिन यह योजना ठंडे बस्ते में पड़ गई।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ठंडे बस्ते में पड़ी कौशल विकास केंद्र बनाए जाने की योजना के बारे में कुछ दिनों पहले प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया था, जिसके पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जल्द ही इस कार्य को आगे बढ़ाए जाने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि स्थानीय नौजवानों को समय रहते बेहतर रोजगार के अवसर मिल सके, इसके लिए हमारा प्रयास है कि हम उन बच्चों की प्रतिभा को निखारते हुए औद्योगिक इकाइयां बनने से पूर्व ही बच्चों को इस लायक बना दें, जिससे कंपनियां उन्हें नौकरी देने में आनाकानी न कर सकें। विगत दिनों लखनऊ प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र बनाए जाने के विषय में मुख्यमंत्री को अवगत कराया था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कार्य को आगे बढ़ाकर क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को मौका दिया है। उम्मीद है शीघ्र ही विधानसभा में कौशल विकास केंद्र बनाए जाने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

# अमात्रा होम्स सोसाइटी में विवाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक थाना क्षेत्र के अंतर्ग अमात्रा होम्स सोसाइटी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दो पक्ष आपस में झगड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

दोनों पक्ष इस सोसाइटी के एक ही फ्लोर के रहने वाले हैं। आखिर इन दोनों पक्ष के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ, पुलिस इसकी जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना 22 जुलाई की रात की है। जहां फ्लोर पर रहने वाले एक आदमी ने शराब पीकर बगल के घर में रहने वाली महिला के घर में घुसकर अभद्रता की। महिला उस समय घर में अकेली थी। उसने इस घटना के बारे में अपने पति को जानकारी दी।

महिला के पति के घर आने के बाद दोनों के बीच दोनों लोगों में कहासुनी और बढ़ गई। महिला का आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई है। किसी निवासी ने इस प्रकरण का पूरा वीडियो बना लिया। जिसका वीडियो नेफोमा के अध्यक्ष अन्नू खान ने सोशल मीडिया के ट्विटर प्लेटफार्म पर साझा किया है।

# शिक्षिकाओं ने घूस मांगने का आरोप लगा लेखाधिकारी के बाबू को चप्पलों से पीटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अमरोहा के वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक डॉ अनुराग द्विवेदी के बाबू शैलेंद्र की 2 शिक्षिकाओं ने चप्पलों से पिटाई कर दी। बाबू पर एक शिक्षिका का तबादला होने के बाद लास्ट पेमेंट स्लिप देने की एवज में घूस मांगने का आरोप है। बाबू पर शिक्षिका से फोन पर बदसुलूकी करने के भी आरोप हैं। घटना के बाद बाबू ऑफिस छोड़कर भाग निकला। करीब सप्ताहभर पुराना यह मामला बेसिक शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस घटना से अनुराग द्विवेदी की कार्यप्रणाली पर भी कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उनकी तैनाती के बाद से ही अमरोहा एओ ऑफिस पर कई बार भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं। अपने साथ हुई घटना पर बाबू शैलेंद्र ने कहा कि टीचर्स यूनियन की राजनीति का शिकार हुआ हूं। यूनियन के कुछ लोग मुझसे नाराज रहते हैं।

उन्होंने ही महिलाओं को भड़काया। 2 महिलाओं ने आते ही मेरे साथ दफ्तर में बदतमीजी और मारपीट शुरू कर दी। 10 दिन पहले अमरोहा से गाजियाबाद के लिए ट्रांसफर हुई एक महिला टीचर भी इन दोनों महिलाओं के साथ में थी। वह अपने पति के साथ इस दौरान ऑफिस के बाहर खड़ी रही। शैलेंद्र ने कहा कि जिस महिला का गाजियाबाद तबादला हुआ है वह बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल में कार्यरत नहीं है। शिक्षिका ने मुझे सुबह में फोन किया था। मैंने उनसे फोन पर कोई बदतमीजी नहीं की। उसकी रिकॉर्डिंग मेरे पास सुरक्षित है।

# गाजियाबाद में आप ने की हिंडन नदी की सफाई

**गाजियाबाद।** आम आदमी पार्टी आप की तिरंगा शाखा ने रविवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अगुवाई में हिंडन नदी पर सफाई अभियान चलाया।

संजय सिंह, पत्नी अनीता सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता लकड़ी के डंडे, फावड़े लेकर नदी में कूद पड़े। उन्होंने जलकुंभी समेत पॉलिथीन और अन्य गंदगी को बाहर निकाला। सांसद संजय सिंह ने कहा, आप कार्यकर्ताओं के लगातार प्रयास से हिंडन नदी स्वच्छ ना हो, ऐसा संभव नहीं है। सत्ता में बैठी सरकार ने नदियों को साफ करने के लिए नारे तो लगाए, परंतु उनकी सफाई पर कोई काम नहीं हुआ।



हिंडन नदी में सफाई करते आप सांसद संजय सिंह।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण छह जगहों पर लगवाएगा स्मार्ट एलईडी स्क्रीन

- हर एक घंटे में 15 मिनट तक चलेगा सामाजिक स्लोगन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



अपने शहर को स्वच्छ रखें। खुले में कूड़ा न फेंकें। सार्वजनिक जगहों पर रखे लावारिस वस्तु को न छुएं, ग्रेटर नोएडा का तापमान कितना है, ऐसे सामाजिक स्लोगन और महत्वपूर्ण जानकारी व सूचनाएं त्वरित गति आपको ग्रेटर नोएडा के प्रमुख चौराहों पर देखने व सुनने को मिल सकेंगी।

इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण छह प्रमुख जगहों पर स्मार्ट एलईडी स्क्रीन लगवाने जा रहा है। प्राधिकरण ने आरएफपी रिक्वेस्ट ऑफ र प्रपोजल भी निकाल दिया है। ग्रेटर नोएडा में परी चौक, अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का दफ्तर, नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, दादरी रेलवे स्टेशन और नॉलेज पार्क टू ऐसे जगह हैं जहां पर सबसे ज्यादा आवागमन होता है। प्राधिकरण इन जगहों पर दिल्ली के आईटीओ की तरह एलईडी स्क्रीन लगवाना चाहता है। इसके जरिए प्राधिकरण तमाम सामाजिक स्लोगन दिखा और सुना सकेगा।

नागरिकों को ग्रेटर नोएडा से संबंधित तमाम जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही जल संरक्षण, स्वच्छता, सुरक्षा से जुड़े तमाम मुद्दों उनके उत्तरदायित्वों का भी बोध करा सकेगा। बीओटी बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर लगने वाले इन एलईडी स्क्रीन पर प्रत्येक घंटे में 15 मिनट तक इन सामाजिक मुद्दों पर स्लोगन सुनाई व दिखाई देंगे। इसमें प्राधिकरण का पैसा खर्च नहीं हो रहा, बल्कि आरएफपी से चयनित कंपनी ही एलईडी स्क्रीन लगाएगी। कंपनी को पांच साल तक विज्ञापन का अधिकार दिया जाएगा, ताकि वह अपना खर्च निकाल सके।

> “ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्राधिकरण हर संभव कोशिश कर रहा है। एलईडी स्क्रीन लगाने का निर्णय भी इसी दिशा में एक प्रयास है। इससे चौराहों की खूबसूरती भी बढ़ जाएगी। नागरिकों को तमाम आवश्यक सूचनाएं भी आसानी से मिल जाएंगी। सामाजिक स्लोगन के जरिए लोगों को जागरूक करने में भी सहूलियत होगी।”
>
> **-सुरेन्द्र सिंह, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व मंडलायुक्त मेरठ**

एलईडी को लगाना, उसे संचालित करना और उसके रखरखाव की जिम्मेदारी चयनित कंपनी की होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर प्राधिकरण के शहरी सेवाएं विभाग ने एलईडी स्क्रीन लगाने के लिए आरएफपी निकाल दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के ई.पोर्टल और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर इसका ब्योरा प्राप्त किया जा सकता है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके अरोड़ा और प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक अर्बन सर्विसेज आरए गौतम ने बताया कि इस आरएफ पी की प्री बिड मीटिंग 29 जुलाई को होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 05 अगस्त है। तकनीकी बिड 8 अगस्त तको खुलेगी। इससे संबंधित और जानकारी वरिष्ठ प्रबंधक शहरी सेवाएं से संपर्क किया जा सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# चांदनी चौक व मजनूं का टीला होंगे नए फूड हब



## मुख्यमंत्री का ऐलान-जायके के शौकीनों के लिए उपलब्ध कराएंगे सभी सुविधाएं, अलग होगी दिल्ली की पहचान

- पूरे देश और दुनिया के अंदर ब्रांडिग की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फूड हब के रूप में राजधानी स्थित मजनूं का टीला और चांदनी चौक को वैश्विक पहचान देने की तैयारी चल रही है। दिल्ली सरकार पहले फेज में दोनों स्थानों पर फूड हब विकसित कर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि जायके के शौकीनों के लिए सभी सुविधाए उपलब्ध कराएंगे।

वहीं इस योजना के लिए पूरे देश और दुनिया के अंदर ब्रांडिग की जाएगी ताकि फूब हब की वैश्विक पहचान बन सके। दिल्ली सरकार ने पहले फेज में पायलट प्रोजेक्ट के तहत मजनूं का टीला और चांदनी चौक को चुना है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि फूड हब के विकसित होने से दिल्ली में व्यापार बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होने के साथ बड़ी संख्या में आम लोगों को रोजगार भी मिलेगा। काफी रिसर्च और मार्केट एसोसिएशंस के साथ कई बैठकों के बाद मजनू का टीला और चांदनी चौक को चिन्हित किया गया है। यहां सड़क, बिजली, पानी व सफाई का इंतजाम किया जाएगा और फूड सेफ्टी व हाइजिन की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

साथ ही, पूरे देश और दुनिया के अंदर इसकी ब्रांडिंग की जाएगी, ताकि दिल्ली आने वाले लोग उस फूड हब में आ सकें।

अगले छह हफ्ते के अंदर एक डिजाइन प्रतियोगिता करेंगे, जिसमें देश की मशहूर आर्किटेक्चर फर्म से इनको विकसित करने के लिए डिजाइन मांगा जाएगा। इसके बाद अगले 12 हफ्तों में आर्किटेक्चर के डिजाइन को अंतिम रूप देकर कांट्रैक्ट दे दिया जाएगा और दोनों फूड हब को विकसित करने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज देश भर में बेरोजगारी की बेहद गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। दिल्ली में भी कई बेरोजगार युवा हैं। पिछले कुछ सालों में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार है, तब से लेकर आज तक हम लोगों ने कई प्रयासों से लगभग 12 से 13 लाख युवाओं के लिए रोजगार दिलवाए।

आने वाले पांच साल के अंदर हमने यह लक्ष्य रखा है कि 20 लाख युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेंगे। रोजगार उत्पन्न करने के लिए मैं और मेरी पूरी सरकार रात-दिन मेहनत कर रही है। हम कई नए आइडिया लेकर आ रहे हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जा सकें।

### मार्केट एसोसिएशन का भी रहेगा सहयोग

दोनों फूड हब को विकसित करने के लिए जिन आर्किटेक्चरल फर्मों की नियुक्ति की जाएगी, वे जल्द से जल्द उन कार्यों की पहचान करेंगे, जो उसको विकसित करने के लिए आवश्यक है। फर्म हब के समग्र पुनर्विकास और रीडिज़ाइन योजना पर काम करेगी। इन दोनों फूड हब को विकसित करने को लेकर मार्केट एसोसिएशन से पहले ही बात हो चुकी है। मार्केट एसोसिएशन ने योजना के सुचारू कार्यान्वयन और उसके बाद रखरखाव के लिए बिना शर्त सहयोग देने वादा किया है।

### दिल्ली के पकवानों को मिलेगी और शोहरत

दिल्ली के कई बाजार विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और भोजन से अपनी पहचान रखते हैं। दिल्ली में तिब्बती मोमोज से लेकर तांतालिसिंग गोल गप्पे, विश्व प्रसिद्ध दाल मखनी, बेस्ट बटर चिकन या सभी के पसंदीदा छोले-भटूरे और परांठे तक का स्ट्रीट फूड है। इन्हीं वजहों को दिल्ली को भारत का फूड कैपिटल भी कहा जाता है। 'दिल्ली के फूड हब' सांस्कृतिक और ऐतिहासिक तौर पर समृद्ध हैं। यहां मिलने वाली खाद्य सामग्री पीढ़ियों से चली आ रही सदियों पुरानी रेसिपी पर आधारित हैं। केजरीवाल सरकार इनको अब लोकप्रिय बनाना चाहती है, ताकि देश-विदेश से पर्यटक जब भी दिल्ली आएं, तो वे इन फूड हब का स्वाद लेने जरूर जाएं।

# मुस्तफाबाद में इमारत ढही, एक व्यक्ति की मौत, परिवार के छह लोगों को बचाया

- जर्जर हालत में था भवन, यहां किराये पर रहता था पीड़ित परिवार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में रविवार को तीन मंजिला इमारत ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के छह अन्य लोगों को बचा लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि घटना की सूचना सुबह करीब पांच बजे मिली और दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस ने सुलेमान (45), उसकी पत्नी शबनम (40), उसकी बेटियों शबनूर (22) एवं लाबिया (20) और उसके बेटे सुफियान (20), फैजान (17) एवं अर्शियाल (15) को मलबे से बाहर निकाला।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुफियान को मुश्किल से बाहर निकाला गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने कहा, इमारत का जो हिस्सा ढहा है, परिवार पिछले चार साल से उसमें किराएदार के तौर पर रह रहा था। पुलिस ने बताया कि इमारत का निर्माण लगभग 17-18 साल पहले किया गया था और शमीम अहमद नामक व्यक्ति इसका मालिक है।

# नई आबकारी नीति पर सीबीआई जांच से सकते में आप सरकार

- पहली तिमाही में राजस्व बढ़ने के दावे पर उठे सवाल
- 1484 करोड़ में 980 करोड़ रुपये है सिक्योरिटी डिपॉजिट



### मुख्य सचिव की रिपोर्ट की कुछ और खास बातें

वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के राजस्व को 980 करोड़ रुपये की रिफंडेबल सिक्योरिटी डिपाजिट को शामिल करके कृत्रिम रूप से बढ़ाकर 1594.84 रुपये कर दिया गया। तथ्य यह है कि वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही की तुलना में 2022-23 की पहली तिमाही में व्हिस्की की बिक्री में लगभग 59.5 प्रतिशत, वाइन में लगभग 87 प्रतिशत और बीयर की बिक्री में लगभग 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन यह देखा गया है कि कोई वृद्धि नहीं हुई है। दिल्ली सरकार लोगों के स्वास्थ्य की कीमत पर, महामारी के दौरान अवैध शराब कार्टेल को लाभान्वित करने पर तुली हुई।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई आबकारी नीति की सीबीआइ जांच की सिफारिश के बाद नीति को कठघरे में खड़ा करने वाले कई तथ्य सामने आ रहे हैं। नया तथ्य राजस्व में कमी आने का है। मुख्य सचिव की रिपोर्ट 2022-23 की पहली तिमाही में सरकारी राजस्व में 1484 करोड़ रुपये की वृद्धि के सरकारी बयान का खंडन करती है। दावा किया गया था कि शराब की बिक्री से 1484 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक 980 करोड़ रुपये विक्रेता लाइसेंसधारियों की वापसी योग्य सुरक्षा जमा राशि हैं। यानी पिछले पांच सालों 2017-18 से 2021-22 के दौरान दिल्ली सरकार को शराब की बिक्री से होने वाले राजस्व में 567.98 करोड़ रुपये की भारी कमी दर्ज की गई है।

सूत्रों का कहना है कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में तो बड़े स्तर पर पर गड़बड़ी की ही गई है, सरकार द्वारा प्राप्त किए गए किक-बैक के लिए कार्यान्वयन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जब दिल्ली के लोगों को कोरोना की दूसरी लहर के दौरान आक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ा, तब सरकार ने महामारी के बहाने निविदा लाइसेंस शुल्क पर शराब कार्टेल को 144.36 करोड़ रुपये की छूट दे दी।

राजनिवास सूत्रों के अनुसार राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, विधायक आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज के विभिन्न बयान यह दावा कर रहे हैं कि आबकारी नीति अधिकतम राजस्व की बढ़ोत्तरी सुनिश्चित करने और नकली शराब की बिक्री को खत्म करने के लिए तैयार की गई थी। यह सफेद झूठ के अलावा कुछ नहीं है।

## कोरोना संक्रमण के 729 नए मामले, दो की मौत

**नई दिल्ली।** पिछले चौबीस घंटे में कोविड-19 के 729 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान दो संक्रमितों मरीजों की मौत हो गई।

वहीं संक्रमण दर 5.57 फीसदी पहुंच गई। इसके साथ ही लगातार तीसरे दिन कोराना के 700 से ज्यादा मामले आए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोविड के कुल मामले बढ़कर 19,48,492 पहुंच गए हैं जबकि मृतक संख्या 26,301 हो गई है। राजधानी में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 2696 हो गई है। वहीं 1846 लोगों ने घर में पृथक-वास पूरा किया है।

### बम-बम भोले के जयकारें



# ईवी पॉलिसी के दो साल पूरे होने का जश्न मनाएगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- 10 अगस्त को चौथे दिल्ली ईवी फोरम की करेगी मेजबानी

इलेक्ट्रिक वाहन योजना के दो साल पूरे होने का जश्न मनाएगी दिल्ली सरकार। दस अगस्त को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में चौथे दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन फोरम का आयोजन किया जाएगा।

वर्ष 2020 में तैयार की गई दिल्ली ईवी फोरम रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने और योजना के प्रभावी और सहयोगी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सरकारी एजेंसियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों, थिंक टैंक, आरडब्ल्यूए समेत दिल्ली भर में ईवी इको सिस्टम में 200 से अधिक हितधारकों को एक साथ लाने की एक अनूठी पहल है।

चौथा दिल्ली ईवी फोरम दिल्ली ईवी पॉलिसी 2020 की अधिसूचना की दूसरी वर्षगांठ को भी रेखांकित करेगा। वर्ष 2022 में, दिल्ली में ईवी की बिक्री प्रतिमाह कुल नई बिक्री का औसतन 10 फीसद के करीब रही है, जबकि मार्च 2022 में बिक्री में 12.5 फीसद की उच्च दर देखी गई है।

यह 2019-20 के बाद एक तेज वृद्धि है, जबकि पहले कुल नए वाहन की बिक्री में ईवी का केवल 1.2 फीसद हिस्सेदारी थी। ईवी पॉलिसी के लागू होने के दो वर्षों के अनुभवों पर एक रिपोर्ट आयोजित होने वाले फोरम में प्रस्तुत की जाएगी और उस पर चर्चा की जाएगी। दिल्ली सरकार, दिल्ली को देश की ईवी राजधानी के रूप में पहचान दिलाने में योगदान देने वालों को 15 श्रेणियों में सम्मानित करने के लिए स्विच दिल्ली ईवी अवार्ड्स' भी प्रदान करेगी।

कैलाश गहलोत ने कहा कि ई वाहनों को अपनाने में दिल्ली देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभरना, विशेषज्ञों और उद्योग हितधारकों के साथ परामर्श व चर्चा करना भी अहम वजह है। सरकार ई-मोबिलिटी इकोसिस्टम को लगातार ईवी पॉलिसी में शामिल कर रही है।

# राष्ट्रमंडल खेल : मनोहर लाल ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

- हरियाणा भवन में वीडियो कांफ्रेसिंग से किया संवाद



हरियाणा भवन में वीडियो कांफ्रेसिंग से राष्ट्रमंडल खेल-2022 में भाग लेने वाले खिलाडियों से संवाद करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेल-2022 में भाग लेने वाले खिलाडियों का हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उत्साहवर्धन करते हुए अपने प्रदर्शन से देश व प्रदेश का नाम ऊंचा करने की अपील की।

नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल-2022 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से वार्ता करते हुए कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के खिलाडियों से सदैव अव्वल प्रदर्शन की आशा रखते हैं।

मुख्यमंत्री ने देश के मुक्केबाज खिलाडियों से संवाद किया। उल्लेखनीय है राष्ट्रमंडल खेल-2022 में भाग लेने वाले कुल 12 मुक्केबाज खिलाडियों में कुल 06 मुक्केबाज खिलाड़ी हरियाणा से हैं। मुख्यमंत्री ने खिलाडियों से कहा कि वे पूर्ण आत्मविश्वास,उत्साह व क्षमता के साथ प्रदर्शन करें। मुख्यमंत्री ने खिलाडियों को शुभ कामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी खिलाडी बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करेंगे।

मनोहर लाल ने कहा कि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में देश को प्राप्त होने वाले कुल पदकों में से एक तिहाई पदक हरियाणा के खिलाडी प्राप्त करते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में खेलों के लिए आधारभूत ढांचा को योजनाबद्ध रूप से विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल-2022 के हरियाणा के प्रतिभागी खिलाडियों को हरियाणा सरकार द्वारा 2.5 लाख रूपये प्रति खिलाडी तैयारी के लिए प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल खेल-2022 में हरियाणा प्रदेश के 40 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं,जिनमें 06 पैरा खिलाड़ी भी शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य और विशेष कार्याधिकारी (प्रचार) गजेंद्र फोगाट भी शामिल रहे।

### नीरज चोपड़ा को दी बधाई

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक पदक विजेता नीरज चोपडा को शुभकामनाएं व बधाइयां देते हुए कहा कि उन्होंने देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने नीरज चोपडा के माता-पिता को बधाई व शुभकामनाएं दीं। चाचा भीम सिंह से फोन पर बात कर शुभकामनाएं दी।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में पेटेंट कानूनों पर शुरू होगा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय पेटेंट कानूनों पर एक सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की योजना बना रहा है ताकि छात्रों को उनके अनुसंधान को साकार उत्पाद बनाने में मदद और उन्हें पेटेंट दाखिल करने के बारे में बुनियादी जानकारी मिल सके।

ऐसा पहली बार होगा जब इस तरह का पाठ्यक्रम किसी विश्वविद्यालय में कराया जाएगा। पेटेंट कानूनों को दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पत्र के एक भाग के रूप में पढ़ाया जाता है और विश्वविद्यालय में कुछ विज्ञान पाठ्यक्रमों में इस विषय पर एक अध्याय भी शामिल है।

पेटेंट कानूनों पर पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रम और अन्य तौर-तरीकों को तैयार करने को लेकर एक समिति का गठन किया है।

पेटेंट एक प्रकार की बौद्धिक संपदा है जो उसके स्वामी को किसी अन्य को वह आविष्कार करने, उपयोग करने या बेचने से रोकने का कानूनी अधिकार देता है।

# शपथ ग्रहण के चलते यातायात परिवर्तन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह के कारण सोमवार को लुटियंस दिल्ली में वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने की संभावना है। दिल्ली यातायात पुलिस ने रविवार को परामर्श जारी यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि यातायात के सुचारू संचालन के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शपथ ग्रहण समारोह 25 जुलाई को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में होगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यात्रियों को सोमवार सुबह 9 बजे से दोपहर तक कौटिल्य मार्ग, तीन मूर्ति मार्ग, तीन मूर्ति गोल चक्कर, अकबर रोड, गोल मेठी गोल चक्कर, कृष्णा मेनन मार्ग, विजय चौक, के. कामराज मार्ग की ओर जाने से बचने की सलाह दी है।

इसके अलावा सुनहरी मस्जिद गोल चक्कर, रफी मार्ग, रेल भवन गोल चक्कर, संसद मार्ग, इम्तियाज खान मार्ग, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड, पटेल चौक गोल चक्कर, रायसीना रोड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, मौलाना आजाद रोड और मोतीलाल नेहरू मार्ग भी बंद रहेंगे।

कार्मिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कुछ सरकारी कार्यालयों को भी आंशिक रूप से बंद करने का निर्देश दिया। उस दौरान नए संसद भवन का निर्माण कार्य भी रोक दिया जाएगा। आदेश के अनुसार सुरक्षा जांच के लिए सुबह छह बजे तक कुल 30 कार्यालयों को खाली करना आवश्यक है। यह कवायद समारोह समाप्त होने तक जारी रहेगी।

देश के अनुसार, जिन इमारतों को खाली कराया जाएगा उनमें साउथ ब्लॉक, नॉर्थ ब्लॉक, रेल भवन, कृषि भवन, शास्त्री भवन, संचार भवन, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) बिल्डिंग, सेना भवन, वायु भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन शामिल हैं। ये इमारतें सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक बंद रहेंगी।

# मंकीपॉक्स से निपटने में ज्यादा सावधानी बरते केजरीवाल सरकार : कांग्रेस

- कोविड -19 महामारी के दौर को न दोहराया जाए : चौ अनिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली सरकार को मांकीपॉक्स से निपटने में ज्याद सावधानी बरतने की सलाह दी है। क्योंकि कोविड-19 माहामारी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों को भरोसा दिया था कि घबराने की काई बात नहीं है। उन्होंने यह बात तब कही थी जब कोरोना महामारी फैल रही थी और लोग इस महामारी की मार से अनजान थे। केजरीवाल के झूठे आश्वासनों का खामियाजा जनता को भुगतने पड़ें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। दिल्ली सरकार को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए ताकि कोविड -19 महामारी के भयंकर दौर को न दोहराया जाए। कोरोना काल में सरकार की खराब योजना व देर से प्रतिक्रिया, निष्क्रियता के कारण चिकित्सा, ऑक्सीजन और अस्पताल में बेड्स की कमी की वजह से हजारों लोगों की जान चली गई। अनिल कुमार ने कहा कि चिंता की बात यह है कि दिल्ली में इस संक्रमित मरीज का यात्रा करने का कोई ब्यौरा नहीं है और ना ही यह पता है कि उस मरीज ने किसी को संक्रमित किया है या नहीं।

यह पता लगाना अति आवश्यक है कि क्या उसने अन्य लोगों को संक्रमित किया है या नहीं जाकि समय रहते उचित कदम उठाया जा सके।कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिन्हें स्वास्थ्य का प्रभार दिया गया है। वह भी कई अन्य विभागों के बोझ से दबे हुए हैं और भ्रष्टाचार में लिप्त है। केजरीवाल के पास कोई भी मंत्रायल नहीं वें सिर्फ अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने में लगे हुए है। उनके पास दिल्ली वालों के स्वास्थ्य के बारे में चिन्ता करने का समय ही नहीं है। जिसके चलते स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तहर से चरमराई हुई है।

# कोविड-19 के बाद पटरी पर लौट रहा चिकित्सा पर्यटन

- यात्रा प्रतिबंध हटाने से विदेशों से इलाज के लिए आ रहे मरीज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कोरोना महामारी के दौरान बाहरी देशों के लिए यात्रा प्रतिबंध हटाने के बाद से दूसरे देशों से भारत आकर इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने के साथ ही चिकित्सा पर्यटन (मेडिकल टूरिज्म) पटरी पर लौट रहा है। हालांकि कोरोना से पहले जैसी स्थिति होने में समय लगेगा।

युद्ध के दौरान घायल तीस वर्षीय इराकी नागरिक मोहसिन अली (बदला हुआ नाम) का राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में रीढ़ की हड्डी और अन्य घावों का इलाज चल रहा है। अली 2016 में घायल हुए थे और उनके देश के चिकित्सकों ने उनका इलाज करने से हाथ खड़े कर दिए थे। भारत की यात्रा पर प्रतिबंध हटाए जाने के बाद उन्होंने इस साल यहां अपना इलाज करवाया और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। भारत में विदेशी मरीजों के इलाज की सुविधा देने वाली एक स्वास्थ्य यात्रा कंपनी हेल्थट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ दानिश अहमद ने कहा कि कोविड के दौरान उड़ानें प्रतिबंधित होने के बाद से केवल 10 प्रतिशत मरीज ही देश के लिए उड़ान भरने में सक्षम थे। उन्होंने कहा कि कोविड की अवधि में उद्योग पर भी भारी असर पड़ा और कई कंपनियां या तो बंद हो गईं या उनकी अपनी जमा पूंजी खत्म हो गई। फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के समूह प्रमुख ऑपरेटिंग ऑफिसर अनिल विनायक ने कहा कि फोर्टिस अस्पतालों में प्रति माह लगभग 2,800 से 3,000 अंतरराष्ट्रीय मरीज आते हैं जो कुल राजस्व का 10 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा, महामारी के दौरान यात्रा पर लगे प्रतिबंधों के कारण व्यापार दस प्रतिशत तक गिर गया।

वर्तमान में 70-80 प्रतिशत चिकित्सा पर्यटन व्यवसाय पटरी पर लौट आया है, लेकिन इसे कोविड के पहले वाले स्तर के बराबर होने में अभी भी कुछ समय लगेगा।

अपोलो अस्पताल के समूह चिकित्सा निदेशक डॉ. अनुपम सिब्बल ने कहा कि समूह में बांग्लादेश, ओमान, म्यांमार, नेपाल और मॉरीशस, नाइजीरिया, केन्या, इथियोपिया, तंजानिया और अन्य अफ्रीकी देशों से मरीज आते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा से भी मरीज आते हैं, लेकिन इनकी संख्या कम है। द्वारका में आकाश हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष चौधरी ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की संख्या में 300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

उन्होंने कहा कि हालांकि, सऊदी अरब के मरीज़ ज्यादातर मुंबई जाते हैं। अफ्रीकी देशों के लोग हैदराबाद और चेन्नई जाते हैं। बांग्लादेश के लोग या तो कोलकाता जाते हैं या दिल्ली आते हैं। भारत में अफगानिस्तान से भी मरीज़ आते हैं, लेकिन उस देश में व्यवस्था बदलने के साथ ही मरीजों का आना बंद हो गया है। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी हील इन इंडिया पहल के तहत विदेशी मरीजों को देश में स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का खाका तैयार किया है।

# हमारे घरों से कूड़े के रूप में निकली पॉलीथीन होती है खतरनाक : गोयल

### सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ें और कपड़े के थैले उपयोग में लाएं

### पर्यावरण बचाने के लिए अब सभी को निभानी है जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-56 में कपड़े के थैले वितरित करते नवीन गोयल।

**रविवार** को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सेक्टर-56 स्थित रेल विहार आरडब्ल्यूए की टीम के साथ मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए गए। साथ ही पौधारोपण करने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए पॉलीथिन का इस्तेमाल न हो, इसके लिए हम सभी को लगातार काम करने की जरूरत है। हमें अपनी आदतों में पॉलीथिन के प्रयोग पर नियंत्रण लाना होगा। इसके स्थान पर कपड़े के थैले का इस्तेमाल शुरू करने का संकल्प लेना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने हरियाणा में इस मुहिम को एक मिशन बना दिया है। पार्टी का हर कार्यकर्ता इसमें अपनी आहुति दे रहा है।

उन्होंने कहा कि पॉलीथिन सैंकड़ों वर्षों तक भी गलती नहीं है। इसके कारण हमारा पर्यावरण तो खराब होता ही है, साथ में नाले, नालियां भी ब्लॉक हो जाते हैं। इनके ब्लॉक होने से ही बरसात के समय में ओवरफ्लो की समस्या आती है।

यानी हमारे घरों से कूड़े के रूप में बाहर निकलने वाली एक-एक पॉलिथीन हमें कई तरह से प्रभावित करती है। ऐसे में हमें इससे छुटकारा पाकर अपने भविष्य को सुखमय बनाना चाहिए। श्रीगोयल ने कहा कि अगर हर व्यक्ति अपने घर से भी पॉलिथीन का उपयोग ना करने की शुरुआत करता है तो पूरे देश से पॉलिथीन का उपयोग बंद हो जाएगा। इसकी पहल सबको कर देनी चाहिए। हालांकि बहुत से लोगों ने अब प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करना बंद कर दिया है। वे बधाई के पात्र हैं। ऐसे लोगों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

रेल विहार आरडब्ल्यूए के प्रधान डीडी शर्मा हम हर घर में कपड़े के थैलों को वितरित कराएंगे। यह समय की मांग है। हमारी आज की गल्तियों को आने वाली पीढ़ियां भुगतेंगी। अगर हमने आज सुधार कर लिया तो पीढ़ियों को हम स्वच्छ पर्यावरण, वातावरण दे सकेंगे।

कोरोना महामारी से हम सब रूबरू हुए हैं। इंसानों में ऑक्सीजन की कमी का सबसे बड़ा कारण यही रहा कि हमने पेड़ों की संख्या घटा दी है। इस अवसर पर सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के प्रधान हरीश यादव, सुरेश वशिष्ट, ओपी चोपड़ा, राकेश सेठी, नितिन, लोकेश नारंग, रवि शर्मा, ईशू वाल्मीकि, नेहा, राजेंद्र कुमार, पी. कसारिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने शत प्रतिशत अंक लाने वाली अंजलि को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शतप्रतिशत (100 फीसदी) अंक लाने वाली महेंद्रगढ़ की छात्रा अंजलि यादव को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में वीडियो कॉल से अंजलि से बात करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने होनहार छात्रा के लिए आगामी दो वर्षों की समयावधि तक प्रतिमाह 20 हजार रूपए छात्रवृति के रूप में दिए जाने की घोषणा की। बात करने के दौरान अंजलि ने भविष्य में एक चिकित्सक बनने की इच्छा व्यक्त की गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने होनहार छात्रा अंजलि यादव की माता को आश्वस्त किया कि उनकी पढाई के लिए राज्य सरकार द्वारा सभी संभव सहायता की जाएगी।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल सीबीएसई की 10वीं परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक लाने वाली अंजिल यादव से बात करते हुए।

## कार का शीशा तोड़कर एक लाख व लैपटॉप चोरी

**सोहना।** शहर की बाइक एजेंसी के बार खड़ी कार का शीशा तोड़कर बैग चोरी हो गया। बैग में एक लाख रुपये नकद तथा एक लैपटॉप था। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। फरीदाबाद के सेक्टर 10 निवासी अनुप ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह सोहना गुरुग्राम मार्ग पर बाइक की एजेंसी पर आया था। वह बाइक देखने के लिए एजेंसी में चला गया। अपनी कार को एजेंसी के बार सड़क किनारे खड़ा कर दिया। कुछ समय के बाद वह जब कार पर वापस आया तो एक शीशा टूटा हुआ नजर आया।

## संक्षिप्त समाचार



नई दिल्ली में हरियाणा भवन में रविवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करते हुए विधायक कुलदीप बिश्नोई।

### अमृत महोत्सव पर हर घर पर लहराएगा तिरंगा : विरेन्द्र यादव

**गुरुग्राम।** भाजपा किसान मोर्चा गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र यादव चेयरमैन की अध्यक्षता में, गुरुग्राम भाजपा जिला कार्यालय, गुरु कमल में, किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में सभी जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं उनके महामंत्री उपस्थित रहे। विरेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में सुखविंदर सिंह मांडी प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा के दिशा निर्देश पर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे। विरेन्द्र यादव चेयरमैन जिला अध्यक्ष ने आदिवासी समाज से पहली महिला राष्ट्रपति पद पर चुनकर आई श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की जीत पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। पहली बार किसान परिवार में जन्में एक किसान के बेटे जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का धन्यवाद व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष ने बताया देश के इतिहास में पहली बार एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुई है। यह मोदी सरकार में ही संभव है। मोदी सरकार किसान, मजदूर, दलित, शोषित समाज से आने वाले लोगों के लिए समर्पित है। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष, दिनेश यादव, गजराज सिंह जिला मीडिया प्रमुख सतीश कुमार सिंह जिला सोशल मीडिया प्रमुख नवीन यादव, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ललित सचिव सतपाल राघव, अमरचंद पवार, केशव कुमार, मंडल अध्यक्ष मनोज तंवर, अशोक चौधरी, मनोज बोहरा, विनोद यादव, बनवारी लाल, आईटी सेल प्रमुख अमीयू कुमार, पप्पू कुमार साह और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



तिरंगा लहराने को लेकर बैठक में चेयरमैन विरेंद्र यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### युवक से एटीएम बदलकर 38 हजार रुपये निकाले

**सोहना।** एटीएम पर युवक का कार्ड बदल बदमाश ने 38 हजार रुपये खाते से निकाल लिए। पीड़ित युवक ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ शहर थाना में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी में रहने वाला आकाश पुत्र विजय कुमार ने बताया कि वह शनिवार को बस स्टैंड के सामने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम पर नकदी निकालने के लिए गया था। उसने एटीएम से दो हजार रुपये निकाल लिए। तभी उसके पीछे खड़ा बदमाश ने उसका गुप्त कोड देख लिया। जैसे ही वह नकदी लेकर चलने लगा। बदमाश ने उसे फिर से कार्ड लगाने को कहा। जैसे ही उसने दोबारा कार्ड लगाया। बदमाश ने उसका कार्ड लेकर अपने हाथों से लगाने की कहते हुए कार्ड को बदल दिया। वह एटीएम से मात्र 500 मीटर दूर ही चला था। उसके मोबाइल पर दो बार में 38 हजार रुपये निकाले जाने के संदेश आए। वह तुरन्त उसी एटीएम पर पहुंचा, लेकिन वह बदमाश वहां पर नजर नहीं आया।

### पालिका कर्मचारी ने मनोनीत पार्षद पर लगाया मारपीट का आरोप

**तावडू।** शहर के नगर पालिका कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी ने मनोनीत पार्षद पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शहर थाना पुलिस ने आरोपी पार्षद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, वहीं आरोपी मनोनीत पार्षद ने मारपीट के आरोपों को निराधार बताया है। नगर पालिका कर्मचारी नीरज यादव ने बताया कि गत शुक्रवार दोपहर 12.15 बजे के करीब वह कार्यालय परिसर में बैठे हुए थे, तभी मनोनीत पार्षद कृष्ण सहरावत मौके पर आए। जिन्होंने आते ही उन्हें गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान पार्षद ने उनका गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गए। थोड़ी देर बाद होश आया तो पार्षद ने उन्हें दोबारा मारने का प्रयास किया, लेकिन शोर शराबा होने पर वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह उन्हें बचा लिया। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कर्मचारी के साथ मारपीट से गुस्साए अन्य नगरपालिका कर्मचारियों ने आरोपी की जल्द से जल्द पुलिस प्रशासन से गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं आरोपी मनोनीत पार्षद कृष्ण सेहरावत का कहना है कि शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह के बारे में कर्मचारी ने अपशब्द कहे थे, जिसका उन्होंने विरोध जताया तो कहासुनी हो गई। मारपीट करने के आरोप निराधार हैं।

# राष्ट्रीय महिला आयोग हरियाणा के सभी जिलों तक पहुंचेगी: रेखा शर्मा



नई दिल्ली में हरियाणा भवन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करतीं राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि आयोग हरियाणा राज्य महिला आयोग के साथ मिलकर राज्य के सभी जिलों में महिलाओं तक पहुंच बनाएगी।

नई दिल्ली के हरियाणा भवन में रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर के साथ मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा राज्य सरकार की ओर से आयोग को हर संभव सहयोग किए जाने के प्रति आश्वस्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा ऐसा प्रथम राज्य होगा जहां राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा राज्य महिला आयोग के साथ मिलकर सभी जिलों में महिलाओं तक पहुंच बनाई जाएगी। आयोग द्वारा जिलों में महिलाओं से संपर्क के दौरान यह भी अवलोकन किया जाएगा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उद्यमिता व कौशल विकास के लिए और बेहतर योजनाएं बन सकें।

रेखा शर्मा ने कहा कि हरियाणा ने कन्या भ्रूण हत्या को नियंत्रित कर असंतुलित लिंगानुपात को संतुलित कर उल्लेखनीय व प्रशंसनीय कार्य किया है। हरियाणा में महिला सशक्तिकरण के लिए बेहतर कार्य किया गया है।

हरियाणा की महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों-शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति में बहतर उपस्थिति दर्ज करवाई जा रही हैं।

# मंत्री डॉ कमल गुप्ता के साथ सरपंच सुंदर लाल की पंचायत व निगम चुनावों पर हुई चर्चा

### हिसार के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में दोनों की मुलाकात हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



हरियाणा के निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता को सम्मान स्वरूप पौधा भेंट करते सुंदर लाल यादव।

**भाजपा** जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल सरपंच ने हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के साथ मुलाकात की। इस दौरान पंचायती राज चुनावों और नगर निगम के चुनावों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने इन चुनावों की अभी से तैयारियों में जुट जाने के लिए प्रेरित किया।

सरपंच सुंदर लाल ने हिसार के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से भेंट की। सम्मान स्वरूप पौधा मंत्री को भेंट किया। इस दौरान उनके साथ राजेश कुमार, नरेश सिंघल, धर्मबीर यादव, पंकज यादव, पवन यादव, अभिषेक सिंघल समेत अनेक गणमान्य साथी उपस्थित रहे। मंत्री डा. कमल गुप्ता ने सरपंच सुंदर लाल यादव को पंचायती राज प्रकोष्ठ के माध्यम से मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि हम सब एक ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जिनकी जड़ों में देशभक्ति है। अपने वरिष्ठ नेताओं से देश, समाजसेवा करनी हम सबने सीखी है। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से उन्होंने आग्रह किया कि वे वरिष्ठ नेताओं की कार्यशैली का अनुसरण करें।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने मंत्री डा. कमल गुप्ता को विश्वास दिलाया कि पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी में हित में कार्यरत है। उन्होंने मंत्री को गुरुग्राम में पंचायती राज प्रकोष्ठ की गतिविधियों से अवगत कराया। सुंदर लाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करके आगामी चुनावों के लिए ना केवल जनता की नब्ज टटोल रहे हैं, बल्कि जनता को भाजपा की नीतियों के अवगत कराकर उन्हें भविष्य में होने वाले चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को ही विजय दिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मानेसर नगर निगम व गुरुग्राम नगर निगम के चुनावों के साथ पंचायती राज चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर प्रकोष्ठ जनता के बीच कार्यों को प्रचारित कर रहा है। भविष्य में होने वाले निगम व पंचायत चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है।

# शिविर में 206 निरंकारी श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



संत निरंकारी मिशन की ओर से लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान करते श्रद्धालु।

**संत** निरंकारी मिशन ने रविवार को स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 206 निरंकारी भक्तों ने स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में संत निरंकारी मंडल दिल्ली से वित्त विभाग के मेंबर इंचार्ज जोगिंदर मनचन्दा ने किया। उनके साथ मेडिकल सर्विस कोऑर्डिनेटर डॉक्टर नरेश अरोड़ा एवं संयोजक एमसी नागपाल भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा दिए गए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद के बाद रक्तदान प्रारंभ हुआ। उन्होंने रक्तदान करने वालों को धन्यवाद दिया। मिशन के भक्तों द्वारा रक्तदान करके निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के कथन कि रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं का व्यवहारिक रूप से पालन हो रहा है। रक्तदान के इस अवसर पर रक्तदाताओं में बहुत उत्साह था और महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में 295 रक्तदाता का पंजीकरण किया गया, जिसमें से 206 यूनिट रक्त ही लिया जा सका। इसमें 130 यूनिट ब्लड रेडक्रॉस सोसाइटी दिल्ली तथा 76 यूनिट ब्लड सिविल अस्पताल ब्लड बैंक द्वारा लिया गया।

अतिथियों ने रक्तदान शिविर में सम्मिलित होने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया एवं जनकल्याण के लिए की गई उनकी सच्ची सेवा की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूसरे का बने सहारा। एमसी नागपाल, संयोजक गुरुग्राम द्वारा रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों सहित डॉक्टर एवं उनकी टीम का तथा रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। संचालक कुलदीप एवं शिक्षक पुष्पेंद्र की देखरेख में सेवादल के भाई-बहनों ने अपनी-अपनी सेवाएं की।

# अच्छी खबर : सोहना की सड़कों से मौत का सौदागर बने डंपर हुए गायब

### काश, पुलिस हमेशा से इतनी मुस्तैद रहती को तो उसको अपने डीएसपी को न खोना पड़ता

### डंपरों के गायब होने से बाइक व अन्य वाहन चालक राहत महसूस कर रहे

**एन. रोहिल्ला।** सोहना



तावडू मार्ग पर दौड़ने वाले डंपर की जांच को लगे नाके पर तैनात कर्मी।

**जिला** नूंह के तावडू थाने का गांव पंचगाव में हरियाणा पुलिस के डीएसपी सुरेन्द्र सिंह हत्याकांड के बाद से पुलिस की सतर्कता काफी बढ़ गई है। मेवात पुलिस के साथ-साथ पड़ोसी जिलों की पुलिस ने जगह-जगह जांच को नाके बना दिए हैं। इससे न केवल खनन माफिया बल्कि बिना दस्तावेजों के चलने वाले चालकों पर अंकुश लगा है। काश पुलिस हमेशा से इतनी मुस्तैद रहती को तो उसको अपने अधिकारी को खोना न पड़ता। इसी क्रम में सोहना व आसपास की सड़कों पर पिछले चार दिनों से बेलगाम दौड़ने वाले डंपर नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों से डंपर नदारद होने से अन्य वाहन चालक बिना किसी डर के चल रहे हैं।

जिला नूंह के तावडू थाने का गांव पंचगाव में हरियाणा पुलिस के डीएसपी सुरेन्द्र सिंह हत्याकांड के बाद से सोहना व आसपास की सड़कों पर दौड़ने वाले डंपर पिछले चार दिनों से नजर नहीं आ रहे है। डंपरों के सड़कों पर न आने से दोपहिया से लेकर अन्य बडे वाहन सुकून से अपना सफ र कर रहे है। बीते चार दिन में क्षेत्र की सड़कों पर किसी प्रकार का हादसा भी नहीं हुआ है। जिससे क्षेत्रवासी अमन और चैन भरा सफर कर रहे है।

**रात में सड़कों पर पसरने लगा सन्नाटा :** क्षेत्र की सड़कों पर दिन के अलावा रात के समय में भी वाहनों की लंबी लाइन नजर नहीं आती है। जिसका कारण रात आठ बजे के बाद क्षेत्र की सड़कों पर हाइवा डंपरों का आतंक छा जाता था, लेकिन बीते तीन दिनों से रात के समय में भी क्षेत्र की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। शहरवासी बिना भय के सड़कों को पार कर रहे हैं।

**मालिकों ने राजस्थान और यूपी भेजे डंपर :** सोहना से तावडू, नूंह, गुरुग्राम, पलवल-बल्लभगढ़ आदि शहरों को जाने वाली सड़कों पर पुलिस नाकों में इजाफा किया गया है।

पुलिस की बढ़ती गश्त और जांच पड़ताल से चोरी के पत्थरों से भर चलने वाले डंपर सड़कों की छोड़ गए है। जानकारी के अनुसार मालिकों ने डंपरों को राजस्थान और उत्तर प्रदेश अपनी रिश्तेदारों के यहां भेज दिए है।

> **ऐसा कहते हैं नागरिक**
>
> **शहर** निवासी नरेन्द्र का कहना है कि वह भिवाड़ी राजस्थान की कंपनी में नौकरी करता है। रात 10 बजे के बाद वह रोजाना अपने घर आता है। उसे पिछली रात से तावडू-सोहना मार्ग पर डंपर नहीं मिलते है। जबकि इससे पहले वह इस मार्ग पर जान हथेली पर रखकर अपने घर पहुंचता था।

# एथलीट डॉ. सोना यादव व चित्रकार हिमांशी शर्मा का किया सम्मान

### ऊषा प्रियदर्शनी ने कहा, सभी को मिलकर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए करना होगा कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के राजीव नगर में भगवान परशुराम परामर्श केंद्र में एथलीट डा. सोना यादव व चित्रकार हिमांशी शर्मा को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

**शिक्षिका** एवं राज्य स्तर की एथलीट डॉ. सोना यादव व राष्ट्रीय स्तर की चित्रकार हिमांशी शर्मा का यहां भगवान परशुराम परामर्श केंद्र में स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की वरिष्ठ नेता उषा प्रियदर्शनी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुड़गांव विकास मंच की अध्यक्ष अलीशा तोमर ने की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता राज चौहान, कल्याण सिंह शर्मा पूर्व आईआरएस, समाजसेवी राजकुमार त्यागी मौजूद थे। भाजपा की वरिष्ठ नेता उषा प्रियदर्शनी ने कहा कि सभी सामाजिक संस्थाओं को मिलकर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कार्य करना चाहिए। यह जातिगत संस्था होने के बावजूद भी आमजन के लिए कार्य कर रही है। गुड़गांव विकास मंच अध्यक्ष अलीशा तोमर ने कहा कि जनहित के कार्य गुड़गांव विकास मंच कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि मेरी टीम लगातार गुड़गांव शहर को नंबर वन बनाने में लगी हुई हैं। इसके लिए हमने कई सामाजिक संस्थाओं से सहयोग लिया है। जो हमें समय-समय पर मार्गदर्शन देते रहेंगी। हमारी संस्था राजनीति से दूर होकर सभी अच्छे कार्य कर रही है। कार्यक्रम के आयोजक अजय शर्मा ने कहा कि आज हमने यह बैठक हमारे गुड़गांव के दो गौरव डॉ. सोना यादव एथलीट ने बड़ौदा में पांच किलोमीटर दौड़ में मेडल प्राप्त किया है। उनका हमने स्वागत किया है।

दूसरी हमारी गुड़गांव की गौरव राष्ट्रीय चित्रकार हिमांशी शर्मा जो कि देश की जानी-मानी चित्रकार हैं। उन्होंने मिजोरम के गवर्नर से एक लाख रुपये का हाल ही में ईनाम प्राप्त किया है। आज हमने उनका स्वागत किया है। चित्रकार हिमांशी शर्मा को नकद ईनाम 2100 रुपये भी संस्था की तरफ से दिए गए हैं। विशिष्ट अतिथि कल्याण सिंह शर्मा ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य जीवन अधूरा है। हमें शिक्षित होना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर सभी सम्मानित साथियों को मेडिकल किट दी गई है। साथ ही शपथ दिलाई गई है कि हम प्लास्टिक का बहिष्कार करेंगे। पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएंगे। इस अवसर पर वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गगनदीप चौहान, अहीर रेजीमेंट दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनु अहीर, लायंस क्लब के चेयरमैन दीपक कटारिया एडवोकेट, बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव कमलजीत कटारिया समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# जागरुकता से छह महीने में 5227 टीबी मरीजों की हुई पहचान

कविता। फरीदाबाद

**टीबी** हारेगा, देश जीतेगा का नारा देते हुए डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि प्रदेश को क्षयरोग से मुक्त वर्ष 2025 तक करवाना है। जिसे देखते हुए विभाग द्वारा अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम और क्षयरोगियों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में जनवरी से जून 2022 तक कुल 5227 क्षयरोगियों की पहचान की गई है। जिसमें एमडीआर के 84 मरीज शामिल है। वहीं 5227 मरीजों में से

## जिले में फिलहाल एमडीआर के 84 मरीजः डॉ. भगत

3759 मरीजों का इलाज सरकारी क्षयरोग केन्द्रों से और 1468 मरीजों का इलाज निजी अस्पतालों से चल रहा है।

**ऐसे फैलता है रोग :** डॉ. शीला भगत ने बताया कि टीबी (क्षयरोग) संक्रमण की बीमारी है। जो एक मरीज से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। भारत में टीबी के लक्षण उन लोगों



में ज्यादा पाए जाते हैं जो धूम्रपान करते हैं या मधुमेह या किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं। टीबी में सामान्य तौर पर फेफड़े ज्यादा संक्रमित होते हैं। टीबी शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है। यह दिमाग, पेट और बच्चेदानी में



डॉ. शीला भगत।

भी हो सकती है। दिमाग और फेफड़ों में होने वाली टीबी ज्यादा गंभीर होती है। क्योंकि इसमें रोगी की जान जाने की आशंका ज्यादा बढ़ जाती है।

**यह है उपचार :** डॉ. शीला भगत ने बताया कि सरकार ने टीबी के मरीजों के लिए 6 से 9 महीने का उपचार तय किया है। यह निर्भर करता है कि किस हिस्से में व्यक्ति को टीबी है।

अगर फेफड़ों में टीबी पाई जाती है तो मरीज को 6 महीने का उपचार दिया जाता है। अगर टीबी दिमाग या रीढ़ की हड्डी में आ जाये तो 9-12 महीने के उपचार की सलाह दी जाती है। नियमों का सही ढंग से पालन करने पर स्वस्थ होने की सम्भावना 95 फीसदी से ज्यादा बढ़ जाती है। उपचार बीच में छोड़ने पर टीबी बिगड़ कर 'मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट' (एमडीआर) टीबी बन जाता है।

**ऐसे करें बचाव :** डॉ. भगत ने बताया कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाये रखें। धूम्रपान एवं शराब के सेवन से बचें। शूगर को नियंत्रित रखें। किडनी की समस्या होने पर विशेषज्ञ से मिलें। अगर दो हफ्ते से ज्यादा बुखार, खांसी है या बिना वजह शरीर का वजन कम हो रहा है तो टीबी की जांच अवश्य कराएं।

# शहर में चल रहे सड़क निर्माण और पेयजल परियोजनाओं का निरीक्षण

## सीईओ एफएमडीए ने शहर में सड़क निर्माण परियोजनाओं में तेजी लाने और जल आपूर्ति क्षमता में वृद्धि करने के दिशा-निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने शनिवार को शहर में चल रही तीन सड़क निर्माण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। एफएमडीए के अधिकारियों को बड़े पैमाने पर जनता को लाभ पहुंचाने के लिए काम के दायरे को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

सीईओ एफएमडीए सुधीर राजपाल ने बताया कि वर्तमान में धर्मा ढाबा से कोर्ट रोड, दिल्ली-आगरा रोड से फरीदाबाद बाईपास और मुख्य सेक्टर 15/16 डिवाइडिंग रोड पर सीमेंट कंक्रीट की सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। जो कि पूरा हो जाने पर फरीदाबाद और ग्रेटर फरीदाबाद के बीच प्रमुख यातायात की आवाजाही को आसान बनाएगी और



सेक्टर-25 के बूस्टिंग स्टेशन का निरक्षण करते एफएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल व अन्य अधिकारी।

नियमित रूप से इस मार्ग पर यात्रा करने वाले शहर के यात्रियों को काफी राहत प्रदान करेगी।

सीईओ सुधीर राजपाल ने कहा कि हम फरीदाबाद में बेहतर यातायात प्रवाह, सड़क सुरक्षा और अधिक भौगोलिक क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार के लिए सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में काम कर रहे हैं। परियोजना की समय पर डिलीवरी और गुणवत्ता नियंत्रण महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण भी उन्नत तकनीकों और प्रणालियों की खोज कर रहा है जैसे कि अपोलो द्वारा स्लिपफॉर्म सेंसर कंक्रीट पेवर्स, जो फरीदाबाद के लोगों के लिए नवनिर्मित सड़कों की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक बार में 7 मीटर चौड़ी कंक्रीट सड़क बिछा सकता है।

सुधीर राजपाल ने सड़क निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने के अलावा सेक्टर-25 में नगर निगम फरीदाबाद के जलापूर्ति बूस्टिंग स्टेशन का भी दौरा किया। इस प्लांट की क्षमता एक करोड़ लीटर थी जो इसकी संरचना का एक तिहाई हिसा अतीत में ढहने के कारण घटकर 66 लाख लीटर रह गई। सुधीर राजपाल ने एफएमडीए के मुख्य अभियंता को भूमिगत जल भंडारण टैंक के क्षतिग्रस्त हिस्से का पुनर्निर्माण करने का निर्देश दिया, जिसकी क्षमता 33 लाख लीटर है। टैंक को एफएमडीए द्वारा बहाल किया जाएगा और इसे संचालन के लिए फरीदाबाद नगर निगम को वापस सौंप दिया जाएगा। राजपाल ने कहा कि हम अगले गर्मी के मौसम से पहले बल्लभगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में ताजे पानी की आपूर्ति की क्षमता मौजूदा 66 लाख लीटर से बढ़ाकर एक करोड़ लीटर करने करने के लिए जल्द ही इस पर काम शुरू करेंगे।

फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने आगे बताया कि इस वर्ष मई में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित एफएमडीए की तीसरी बैठक में एफएमडीए कार्यालय स्थापित करने के लिए नए परिसर की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई थी। इस संबंध में सेक्टर-12, फरीदाबाद में पहचाने गए छह एससीओ का नवीनीकरण और रीमॉडेलिंग का कार्य किया जाएगा जिससे कि फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के कार्यालय को सेक्टर-69, फरीदाबाद स्थित एचएसआईआईडीसी भवन से सेक्टर-12 में बनाए जा रहे नए कार्यालय स्थान में स्थानांतरित किया जा सके।

# मजदूरी मांगने पर ढोल वादक की पीटकर हत्या





मृतक युवक के शोकाकुल परिजन व अन्य लोग। मृतक अर्जुन की फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की चावला कालोनी में ढोल बजाने वाले एक युवक को अपने साथी ढोल वादक से अपनी 300 रुपये मजदूरी मांगना काफी महंगा पड़ गया। इस बात को लेकर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की जमकर पिटाई करनी शुरू की। आरोप है कि आरोपी उसे तब तक पीटते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने शव को ले जाकर आगरा नहर पर फेंक दिया।

उधर युवक के घर न लौटने पर परिजनों ने बीती शाम उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रविवार सुबह शव मिलने पर परिजनों ने मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त कर दी। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय अर्जुन बल्लभगढ़ की चावला कालोनी में परिवार के साथ रहता है। परिवार के गुजारे के लिए वह शादी और अन्य समारोह में ढोल बजाने का काम करता था। बताया गया है कि अर्जुन इसी कालोनी में रहने वाले एक व्यक्ति की ढोल पार्टी में ढोल बजाने का काम करता था। पिछले दिनों किसी समारोह में ढोल बजाने के बाद अर्जुन की मजदूरी के तीन सौ रुपये उस ढोल पार्टी के संचालक के पास रह गए थे।

शनिवार की शाम को अर्जुन संचालक से अपने 300 रुपये मांगने के लिए घर से निकला था। अर्जुन द्वारा पैसे मांगने पर आरोपी बुरी तरह भड़क गया। जिसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अर्जुन के साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। उधर अर्जुन के घर न पहुंचने पर उसकी मां तलाश के लिए घर से निकली। तभी उन्हें किसी ने बताया कि अर्जुन का कुछ लोगों के साथ झगड़ा हो रहा था। अर्जुन की मौके पर पहुंची तो वहां वह नहीं मिला। तलाश के बाद पता न चलने पर महिला ने थाने में जाकर अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। उधर सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आगरा नहर में एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

# पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरुक



सेक्टर-14 में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक करते चौकी प्रभारी सुरेन्द्र कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर 14 प्रभारी सुरेंद्र कुमार व उनकी टीम के साथ मिलकर थानाक्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ एक बैठक आयोजित करके वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनके भरण-पोषण तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में उन्हें जानकारी दी।

इस सम्मेलन में पुलिस टीम के साथ समाज के गणमान्य व्यक्ति जिसमें सीएल कुंडू, जगजीत फोगाट रामप्रकाश, एससी जुनेजा, जेपी चौधरी, वीपी बढाना, बलवान सिंह, नरेंद्र, सतीश, इंद्रपाल सहित वरिष्ठ नागरिकों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 14 में स्थित पार्क में आयोजित मीटिंग में वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी ने नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरुक किया। बताया कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए पांच सदस्य कमेटी गठित की गई है। जिसमें दो पुलिस अधिकारी तथा तीन अन्य नागरिकों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को डीएसएलए द्वारा कानूनी सलाह मुफ्त में उपलब्ध करवाई जाती है और यह इसका तरीका बहुत ही आसान और सुविधाजनक है।

# काम न करने वाले कर्मचारी जाने की तैयारी करें : विधायक नागर

## विधायक राजेश नागर ने सेक्टर-37 में समस्याएं सुन अधिकारियों को लगाई फटकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिगांव** के भाजपा विधायक राजेश नागर ने सेक्टर-37 में लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर ही उनका निदान देने का प्रयास किया। इस अवसर पर अशोका एन्कलेव पार्ट-2 के लोग भी मौजूद थे।

स्थानीय लोगों ने विधायक राजेश नागर को बताया कि उनके क्षेत्र में सफाई का काम बिल्कुल ठप पड़ा है। जिसके कारण उनके यहां बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में 78 सफाई कर्मचारी बताए जाते हैं, लेकिन केवल दो ही काम पर आते हैं। जिस



सेक्टर-37 में लोगों की समस्याओं को सुनते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

पर विधायक मौके पर सफाई कर्मचारियों के चौधरी को बुलाकर पूछा कि कहां पर हैं 78 कर्मचारी। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाएं वर्ना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने विधायक को बताया कि उनके क्षेत्र का जेई उनकी नहीं सुनता और न ही उनके कॉल्स को रिसीव करता है। जिस पर नागर ने एक्सईएन नितिन कादियान से सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि उन्हें काम करने वाले लोग चाहिए। जिसे काम नहीं करना है तो वो जाने की तैयारी करें। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवर और सफाई बड़ी समस्याएं हैं जिन्हें ठीक करवाया जाए। जिसके लिए नागर ने मौके पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। जनता ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने ऐसा विधायक चुना है जो मौके पर, उनके घर पर आकर समस्याएं सुनता है और उनका निराकरण भी देता है। स्थानीय लोगों ने विधायक का यहां पहुंचने पर स्वागत किया और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए धन्यवाद भी किया।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर निकालेंगे साइकिल यात्रा

**फरीदाबाद।** 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर जिला प्रशासन कार फ्री डे पर साइकिल यात्रा करके बुधवार को फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर लोगों को प्रेरित करके जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। देश शान हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर तथा इमारत पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। फरीदाबाद में सात लाख घरों और एक लाख अन्य सभी प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहरायेगा। यह बात जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कही।

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में देश में स्वतंत्रता 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिला में लोगों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएसआर के जरिए राष्ट्रीय ध्वजों की व्यवस्था की जाएगी।

# छोटी पंचायत में अधिक पार्षद जिताने का काम करें : दुष्यंत

## दस लाख रुपये तक की लागत से डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का काम करेंगे : चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश के लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आज बल्लभगढ़ हल्का अध्यक्ष दीपक चौधरी द्वारा आयोजित जननायक सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने कहा कि जो मेहनत बल्लबगढ़ की है इसका नतीजा है कि आज संगठन पहले से मजबूत हुआ है और नए साथियों को जोड़ने में कामयाब हुआ है। उन्होंने कहां की जननायक जनता पार्टी ग्रामीण पार्टी ना होकर शहरी क्षेत्र में मजबूत होने का काम दिन प्रतिदिन कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर जन समस्याओं का निवारण जनप्रतिनिधि समय पर करते रहे तो संगठन और ज्यादा मजबूत होता है। कार्यक्रम के आयोजक दीपक



बल्लभगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते उप मुख्य मंत्री दुष्यत चैटाला।

चौधरी की पीठ थपथपाते हुए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने दीपक चौधरी को दी है वह उसे बखूबी निभा रहे हैं और पार्टी एक यूनिट की तरह जिले में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारी गरीब कमरे के लिए अंतिम छोर तक मूलभूत सुविधा देने का काम जननायक जनता पार्टी कर रही है। फरीदाबाद जिले के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि कोरोना कॉल में किए गए टेंडरों को फिर से टेंडर करने का काम किया है। जिससे शहर की सड़कों को बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद क्षेत्र में ग्रीवेंस की बैठकों में पहुंचने पर मुझे सबसे ज्यादा सीवर की समस्याओं से अवगत कराया जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि उत्तर प्रदेश के जिला वन अधिकारी द्वारा एसटीपी प्लांट तक पाइप लाइन बिछाने की एनओसी नहीं मिल रही है।

# रोटरी क्लब ने महिलाओं को किया जागरुक

**फरीदाबाद।** रोटरी फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा की अध्यक्षता और रोटेरियन वीरेंद्र मखीजा के मार्गदर्शन में रोटरी महिला स्वच्छता अभियान की संयोजक रोटेरियन गुरनीत चावला ने अपनी टीम के साथ 450 सेनेटरी नेपकिन (पैड) फ्री बांटे।

कार्यक्रम का आयोजन पंडित अमरनाथ स्कूल एसी नगर फरीदाबाद में किया। स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका वानखेड़े ने रोटरी क्लब की सभी महिला शक्ति का बुक्का देकर सम्मानित किया। गुरनीत चावला ने बताया की झुग्गियों में रहने वाली महिलाओं को व स्कूल की बच्चियों को पैड लगाने के लिए जागरूक किया, क्योंकि महिलाएं अपनी सफाई का ध्यान रखेगी तो वह स्वस्थ रहेगी। कई प्रकार की बीमारियों से भी बचा जायेगा। कमलेश सचदेवा और चारु गुप्ता ने बताया की आज महिलाओ में जागरूकता के अभाव में कैंसर और आंतरिक बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए गरीब महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी हमारा क्लब दे रहा है।

# दिल्ली का मंकी पॉक्स मरीज बना अफसरों के गले की फांस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिल्ली** में मंकी पॉक्स का पहला मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। जिले के सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत निजी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों को पहले ही जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं। अब एक बार फिर से सतर्क रहने के निर्देश निजी अस्पतालों को दिए गए हैं। निजी अस्पतालों को कहा गया है कि मंकी पॉक्स का लक्षण वाला कोई मरीज आता है, तो उसके बारे में तुरंत स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दें।

जानकारी के मुताबिक जिले में कोरोना संक्रमण फिलहाल थोड़ा नियंत्रण में था। लेकिन रविवार को जिले में 42 नए कोरोना संक्रमित सामने आए। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 18 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। लेकिन जिले में एक बार फिर सामने आए 42 रोगियों से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 307 पर पहुंच गया। जिसमें पांच अस्पताल में भर्ती और 302 होम आईसोलेशन है। लेकिन अब देश में मंकी पॉक्स के मामले सामने आने बाद स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ गई हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों को निर्देश जारी करने साथ ही विदेश से लौट रहे लोगों के लिए भी हिदायतें जारी की हैं।

अगर विदश से लौटने वाले किसी व्यक्ति के शरीर पर चेचक की तरह छाले दिखाई देते हैं, तो वह इसकी जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। उसका सैंपल पुणे स्थित नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने तक मरीज को परिवार के अन्य सदस्यों से अलग रहना होगा। जिले में फिलहाल मंकी पॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है और न ही इसके लक्षण वाले मरीज मिले हैं। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ रामभगत ने बताया कि मंकी पॉक्स के लक्षण 5वें दिन से 21वें दिन तक आ सकते हैं। इसके शुरूआती लक्षण फ्लू जैसे होते हैं, जिसमें बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, कमर दर्द, थकान आदि शामिल हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## मेगा इवेंट के तहत नाटक बालीगंज 1990 का हुआ मंचन



**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में आयोजित हो रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट के तहत शनिवार शाम को नाटक बालीगंज 1990 का मंचन किया गया। नाटक में एक अधूरी प्रेम कहानी, रहस्य व नफरत को बड़े ही अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया। संभार्य फाउंडेशन, सर्वोदय फाउंडेशन व नगर निगम फरीदाबाद मिलकर जुनेजा फाउंडेशन व एफआईए के सहयोग से फरीदाबाद में नया भारत मैं हूं भारत नाम से 75 दिवसीय मेगा इवेंट आयोजित कर रहे हैं। इस इवेंट के तहत शनिवार रात को सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में नाटक बालीगंज 1990 का मंचन किया गया। नाटक का लेखान व निर्देशन अतुल सत्य कौशिक ने किया, जबकि इसमें बॉलीबुड अभिनेता अनुप सोनी व प्रियंका शर्मा ने अभिनय किया। नाटक में प्रेम व रहस्य का अनोखा समावेश देखने को मिला। इसमें कार्तिक व वासुकी की कहानी दिखाई गई, जिसमें प्रेम था। कार्तिक नौकरी की तलाश में शहर चला जाता है और वासुकी का परिवार उसकी शादी किसी और से कर देता है। 4 साल बाद कार्तिक की मुलाकात वसुकी से उसके घर पर होती है। वासुकी के मन में कार्तिक के प्रति एक ऐसा भाव जगा दिया जिसमें प्यार भी था और नफरत भी थी। दोनों में पुरानी यादों को लेकर बातें होती हैं और जैसे-जैसे नाटक आगे बढ़ता है नए-नए रहस्य खुलते हैं। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि यह मेगा इवेंट 15 अगस्त तक चलेगा, जिसके चलते हर वीकेंड पर नाटक आयोजित किए जा रहे हैं। इस वीकेंड पर हुए नाटकों के आयोजन में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरीटेज व रेटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अर्थ का पूरा सहयोग मिला। मौके पर सर्वोदय अस्पताल के चेयरमैन राकेश गुप्ता, अंशु गुप्ता, अजय जुनेजा, जगत मदान, अतुल सहगल, पल्लवी अग्रवाल, अनूप, अजय यादव आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव डीग में किया पौधारोपण



**फरीदाबाद।** मानव उत्थान सेवा समिति के संयोजक सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति ने गांव डीग आश्रम पर पौधारोपण किया गया। महात्मा ध्वजानंद विजेता बाई ने कहा कि हमारे जीवन के लिए वृक्ष बहुत ज्यादा जरूरी हैं। सभी जानते हैं कि यह हमें ऑक्सीजन देते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं। हमें पौधे लगाकर उनको भूलना नहीं चाहिए। उनका संरक्षण और उनको बड़े करने का दायित्व भी हमारा ही है। मानव उत्थान सेवा समिति हर वर्ष फरीदाबाद में 1000 वृक्ष लगाने का संकल्प लेती है और उनका संरक्षण भी करती है। पौधारोपण कार्यक्रम में की महात्मा ध्वजानंद विजेता बाई, दीपचंद प्रधान, प्रदीप सिंघल, सुभाष गहलोत, सुनील, हरीश, ममता, जतिन, अरुण आदि मौजूद रहे।

## गंदे पानी के आगे जन प्रतिनिधि बने तमाशबीन



**फरीदाबाद।** शहर के वीआईपी सेक्टर 21-ए के निवासियों के परेशानियों को नगर निगम प्रशासन द्वारा लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है।इसका उदाहरण है हुड्डा शॉपिंग सेंटर के निकट बरसाती पानी एवं सीवर ओवरफ्लो से निकले गंदे पानी के जमा होने का दृश्य। समाजसेवी युगल किशोर शर्मा एवं शुभ मेडिकोज के संचालक रोहित नारंग ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हुड्डा शॉपिंग सेंटर के सामने लगातार जमा पानी से विभिन्न संक्रामक रोगों के कीटाणु उत्पन्न हो रहे हैं और आसपास के क्षेत्र वासियों को कोई भी बीमारी हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। सेक्टर 21-ए में पुलिस सहायता बूथ में कार्यरत पुलिसकर्मियों ने भी ठहरे हुए गंदे पानी पर आक्रोश व्यक्त किया है। नगर निगम प्रशासन वैसे ही फरीदाबाद में लोगों की जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। सेक्टर 21-ए में महिमा लेन के सामने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जाने का आरडब्ल्यूए द्वारा प्रचार सोशल मीडिया में खूब किया जा रहा है। किंतु यह दावे हवाई सिद्ध हो रहे हैं। हवाबाजी से सेक्टर के लोगों की परेशानियां खत्म होने वाली नहीं है। नगर निगम आयुक्त से विशेष आग्रह है कि वह कार्यकारी अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों से आग्रह है कि सीवर जाम को यथाशीघ्र खुलवाने की व्यवस्था करें।

## डाक कांवड़ और कावड़ियों का बाइक जत्था रवाना



**फरीदाबाद।** रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर के अध्यक्ष दिनेश बंसवाल, उपप्रधान बशारत हुसैन, महासचिव दीपक कुमार, कोषाघ्यक्ष अशोक कपूर व अन्य सदस्यों ने हरिद्वार के लिए डाक कांवड़ और कांवड़ियों के मोटरसाईकिल जत्थे को एसी नगर और संत नगर से ढोल नगाड़ों व गाजे बाजे के साथ रवाना किया। रवाना होने से पूर्व मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कि गई। इस मौके पर कालोनी की महिलाओं और परिजनों ने कांवड़ियों को तिलक लगाया और भगवान से उनकी मंगल यात्रा की कामना की। इस अवसर पर दिनेश बंसवाल ने कहा कि हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले भोले भक्त साहस का परिचय तो देते ही है साथ ही साथ लोगों में भक्ति भावना भी पैदा करते है। उन्होनें कहा कि भोले भक्त लोगों को कष्टों पर विजय पाना भी सिखाते है। उन्होनें कहा कि बम बम भोले का जयघोष करते हुए यह कांवड़ियों सावन के महीने को भक्ति से सरोबार कर देते है। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी आरडब्लूए संत नगर 20ए के प्रधान एचडी यादव, राजपाल शर्मा उपप्रधान, राकेश मोर्या कोषाध्यक्ष, डॉ. संजय मलिक सचिव, राकेश कुमार मीडिया प्रभारी, राजेश यादव संगठन मंत्री,सुनील कुमार एगजीक्यूटिव व एसी नगर से नवीन भट्ट, सुमन, अनिल बघेल, राजन जी महाराज, राहुल यादव, नीरज शर्मा, सुमित, सुनील कुशवाहा, मुख्त्यार उर्फ चिंटू, धर्मेंद्र, नितिन, राज किशोर, नेत्रपाल, सपन पाल उर्फ नोनी, राकेश बंसवाल, तेज प्रकाश, इमरान, राजेंद्र सिंह, सुनील,अजीत व सुरेन्द्र धांधू मौजूद थे।

## तिरंगे के साथ बनाया सृष्टि ने रिकॉर्ड



**फरीदाबाद।** जिले की पहचान बनी सृष्टी गुलाटी। रिकॉर्ड की बात करें और वहा सृष्टी का नाम ना हो ऐसा हो नही सकता। रिकॉर्ड पर नजर डाले तो सृष्टी गुलाटी का नाम भी सबसे ऊपर आता है। डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 9 फरीदाबाद हरियाणा की पहली कक्षा की छात्रा सृष्टी गुलाटी का नाम स्टेट बुक ऑफ अप्रूवल रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इस रिकॉर्ड बुक में सृष्टि गुलाटी का यह नया और दूसरा रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। सृष्टि भी अनोखी उसका रिकॉर्ड भी अनोखा। सृष्टि गुलाटी का नाम राष्ट्रीय ध्वज दिवस के दिन एक ही दिन में 500 राष्ट्रीय ध्वज वितरण करने का बना हैं। आजादी से अभी तक यह रिकॉर्ड किसी के भी नाम नही था। प्रथम बार यह कार्य एक छोटी सी बिटिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति गुप्ता ने कहा कि सृष्टि का हम सभी सदा साथ देते हैं ओर यही कामना करते हैं कि ये बिटिया लगातार रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाए और अपने माता पिता के साथ स्कूल का भी नाम रोशन करे।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 25 जुलाई, 2022



## मेक इन इंडिया

### केन्द्र के प्रयास

**हालांकि,** केन्द्र सरकार विनिर्माण क्षेत्र को गति देने के प्रयास कर रही है, पर राज्यों की प्रतिक्रिया उतनी जोशीली नहीं है। सभी जानते हैं कि विनिर्माण क्षेत्र का महत्व कम होने वाला नहीं है। लेकिन रोज कोई न कोई ऐसी चीज सामने आ जाती है जिससे लगता है कि देश में उद्योग बहुत अच्छी तरह काम नहीं कर पा रहे हैं, हालांकि केन्द्र सरकार द्वारा पेश 'मेक इन इंडिया' तथा उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों के माध्यम से उसका इरादा स्पष्ट है। मीडिया में खबरे हैं कि सूचना प्रौद्योगिकी-आईटी कंपनियों का हिस्सा सूचीबद्ध विदेशी कंपनियों से प्राप्त होने वाले राजस्व का 43 प्रतिशत है। एक दशक पहले यह 22 प्रतिशत था। जहां सूचीबद्ध आईटी सेवा कंपनियों ने 2021-22 में निर्यात के माध्यम से 4.2 लाख करोड़ कमाए थे, वहीं पिछले वित्त वर्ष में इसमें 15 प्रतिशत वृद्धि हुई। इसकी तुलना में बाकी बीएसई500 कंपनियों का विदेशी राजस्व या निर्यात वित्त वर्ष 22 में 11.9 प्रतिशत घट कर 5.6 लाख करोड़ रह गया। वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश ने बुधवार को संसद में बताया कि उनके मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग-डीपीआईआईटी 'बिजनेस सुगमता' के अगले चरण को आगे बढ़ा रहा है जिसका उद्देश्य बिजनेसों व नागरिकों से कानूनों के पालन का बोझ घटाना है। प्रकाश ने कहा, 'यह एक निरंतर प्रयास है जिसका लक्ष्य सहज नियामक परिवेश बनाना है।' उन्होंने सरकार की महत्वपूर्ण पहलें गिनाईं



जिनमें प्रार्थनापत्रों, नवीनीकरण, जांच, रिकार्ड दर्ज करने, आदि से संबंधित प्रक्रियाओं का सरलीकरण, कानूनों का तार्किकीकरण, छोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना तथा मैनुअल फार्मों व रिकार्डों को हटाने के लिए आनलाइन इंटरफेस का डिजिटलीकरण शामिल हैं।

डीपीआईआईटी नियमित रूप से अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों व विभागों तथा उद्योग असोसियेशनों से संवाद करता है ताकि 'उद्योग के सरोकार समझे जा सकें और इन मुद्दों के समाधान में मदद मिल सके।' उन्होंने कहा कि इसके साथ ही दिसंबर, 2014 से बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान-बीआरएपी लागू है। प्रकाश ने बताया कि 'बीआरएपी में सुधार के क्षेत्र शामिल हैं, जैसे, सूचना व पारदर्शिता तक पहुंच, एकल खिड़की व्यवस्था, भूमि प्रशासन, भूमि हस्तांतरण, संपत्ति, आदि।' उद्योग के प्रतिनिधियों ने इस दृष्टिकोण तथा केन्द्र सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की है, लेकिन समस्या राज्यों के स्तर पर है। बिजनेसों से जुड़े लोगों को असली समस्याओं का सामना यहीं करना पड़ता है। सभी राज्य सरकारें औद्योगीकरण के प्रति उतनी उत्साहित नहीं हैं जितनी उनको होना चाहिए। औद्योगीकरण के अनेक लाभ हैं जिनमें उच्च वृद्धि दर, संबंधित आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी, राज्य को ज्यादा राजस्व, रोजगार सृजन, आम लोगों की समृद्धि तथा इसके परिणामस्वरूप बेहतर चुनावी संभावनायें शामिल हैं। यह केन्द्र की शक्तियों से बाहर है कि वह राज्यों को एक खास रास्ते पर चलने का आदेश दे, लेकिन वह उनको प्रोत्साहित कर रास्ता बदलने को कह सकता है। उदाहरणार्थ, डीपीआईआईटी राज्यों को इस आधार पर रैंकिंग देता है कि उन्होंने उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप परिस्थितिकी विकसित करने में कितनी पहलें कीं। उसकी हालिया रैंकिंग में गुजरात व कर्नाटक सूची में सबसे ऊपर थे। छोटे राज्यों में मेघालय का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ माना गया था। हालांकि, समझाना अच्छा है और इससे कुछ अच्छे परिणाम भी सामने आ सकते हैं, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। यह काम सरकार के बजाय राजनीतिक स्तर पर होना चाहिए। राजयों के नेताओं को समझ लेना चाहिए कि अच्छा अर्थशास्त्र अच्छी राजनीति भी हो सकता है।

# प्राचीन भारतीय विज्ञान समझने की यात्रा

विज्ञान यात्रा वैज्ञानिक विरासत से होकर यात्रा है जिसका उद्देश्य भावी वैज्ञानिक खोजों के लिए ज्यादा व्यापक आधार तैयार करना है।



**बालकृष्णन सत्यम**
(लेखक, क्रिएटिव डाइरेक्टर हैं)



यात्रा शब्द के कुछ तात्कालिक अर्थ होते हैं। यह धन्यवाद देने के लिए यात्रा हो सकती है। इससे हम कभी-कभी अपने भीतर उत्साह या प्रगति का अनुभव करते हैं जो भौतिक रूप से किसी पहाड़ी के शिखर पर पहुंचने जैसा हो सकता है। आध्यात्मिकता की तलाश में प्रतिबद्ध लोग घने जंगलों तथा सुदूर पहाड़ी गुफाओं में जाते हैं, जबकि हम में से ज्यादा सामान्य लोग बड़े व छोटे धार्मिक स्थलों में जाकर देवी-देवताओं, साधुओं या संन्यासियों के समक्ष सिर झुकाते हैं। इसी प्रकार वैज्ञानिकों की हमारी टीमें अंटार्कटिका तक जा चुकी हैं या उन्होंने प्राचीन बंदरगाह शहरों का पता लगाने के लिए समुद्रों में गोताखोरी की है।

इसी तरह लोगों ने वर्तमान समय में प्रयोग की जाने वाली अलग-थलग बोलियों की व्याकरण संरचना का पता लगाने के लिए सुदूर क्षेत्रों की यात्रायें की हैं। इसी प्रकार हम स्वयं विभिन्न प्रकार के उत्साहवर्धक भोज्य पदार्थों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कर सकते हैं। विज्ञान यात्रा के लाभों की तुलना किसी तीर्थ यात्रा या पवित्र स्थलों की यात्रा से की जा सकती है। हमें यह तुलना कुछ विस्तार से करनी चाहिए। विज्ञान ने हमें अनेक चीजें दी हैं जिनके लिए हम उसके आभारी हैं। इनमें जीवनरक्षक दवायें, मेहनत बचाने वाले उपकरण, मनोरंजन के उपकरण तथा तेज गति वाले परिवहन शामिल हैं। इतिहास पर नजर डालें तो आयुर्वेद, खगोलशास्त्र, अर्थविज्ञान या सीमेन्टिक्स, समग्र दृष्टिकोण वाला गतिविज्ञान या कैलिस्थेनिक्स, वस्त्र विज्ञान, निर्माण संरचनाओं पर प्राचीन ग्रंथ, गणित व अनेकानेक अन्य चीजें शामिल हैं।

कण भौतिकी, जीन्स के अध्ययन, आणविक संरचना, कार्बन यौगिकों, सितारों का जीवनचक्र, समुद्री जीवविज्ञान, आदि हमें ज्ञान के उच्चतम स्तर पर ले जाते हैं। यह पवन, सौर, पनबिजली, हाइड्रोकार्बन व आणविक ऊर्जा जैसे शक्तियों को बांधने का नाम है। इसके साथ ही आधुनिक प्लांट और संरचनायें हैं जहां सैकड़ों मेगावाट बिजली पैदा की जाती है व उसका वितरण होता है। हमारी वैज्ञानिक खोज हमारी तीर्थयात्राओं की तरह हमें बड़ी शक्तियों व प्रकृति के रहस्यों से जोड़ती है। प्राचीन ग्रंथों की तरह इससे हमें विश्वास व प्रतिबद्धता की परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलता है। विज्ञान उच्चीकृत सिद्धान्त की संगठित संस्था व निरंतर गंभीर शोध का रास्ता है। यह प्रक्रियाओं व स्थापित ज्ञान का उदाहरण है जो निश्चित रूप से नए परिणाम देता है।

वैज्ञानिकों का संघर्ष और उनकी दृढ़ता व निरंतरता हमारे लिए एक सबक हो सकती है। हमारी वैज्ञानिक विरासत की खोज एक गहन व शिक्षाप्रद रास्ता है जो किलों की डिजाइन के बारे में वाट्सएप संदेशों तथा स्तंभों से अलग है। विज्ञान यात्रा एक गहन अंतदृष्टि के माध्यम से हमें सशक्त बनाती है और यह प्रेरणादायक भी हो सकती है। यह ऐसी तीर्थयात्रा की तरह है जो हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा हमारे जीवन को नए आयाम देने वाली हो सकती है। हम आयुर्वेद व खगोलशास्त्र पर विचार कर बेहतर हो सकते हैं। इसमें ज्ञान प्राप्त करने के तरीके, उसके प्रयोग तथा उससे मिले परिणमों पर आधारित है। वर्तमान वैज्ञानिक हमें प्राचीन रिकार्डों से जुड़ने तथा ज्ञान व उसके प्रयोग में सहायक हो सकते हैं। वैज्ञानिक ज्ञान के अक्सर आर्थिक व सांस्कृतिक परिणाम होते हैं।

अमडावाड में कैलिको म्यूजियम जैसे संस्थान एक परस्पर जुड़े संबंध मैनुअल, तकनीकी, क्रोमैटिक, सौंदर्यशास्त्रीय, सामाजिक, वाणिज्कि व ऐतिहासिक आयाम के आधार पर सूचना संप्रेषित करते हैं। हमारे प्रमुख वैज्ञानिक म्यूजियम उपकरणों के माध्यम से भौतिकी के मूल नियम समझाते हैं। प्लैनेटेरियम हमें आकाशगंगाओं व नक्षत्रमंडलों के बारे में जानकारी देते हैं। विभिन्न शहरों में बने जंतर-मंतर उल्लेखनीय सटीकता के साथ खलोगीय पिंडों के बारे में दूरियों का पता दे सकते हैं। पूना, तंजाऊर, तिरुपति, वाराणसी, गोहाटी, श्रावणबेलगोला, संभलपुर, नालन्दा, गया, कोलकाता, गोहाटी व अन्य स्थानों पर बने हमारे पुरालेख संग्रहालय शताब्दियों पुरानी टिप्पणियों व उन पर विस्तृत बहस, प्रमाणों के नियम, अणुओं व पदार्थ की भौतिक स्थिति तथा अनन्त विश्व में प्रयोगों की जानकारी देते हैं। इन सबका आनन्द उठाने के लिए हमें उनके प्रति आभार की भावना पैदा करनी चाहिए।

हम आमतौर से अपनी विरासत को हल्के में लेते हैं तथा अंत में उसे छोड़ देते हैं। इसके उलट हमें ज्ञान भंडार के बारे में समुचित जानकारी रखनी चाहिए तथा यह देखना चाहिए कि उसका कैसे शुद्धीकरण व संप्रेषण होता है। इससे हम इन प्रक्रियाओं के प्रति मनुष्य की गंभीर साधना का पता लगा सकते हैं। आइज़ेक न्यूटन ने कहा था उसने अपने पूर्ववर्तियों द्वारा मिली समझ व ज्ञान के आधार पर ही चीजों को समझा है। हमें अनेक संतों, विद्वानों व लेखकों का आभारी होना चाहिए जिन्होंने लगभग हर पीढ़ी का ज्ञान तत्कालीन परिस्थितियों के आधार पर हमें संप्रेषित किया है।

यात्राओं के लिए प्रमोटरों की जरूरत होती है। परंपरागत बस टूर आपरेटर एक या दो सप्ताह की धार्मिक यात्रायें आयोजित कर सकते हैं और इसी प्रकार आनलाइन ट्रैवल पोर्टल कालेजों के लिए विज्ञान यात्राओं का आयोजन कर सकते हैं। वहां वे टूर के पहले तीन घंटे का उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू कर सकते हैं। ऐसी यात्रायें विज्ञान व इंजीनियरिंग छात्रों के लिए लाभदायक होंगी। जीव विज्ञान या गणित या भाषाविज्ञान छात्रों के लिए ऐसी यात्रायें हो सकती हैं। वास्तविक स्थानों, वस्तुओं, इतिहास व जनता पर केन्द्रित अवधारणाओं पर लोग अपनी व्यापक विरासत व खोज तथा व्यवस्थित ज्ञान की परंपरा के निकट आ सकते हैं।

विज्ञान यात्राओं की सहायता व समर्थन के लिए रेलवे बुकिंग कर सकता है जिसका खर्च आंशिक रूप से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय उठा सकता है। समय बीतने के साथ विभिन्न प्रकार के छात्र समूहों के इनसे जुड़ने की उम्मीद है। इसके लिए टूर की वीडियो क्लिपें तथा आनलाइन प्लेटफार्म पर विषयवस्तु अपलोड की जा सकती हैं। प्रयोगशालायें, फैक्ट्रियां, बिजलीघर, नक्षत्रशालायें, वनस्पति हाटहाउस, अभयारण्य पार्क, विरासती संस्थान, संग्रहालय, पुरातात्विक संग्रह, आदि हमें प्रकृति, समाज व वैज्ञनिक सिद्धान्तों की जानकारी दे सकते हैं। न केवल छात्र, बल्कि अन्य प्रकार के यात्री समूह भी इन यात्राओं को लाभदायक व आकर्षक मान सकते हैं। इनमें परिवार, कार्पोरेट समूह, मीडिया समूह, नौकरशाह, विज्ञान प्रकाशक, आदि शामिल हैं। हमारे देश में खासकर यात्री किसी झील या नदी में स्नान कर अथवा यात्रा के दौरान खास किस्म के कपड़े पहन कर आनन्द का अनुभव कर सकते हैं। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विज्ञान यात्रियों हेतु सेल्फी प्वाइंट बनाना अथवा उपयुक्त सोविनियर तैयार करना कठिन नहीं होगा।

सच्ची कहावत है कि आप साथी यात्री को नदी के किनारे तक ले जा सकते हैं, पर उसमें स्नान करना या न करना उसकी मर्जी पर है। इसी प्रकार विज्ञान अपने आप में प्रमाणों का एक संग्रह है जिससे विभिन्न संरचनाओं में प्रकृति पर आधारित नियमों की मूलभूत समानता स्पष्ट होती है। विज्ञान की भावना हमारे चारों ओर उपस्थित ब्रह्मांड के पैटर्न पेश करना है, उन पर संकुचित नतीजे या सिद्धान्त थोपना नहीं। उसका संदेश हमेशा नई सीमाओं की ओर बढ़ना होता है। तीर्थयात्रा के साथ विज्ञान यात्रा के पीछे खुलेपन व खोज की भावना अंतर्निहित है। हमें हर घंटे व हर दिन नई जानकारियां मिलती हैं जो कुछ साल में सर्वव्यापी सिद्धान्तों के प्रति एक समुचित अवधारणा पैदा कर सकती हैं। इस प्रकार यात्रायें अपने पहले कदम से शुरू होती हैं और अंत होने पर भी समाप्त नहीं होती हैं। इस प्रकार हमारे जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमें सक्रिय बुद्धि, जागरूक ज्ञानेन्द्रियों व तार्किकता बढ़ाने में सहायक होता है। विज्ञान को कम आंकना हमें कुछ लोगों द्वारा किए जाने वाले खुलासों पर निर्भर बना देता है। इसके बजाय उचित निर्देशन लाभदायक होगा। अपने भीतर विश्वास पैदा करने हमारे लिए लाभदायक है। बाहरी या भीतरी आयामों के प्रति विस्तृत समझदारी उन लोगों के प्रति हमारी सच्ची श्रृद्धांजलि होगी जिनके काम हमारे पास केवल वैज्ञानिक ज्ञान के माध्यम से पहुंचे हैं।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का महत्व

**रवि कुमार गुप्ता, उदित माहेश्वरी**
(लेखक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र से संबद्ध हैं।)



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-एनआरएलएम द्वारा समर्थित महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूह-एसएचजी सफल हैं, लेकिन उन्हें उभरते उद्यमियों द्वारा स्थापित किए जाने वाले स्टार्टअप के साथ काम करने की जरूरत है। ग्रामीण बेरोजगारी कम आय और कौशल और खराब सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण कारक है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा मई 2022 में जारी किए गए आंकड़ों से पता चला है कि ग्रामीण बेरोजगारों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है। ग्रामीण बेरोजगारों की संख्या समूचे कार्यबल में से 7.12 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है, जबकि विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत की अधिकांश आबादी यानी लगभग 65.07 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, वर्तमान परिदृश्य में भारतीय कृषि क्षेत्र लगभग 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को आजीविका प्रदान करता है। भारतीय किसानों में से 82 प्रतिशत लोग छोटे और सीमांत किसानों की श्रेणी में आते हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) एक ऐसी योजना है जो तीन सहायक संरचनाओं पर निर्भर करती है - ग्रामीण गरीब लोगों के सार्वभौमिक स्तर पर वित्तीय समावेशन, आजीविका में वृद्धि और सामाजिक गतिशीलता। इस योजना का मुख्य फोकस है- एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) में प्रत्येक ग्रामीण घर से कम से कम एक महिला को शामिल करके ग्रामीण गरीब महिलाओं का सशक्तिकरण करना।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, डीएवाई-एनआरएलएम 30 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के 706 जिलों के 6,769 ब्लॉकों में काम कर रहा है। यह योजना ग्रामीण गरीबी के उन्मूलन के लिए एसएचजी पर निर्भर करती है। स्वयं सहायता समूह-एसएचजी ग्रामीण लोगों द्वारा गठित ऐसे समूह हैं, जिसमें लगभग 10 से 20 सदस्य शामिल होते हैं और डीएवाई-एनआरएलएम में इन समूहों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए संस्थागत ऋण सुविधाओं का प्रावधान है। इस योजना ने समाज के कमजोर एवं गरीब वर्ग की लगभग 8.01 करोड़ महिला सदस्यों को लगभग 73.19 लाख एसएचजी में सफलतापूर्वक बदला है। महिलाओं को शामिल करने वाले स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तीकरण तथा परोक्ष रूप से सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान करते हैं।

भारत में, कुल 6.9 मिलियन एसएचजी हैं, जिनके मई 2021 तक लगभग 75 मिलियन सदस्य हैं। एनआरएलएम ने स्वास्थ्य और शैक्षिक सुविधाओं के मामले में ग्रामीण लोगों को अधिक सशक्त बनाया है। इसने ग्रामीण लोगों की आय में भी वृद्धि की है, जिससे वे काफी सीमा तक बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसे लैंगिक भेदभाव को दूर करने के अलावा, बढ़ती भोजन आवश्यकता के लिए भूमि खरीदने के योग्य बन गए हैं। हालांकि, अभी ऐसी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का पूर्ण समाधान नहीं हो पाया है, लेकिन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम जरूर उठे हैं। एसएचजी ने राजनीतिक दलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, बेहतर वित्तीय साक्षरता, प्रशासनिक सुविधाओं और समर्थन के बारे में ज्ञान एवं जागरूकता, महत्वपूर्ण मुद्दों से संबंधित निर्णय लेने में अधिक भागीदारी और बेहतर गतिशीलता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विश्व बैंक के अनुसार, इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को कार्यशक्ति का हिस्सा बनने में भी मदद की है और इसके परिणामस्वरूप डीएवाई-एनआरएलएम के तहत एसएचजी में महिला सदस्यों की बड़ी भागीदारी हुई है, 2011 -2017 के दौरान विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों में 20.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी। एनआरएलएम ने ग्रामीण महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता में भी सुधार किया है और उन्हें संस्थागत ऋण सुविधाओं का लाभ उठाने में मदद की है। इससे परिवारों के भीतर महिलाओं का प्रभाव बढ़ा है और वे वित्त संबंधी फैसले लेने में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर आगे बढ़ रही हैं। यह योजना सामाजिक पूंजी, सूक्ष्म संस्थागत ऋण और कौशल वृद्धि को काम देती है, जिसके परिणामस्वरूप बचत की आदतों को बढ़ावा देते हुए लाभार्थियों की पारिवारिक आय में वृद्धि हुई है। यह भी देखा गया है कि डीएवाई-एनआरएलएम के तहत एसएचजी-सदस्य और उनके परिवार के सदस्य विकलांगता, स्वास्थ्य और जीवन से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमा योजनाओं को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं।

हालांकि, इस योजना को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, क्योंकि अधिकांश स्वयं सहायता समूह-एसएचजी अभी भी कृषि क्षेत्र को वरीयता दे रहे हैं और वे कृषि गतिविधियों में लगे हुए हैं, जिससे वे कम उत्पादक बन गए हैं क्योंकि प्राथमिक क्षेत्र पहले से ही प्रच्छन्न बेरोजगारी का सामना कर रहा है। यह उद्यम की दक्षता में सुधार के लिए विभिन्न नवीनतम तकनीकों को अपनाने से रोकती है। अधिकांश एसएचजी जीवंत नहीं हुए हैं और केवल व्यावसायिक उद्यमों के कम लक्षणों वाली माइक्रोफाइनेंस इकाइयों के रूप में कार्य कर रहे हैं।

इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन में एक बड़ी बाधा ग्रामीण क्षेत्रों में अनिच्छुक महिला सदस्यों और उनके सहकारी परिवार के सदस्यों की है क्योंकि ग्रामीण महिलाओं को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अपने घरों से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती है। लाभार्थियों के अनुसार, उन्हें अपनी मर्जी से किसी भी निर्णयकारी प्रक्रिया में खुद को शामिल करने की कम स्वतंत्रता होती है क्योंकि योजना में ज्यादातर सब कुछ पहले से तय होता है। मनरेगा जैसी अन्य रोजगार सृजन योजनाओं की तुलना में डीएवाई-एनआरएलएम को निधियों का कम आवंटन प्राप्त हुआ है।

योजना को कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, साथ ही बढ़ती आय अर्जन के अवसरों एवं उद्यमिता कौशल के विस्तार के जरिए आजीविका वृद्धि पर ध्यान देना चाहिए। डीएवाई-एनआरएलएम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन हेतु उन्हें सशक्त बनाने के लिए निजी क्षेत्र और स्टार्ट-अप व्यावसायिक संस्थाओं की ओर भी अपने दायरे का विस्तार कर सकता है। चालू वित्तीय वर्ष में, डीएवाइ-एनआरएलएम के लिए अधिक बजट आवंटित किया गया है जो लाभार्थियों के लिए अधिक आशाजनक भविष्य को दर्शाता है।

इस योजना ने घर की महिला सदस्यों को बड़ा समर्थन प्रदान करते हुए, ग्रामीण लोगों को रोजगार के सृजन, कौशल वृद्धि एवं अन्य आजीविका वृद्धि सुविधाओं की मदद से सतत विकास के जरिए सहायता प्रदान की है। इस योजना को उद्योग जगत, खासकर स्टार्टअप स्थापित करने वाले उदीयमान उद्योगपतियों की सहायता की आवश्यकता अनुभव की जा रही है।

## आप की बात

### रुपये में गिरावट

**विभिन्न** घरेलू और वैश्विक कारकों के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में लगभग 7फीसदी की गिरावट आई है, जबकि डॉलर दुनिया की सभी मुद्राओं के मुकाबले मजबूत हुआ है। जून 2022 में अमेरिका में मुद्रास्फीति 9.1 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, इसने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नीति रुख में उलटफेर को प्रेरित किया। आज डॉलर विश्व की अन्य मुद्राओं के मुक़ाबले पिछले 20 साल के सारे रेकार्ड तोड़ चुका है। भले ही रुपया डॉलर के मुकाबले तेजी से गिर गया हो, परंतु पिछले संकट की तुलना में मूल्यह्रास अपेक्षाकृत आज की गिरावट कम रही है जैसे कि 2008 का वैश्विक वित्तीय संकट जब आया तो रुपया 20प्रतिशत से अधिक कमजोर हो गया था और 2013 का टेंपर टेंट्रम के दौरान रुपये में 11प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। रुपये के मूल्य में गिरावट को नियंत्रित करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करने के अलावा, आरबीआई ने हाल ही में भारत में विदेशी निवेश को उदार बनाया और निवेश को अधिक आकर्षक बनाया। परिणामों की प्रतीक्षा है।

-**परमवीर 'केसरी'**, मेरठ

### ग्लोबल वार्मिंग का संकट

**ग्रीष्म** लहर के उभार ने पूरे विश्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है और भारत भी इस संदर्भ में अपवाद नहीं है। लांसेट की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1990 से 2019 के बीच अत्यधिक गर्मी के प्रति भारत की अतिसंवेदनशीलता में पंद्रह प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके साथ साथ ही आद्रता, कम बारिश और उच्च तापमान ने विकलता या बैचैनी के स्तर को बढ़ा दिया है, जिससे बिना शीतलन सुविधाओं के लोगों का जीवन और भी कठिन हो गया है। ग्रीष्म लहर का उभार अब कोई अप्रत्याशित स्थिति नहीं रह गयी है और यह एक व्यापक प्रतिक्रिया की मांग रखती है। भारत में ग्रीष्म लहर के अनेकों प्रभाव पड़ रहे हैं जैसे कि आर्थिक प्रभाव,कृषि क्षेत्र में प्रभाव, बिजली के उपयोग पर प्रभाव, मानव मृत्यु, खाद्य असुरक्षा, श्रमिकों पर प्रभाव एवं कमजोर वर्ग पर विशेष प्रभाव। अत: यह जरूरी हो गया है कि ग्रीष्म लहरों के प्रभावों को कम करने के लिए भारत को दीर्घकालिक रणनीतियां अपनाने को आवश्यकता है जैसे कि हीटवेव एक्शन प्लान, सार्वजनिक जागरूकता और पूर्व चेतावनी प्रणाली, जलवायु कार्य योजनाओं को लागू करना आदि।

-**सुदर्शन सोराड़ी**, चम्पावत

### टापर मैनिया

**सीबीएसई** दसवीं और बारहवीं की परीक्षा परिणामों के बाद विभिन्न छोटे बड़े अखबारों में पूरे देश का टापर, पूरे राज्य का टापर तथा पूरे जिले का टापर दिखाने उनके फोटो और बाइट दिखाने की एक होड़ सी मची हुई है। ऐसा तब है जब बोर्ड ने अपनी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए किसी भी प्रकार की रैंक सूची अथवा मेरिट सूची छापने से मना किया है। व्यावसायिक उद्देश्यों से चलने वाले विद्यालयों के प्रबंधन का अपने निहित स्वार्थों के लिए इस होड़ में शामिल होना तो समझ आ सकता है किंतु समाचार पत्रों से इस संबंध में अधिक जिम्मेदारी पूर्वक व्यवहार की अपेक्षा है। छात्रों के बीच टापर मैनिया को बढ़ावा देना किसी भी दृष्टि से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और समाज के व्यापक हित में नहीं है। सीबीएसई जैसे राष्ट्रीय बोर्ड के परिणामों का गंभीर विश्लेषण न केवल स्थानीय समाज और शिक्षा जगत के लिए उपयोगी होगा बल्कि ऐसा विश्लेषण करने वाले समाचार-पत्र की विश्वसनीयता में भी वृद्धि होगी।

-**डा ऋषि गोयल**, कुरुक्षेत्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**श्रीमती** द्रोपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनने पर बधाई। आपकी भूमिका अनेक लोगों को स्वर देगी।

- **ओम बिड़ला**
लोकसभा अध्यक्ष



**यूक्रेन** की सेना में युद्धभूमि में और सफलतायें पाने तथा रूसी सेना को भारी नुकसान पहुंचाने की क्षमता मौजूद है।

- **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**आज** सार्वजनिक रूप से जनता की आवाज कुचली जा रही है। लेकिन घमंड और तानाशाही पर सत्य की विजय होगी।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेसी नेतो

# गांवों में विकास के नये प्रतिमान स्थापित किये जाएंगेः केशव

● समस्याओं को टालने से नहीं निस्तारित करने से सरकार की छवि बनती हैः उप मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गांव में विकास के नए मॉडल और नए प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नया युग आया है, अधिकारी अपनी प्रतिभा और क्षमता का भरपूर उपयोग करें। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी को निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिये जाएं, लेकिन किसी के दबाव में कोई गलत काम न किया जाए।

अधिकारी कार्यक्रम बनाकर गांवो का भ्रमण करें। गांवों की ग्राउण्ड रिपोर्ट सामने आनी चाहिए। समस्याओं को टालने से नहीं निस्तारित करने से सरकार की छवि बनती है। मनरेगा योजना का उल्लेख करते हुए श्री मौर्य ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रोजगार सृजन हेतु भौतिक लक्ष्य 2600 लाख मानव दिवस अनुमोदित किया गया है और इस वर्ष अब तक 53.33 लाख श्रमिकों को रोजगार देते हुये 1260.72 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं एवं कुल 4372.15 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की चुकी है। इस तरह मनरेगा में कार्य कराने के मामले में उत्तर प्रदेश, देश में अग्रणी पंक्ति में है। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत विगत 5 वर्षो मे उत्तर प्रदेश में 3.98 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देते हुए 135.85 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए हैं और इसमें 36309.33 करोड़ की धनराशि व्यय की गयी है, जिसमें श्रमांश मद में 25902.14 करोड़ एवं सामग्री अंश मे रू 10407.18 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की गयी है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 मे 20 लाख परिवारो को 100 दिवस का पूर्ण रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है, चालू वर्ष में अब तक 18801 परिवारों को पूर्ण 100दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है। विगत 5 वर्षों में प्रदेश में 16.14 लाख परिवारों को पूर्ण 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

## एमएलसी की रिक्त हुईं दो सीटों के लिए अधिसूचना आज, 11 अगस्त को मतदान

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 2 सदस्य अहमद हसन जिनका कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक था का 20 फरवरी को निधन हो जाने तथा ठाकुर जयवीर सिंह जिनका कार्यकाल 5 मई 2024 तक था द्वारा 24 मार्च को त्यागपत्र दे दिए जाने के कारण होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए दो अलग-अलग उप निर्वाचन कराए जाने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रिक्त हुए विधान परिषद सदस्यों के पद पर निर्वाचन के लिए 25 जुलाई सोमवार को नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी की जाएगी। 1 अगस्त सोमवार को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 2 अगस्त मंगलवार को नाम निर्देशन की जांच, 4 अगस्त बृहस्पतिवार को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 11 अगस्त वृहस्पतिवार को पूर्वान्ह 9 बजे से अपराहन 4 बजे तक मतदान संपन्न होगा। 11 अगस्त बृहस्पतिवार को सायं 5 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। उन्होंने कहा कि 16 अगस्त से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न करा लिया जाएगा

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर आधारित होंगे स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम

● योगी सरकार ने 15 अगस्त के कार्यक्रमों को अविस्मरणीय बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजादी** का अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का पर्व बेमिसाल होगा। इस वर्ष जब भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर रहा है, तो योगी सरकार भी इसे अविस्मरणीय बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर चुकी है। स्वतंत्रता दिवस पर योगी सरकार का प्रस्तावित आयोजन अभूतपूर्व होगा। योगी सरकार द्वारा विधान भवन और मुख्यमंत्री कार्यालय लोक भवन के सामने एक शानदार आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले 75-75 लोगों के 75 समूहों को आमंत्रित किया गया है। समाज के ये विभिन्न वर्ग अलग-अलग संस्कृति व क्षेत्र के होंगे। जिनमें यह माना जा रहा है कि प्रदेश की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले ये लोग लोक कलाकार, अलग अलग जनजातीय समूह व विभिन्न समुदाय के होंगे, जो अपनी पारंपरिक वेश भूषा में इस आयोजन में मौजूद होंगे। इस तरह अलग अलग 75 समूहों के रूप मे प्रति समूह 75 व्यक्ति अपनी अलग की छटा बिखेरेंगे। इसी तरह इस आयोजन में 16 ट्रेड्स जैसे बीसी सखी, फैक्ट्री वर्कर्स, अन्नदाता किसान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि भी इस समारोह का हिस्सा होंगे।

स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन जहां अपनी भव्यता के लिए विशेष होगा, वहीं इस आयोजन का थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत पर आधारित होगा। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, विरासत, परंपरा, रीति रिवाज को आमजनमानस के समक्ष प्रदर्शित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर भव्य आयोजन से अलग, योगी सरकार का शहर, घर तिरंगा कार्यक्रम भी एक अभिनव प्रयोग होगा। आजादी के अमृत महोत्सव पर आगामी 11 से 17 अगस्त तक स्वंतत्रता सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश में साढ़े 4 करोड़ से अधिक राष्ट्रध्वज फहराए जाएंगे । इसको लेकर भी प्रदेश सरकार की तरफ से तैयारियां जोरों पर है। इतनी बड़ी संख्या में ध्वज तैयार करने के लिए स्वंय सहायता समूह, एनजीओ, एमएसएमई, खादी एवं ग्राम उद्योगए निजी सिलाई केंद्रों का सहयोग लिया जा रहा है।

## बिजली दरों में कमी के मुद्दे पर उपभोक्ता परिषद ने मांगा सरकार का साथ

● परिषद अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने रविवार को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर बिजली दरों में कमी के मुद्दे पर सरकार का साथ जनहित में मांगा। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि बिजली कंपनियों पर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का जो लगभग 22045 करोड़ रुपए सरप्लस निकल रहा है। इस वर्ष भी टुअप में भी 3088 करोड सरप्लस निकल रहा है कुल मिलाकर अब तक लगभग 25133 करोड़ सरप्लस निकली धनराशि के एवज में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों को कमी कराने को लेकर उपभोक्ता अपनी रणनीत बनाएगा। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा बिजली कंपनियों का यह वक्तव्य संवैधानिक परिपाटी के खिलाफ है किसी भी न्यायालय में केवल मुकदमा दाखिल करने से कोई भी कार्यवाही पर रोक नहीं लगती अब जब नोएडा पावर कंपनी के मामले में सरप्लस निकले धनराशि के एवज में बिजली दरों में 10 प्रतिशत की कमी आयोग द्वारा की गई है। ऐसे में आयोग को प्रदेश की 5 बिजली कंपनियों के लिए भी बिजली दरों में कमी का आदेश जारी करना चाहिए अन्यथा ऐसा प्रतीत होगा कि आयोग द्वारा उपभोक्ताओं के साथ बिजली दरों के कमी के मामले में न्याय नहीं किया गया। उपभोक्ता परिषद ने पूरी तैयारी कर ली है इस मुद्दे पर इस बार उत्तर प्रदेश सरकार से भी साथ मांगा जाएगा जिससे बिजली दरों में कमी का रास्ता साफहो सके बिजली दरों में कमी के मुद्दे पर उपभोक्ता परिषद अगले सप्ताह अपनी रणनीति का खुलासा करेगा।

## बीजेपी युवा मोर्चा कारगिल युद्ध स्मारक पर मनाएगा विजय दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** युवा मोर्चा आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत कारगिल विजय दिवस मना रहा है। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में श्रीनगर से कारगिल तक बाइक यात्रा कर रहे है। यात्रा में शामिल होने के लिए प्रदेश भाजयुमो के महामंत्री हर्षवर्धन सिंह कारगिल शहीद एवं मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन मनोज पाण्डेय के लखनऊ स्थित घर की माटी लेकर रविवार को कारगिल के लिए रवाना हुए। यह माटी कारगिल वार मेमोरीयल पर अर्पित की जाएगी।

यह कार्यक्रम भारतीय सेना की वीरता का जश्न मनाते हुए एकता का संदेश सम्पूर्ण भारत वर्ष में पहुंचाएगा। 26 जुलाई को भाजयुमो तिरंगा यात्रा के साथ सभी जिलों में प्रभात फेरी का आयोजन करेगा। समापन समारोह का सभी भाजपा कार्यालयों में सीधा प्रसारण भी होगा।



भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्ष वर्धन सिंह ने कहा भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में 25 जुलाई से शुरू होने वाले कारगिल विजय दिवस पर दो दिवसीय तिरंगा यात्रा शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह यात्रा श्रीनगर के लाल चौक से शुरू होकर कारगिल में समाप्त होगी। 26 जुलाई को भाजयुमो कारगिल युद्ध स्मारक पर विजय दिवस मनाएगा। श्री तेजस्वी सूर्या ने सभी उपस्थित लोगों को अपने-अपने राज्यों में शहीदों के घरों के आंगन से मिट्टी लाने का निर्देश दिया है जो शहीदों की अमरता के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में युद्ध स्मारक पर समर्पित किया जाएगा और उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से कश्मीर में भाजपा के पहले संगठनात्मक कार्यक्रम का नेतृत्व करना भाजयुमो के लिए सम्मान की बात है।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजयुमो की लाल चौक से कारगिल तक की ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा विजय दिवस को भव्यता प्रदान करेगी। इस यात्रा में मेरे साथ भारत भर से भाजयुमो कार्यकर्ता के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भारत, श्रेष्ठ भारत, का संदेश देश के हर युवा, हर नागरिक तक पहुंचेगा। इस यात्रा में भाजयुमो के राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य और प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे। ध्वजारोहण बाइकों के कारवां को श्रीनगर के लाल चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस यात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ मुख्य अतिथि होंगे। टीम कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देगी और आजादी का अमृत महोत्सव को चिह्नित करने के लिए 75 मीटर लंबे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को भी फहराएगी। समापन समारोह कारगिल शहर में होगा।

कारगिल युद्ध के नायक जनरल वीके सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री नागरिक उड्डयन मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि पीमए मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और जम्मू-कश्मीर के पूर्ण संवैधानिक एकीकरण के बाद से कश्मीर में एक ऐतिहासिक और सबसे बड़ा राजनीतिक आयोजन होगा।

## भाजपा विनाश और विध्वंस की राजनीति करती हैः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा विकास परक और रचनात्मक राजनीति करती है। समाजवादी पार्टी की प्राथमिकता में वंचित और उपेक्षित वर्ग है जिन्हें सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाया है। भाजपा विनाश और विध्वंस की राजनीति करती है और सत्ता हासिल करने के लिए नफरत फैलाने में लगी रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एजेण्डा सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का हैं। समाज में तनाव पैदा कर अपना राजनैतिक स्वार्थ साधना ही भाजपा का लक्ष्य है, जबकि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और सामाजिक एकता के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा सत्ता के लिए सरकार का दुरुपयोग करती है। समाजवादी सरकार में प्रगति का रास्ता प्रशस्त होता रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास का झूठा भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह किया है। विकास योजनायें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है। मंत्रियों और अधिकारियों में सरकारी बजट के बंदरबांट की होड़ लगी है। हाल ही में जिस बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन जोरशोर से किया गया वह भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गया है। हुक्मरानों ने एक्सप्रेस-वे के निर्माण में ऐसा खेल खेला कि घटिया निर्माण एक ही बारिश में धुल गया। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे की सड़के कई जगह धंस गयी। डबल इंजन भाजपा सरकार के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार को जालौन के बाद औरैया में भी धंसा एक्सप्रेस-वे प्रमाणित करता है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार में किये गये विकास कार्य आज भी अपनी गुणवत्ता के कारण मजबूत बने हुए हैं। तत्कालीन सरकार में बने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे आज तक टस मस नहीं हुआ जबकि उस पर कई लड़ाकू विमान सहित सबसे बड़ा भारवाहक विमान हरक्यूलिस भी उतर चुका है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में गांवों को शहरों से जोड़ने के लिये बेहतरीन सड़के बनायी गयी थी। समाजवादी शासनकाल में गांवों में जो सड़के बनी थी उससे आगे भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया। अखिलेश ने कहा इस सरकार के पास तबादले के धंधे के अलावा कोई काम नहीं है। भाजपा सरकार के पास अपना कोई विजन नहीं है। जनता की समस्याओं के निदान में शासन प्रशासन की कोई रुचि नहीं है। उत्तर प्रदेश विकास के मानकों में कई कदम पीछे छूट रहा है। प्रदेश की बदहाली के लिये भाजपा सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है।

### सपा प्रमुख के निर्देश पर हनुमान मंदिर में की गई चांदी के मुकुट व छत्र की व्यवस्था

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि आलमबाग क्षेत्र में टेढ़ी पुलिया के निकट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से 14 जुलाई 2022 को हनुमान जी का चांदी का मुकुट और छत्र चोरी हो गया था। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विकास यादव को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रकरण की जानकारी दी। अखिलेश यादव ने तत्काल मुकुट और छत्र की व्यवस्था का निर्देश दिया। 23 जुलाई को महावीर हनुमान जी को मुकुट पहनाने के साथ छत्र भी लगा दिया गया।

## कांग्रेस ने राज्यपाल को योगी सरकार के खिलाफ तैयार दस्तावेज सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ दस्तावेज तैयार कर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को सौंपा है। यह जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर विगत अप्रैल 2022 से निरंतर जारी अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विभिन्न माध्यमों द्वारा मिली रिपोर्टस एवं खबरों की कटिंग का दस्तावेज तैयार कर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को सौपा गया है।

राज्यपाल को सौंपे गए पत्र के विषयवस्तु की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि 'प्रदेश कांग्रेस जनव्यथा निस्तारण समिति' ने सचिव संजय शर्मा के निर्देशन में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022 में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को सूचीबद्ध किया है और तथ्यों के साथ पूरा दस्तावेज राज्यपाल को उपलब्ध कराया गया है। समिति ने इन सभी महत्वपूर्ण खबरों की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराने के साथ ही इस दिशा में अविलंब कार्यवाही की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार और जन समस्याओं के निवारण में हीला हवाली के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करने का लगातार दावा करते हैं। किंतु खेद का विषय है कि बड़े-बड़े बयानों के बाद भी योगी के दूसरे कार्यकाल की सरकार के 100 दिन के भीतर ही शासन तंत्र द्वारा कथित रूप से भारी भ्रष्टाचार किए जाने के समाचार प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल को भेजे गए गए पत्र में कहा है कि कैबिनेट और राज्यमंत्री गण अपने विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव के द्वारा उनके निर्देशों के पालन न किए जाने से बेहद नाराज हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त पत्र में कांग्रेस पार्टी ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों तथा कर्मचारियों के स्थानांतरण मामलों में सामने आयी अनियमितता और भ्रष्टाचार तथा तीन सदस्यीय कमेटी के गठन की खबरों को प्रमुखता से इंगित करते हुए राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## चार गुना नकली नोट देने का झांसा देकर लूट करने वाले दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी एटीएस ने वास्तविक नोट के बदले उच्च गुणवत्ता की चार गुना भारतीय जाली मुद्रा देने का झांसा देकर लूट करने वाले गिरोह के दो सदस्यों रामायण सिंह और विमल पटेल को महाराष्ट्र के पालघर से गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरोह के पांच सदस्य पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। गिरफ्तार अभियुक्त रामायण सिंह उर्फ सचिन सिंह इस गिरोह का मास्टरमाइंड है। वह वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र स्थित गंगापुर मंगारी गांव का रहने वाला है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथी हरिओम दुबे के साथ मिलकर वर्ष 2013 से अब तक यूपी, राजस्थान, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र के लोगों से लगभग पांच करोड़ रुपये की लूट कर चुका है। उसके साथ गिरफ्तार विमल पटेल जौनपुर जिले के नेवढ़िया थाना क्षेत्र के नएपुर गांव का रहने वाला है। एटीएस के अनुसार यह गिरोह लोगों को उच्च गुणवत्ता की जाली भारतीय मुद्रा उपलब्ध कराने का झांसा देता था और लालच में आकर ग्राहक जब पैसे लेकर आता था तो उसे लूट लेते थे। झांसा देने के लिए ये लोग नोट के आकार का कागज लेकर उसे डाई से प्रिंट करके दिखाने का छलावा करते थे जबकि ग्राहक को असली नोट ही देते थे। इस गिरोह ने 27 अक्तूबर 2021 को प्रयागराज के एक व्यवसाई को दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में धोखे से बुलाकर उससे लगभग 90 लाख रुपये लूट लिए थे। घटना के बाद लूट के धन के बंटवारे के लिए गिरोह के सदस्य लखनऊ आए थे। इस सूचना पर 29 अक्तूबर 2021 को एटीएस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों के कब्जे से 44.77 लाख रुपये बरामद हुए थे। दोनों के विरुद्ध लखनऊ के गोमती नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त रामायण सिंह ने बताया कि उसने लूट के पैसे से पालघर जिले में राजौरी बीच पर रिसार्ट बना लिया है जहां वह आराम की जिंदगी जी रहा था। उसने मुंबई के अलावा अन्य शहरों में भी संपत्तियां बनाई हैं।

## बिजली कर्मचारियों को दी जाए कैशलेस सुविधा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र बिजली** मज़दूर संगठन की आपातकालीन बैठक में विभिन्न जनपदों से आये हुए पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। संगठन के प्रदेश महामंत्री सुहेल आबिद को विशेष आमंत्रित किया गया। अमिताभ सिन्हा ने पुरज़ोर तरीके से प्रबंधन से मांग की कि राज्य सरकार की ही भांति बिजली विभाग के कर्मचारियों को भी कैश लेस सुविधा दी जाए जिससे चिकित्सकीय आपातकाल में कर्मचारियों को जीवन व मृत्यु के बीच न झूलना पड़े। प्रान्तीय महामंत्री सुहेल आबिद ने प्रबंधन पर आरोप लगाया कि प्रबंधन ने ब्रीच ऑफ कॉन्ट्रैक्ट कर बिजली कर्मचारियों के आवास पर मीटर लगाने का जो असंवैधानिक कार्य कर रही उससे कर्मचारियों में भीषण आक्रोश व्याप्त है व यदि इसको न रोका गया तो इसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं। सभी पदाधिकारियों के साथ ग्रेड पे व अन्य वेतन विसंगतियां, रिक्त पड़े पदों पर श्रमिक से जेई के पद पर प्रोन्नति का न होना, लिपिकीय व परिचलकीय संवर्ग का मण्डल के बाहर नियम विरुद्ध स्थानांतरण करना, पुरानी पेन्शन बहाली का न होना, संविदाकर्मी की वेतन भुगतान संबंधित समस्याओं आदि पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन ने प्रबंधन से मांग की यदि उपरोक्त मांगों को शीघ्र अति शीघ्र पूरा नही किया गया तो संगठन को भीषण आंदोलन करने पे मजबूर होना पड़ेगा व जिसकी सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी प्रबंधन की ही होगी।

## पर्यटन और संस्कृति का नया केंद्र होगा प्रयागराज का कर्जन ब्रिज

● गंगा गैलरी बनेगी और समुद्र मंथन का दृश्यांकन भी होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार प्रयागराज में गंगा नदी पर निर्मित 115 साल पुराने कर्जन ब्रिज को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने जा रही है। योजना के तहत लॉर्ड कर्जन ब्रिज को गंगा गैलरी तथा हेरीटेज पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। रेलवे ब्रिज पर ग्लास का फर्श लोगों को लुभाएगा। इस पर प्रयागराज की ऐतिहासिक धरोहर भी प्रदर्शित करेगा। यह परियोजना अर्थ गंगा योजना का हिस्सा होगी, जो भारतीय संस्कृति और धार्मिक पर्यटन पर फोकस करेगी।

बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लॉर्ड कर्जन ब्रिज को संवारने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया है। कार्ययोजना के मुताबिक पर्यटन विभाग द्वारा कर्जन ब्रिज पर गंगा गैलरी स्थापित कराई जाएगी। पुल के दोनों किनारों पर रेलवे की जमीन है, जिसमें श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग, टायलेट, टिकट काउन्टर, कैफेटेरिया आदि बनाए जाएंगे। रेलवे पुल पर मां गंगा के उद्भव से लेकर गंगा सागर तक की यात्रा प्रदर्शित होगी। साथ ही प्रयागराज की पौराणिकता, धार्मिकता एवं सांस्कृतिक विरासत को लाइट एंड साउंड के माध्यम से देखने समझने का मौका मिलेगा।

ब्रिज सौंदर्यीकरण की योजना पूरी हुई तो प्रयागराजवासियों को सुबह की सैर शाम की मस्ती के लिए एक नया ठिकाना भी मिलेगा। यहां पुल के ऊपरी तल सड़क पर भारतीय व्यंजनों, शिल्प आदि की सचल वाहनों के माध्यम से बिक्री की योजना भी है। इससे पर्यटक 100 साल से अधिक पुराने इस पुल एवं मां गंगा के बारे में महत्व की जानकारी पाएंगे। मुख्यमंत्री ने रेलवे ब्रिज पर ग्लास का फर्श एवं उसके दोनों ओर रेलिंग बनाने के निर्देश दिए हैं। सेतु एवं सड़क के मध्य स्थान को आकर्षक बनाया जाएगा।

प्रयागराज आदिकाल से कुम्भ के लिए विश्वविख्यात रहा है, सो पुल पर समुद्र मंथन की घटना को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा गंगा के प्रवाह को चैनलाईज किया जाएगा तथा कर्जन ब्रिज से संगम तक फेरी की सुविधा भी होगी। कर्जन ब्रिज को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रयागराज प्रशासन एवं रेलवे आपस में समन्वय कर परियोजना को अमली जामा पहनाएंगे। इस दिशा में जल्द ही काम शुरू होने जा रहा है। विदित हो कि प्रयागराज स्थित गंगा नदी पर फाफामऊ एवं प्रयागराज को जोड़ने वाले कर्जन ब्रिज को 1899 से 1905 तक भारत में वायसराय रहे लॉर्ड कर्जन के नाम पर वर्ष 1901 में स्वीकृति मिली तथा जनवरी 1902 में इसका निर्माण शुरू हुआ। इस क्षेत्र में 61 मीटर लंबे गर्डर और 15 पिलर का प्रयोग किया गया है। पुल के नीचे की ओर सिंगनबाड़ गेज रेलवे लाइन तथा ऊपर सड़क का निर्माण किया गया। उस काल खंड से लेकर 1990 तक यह रेलवे पुल यातायात के लिए सक्रिय रहा। अत्यधिक पुराना होने के कारण रेलवे ने इसे वर्ष 1998 में यातायात के लिए प्रतिबंधित कर दिया। इस पुल के इतिहास को देखते हुए एवं इसके साथ दीर्घकाल की स्मृतियों के जुड़ा होने के कारण राज्य सरकार ने इसे टूरिस्ट स्पाट के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। अंग्रेजों के दौर का बनाया हुआ यह रेलवे पुल स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का भी साक्षी रहा है। इसके अलावा कुंभ में श्रद्धालुओं की सेवा करता रहा। वर्ष 1998 में रेलवे द्वारा पुल को यातायात के लिए बंद किये जाने के पहले पुल से गुजरने वाली गंगा-गोमती एक्सप्रेस आखिरी ट्रेन थी। कर्जन ब्रिज पर गैलरी का निर्माण एवं पर्यटन विकास की अन्य योजनायें पूरा हो जाने से पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा, जिससे रोजगार के साथ राजस्व भी मिल सकेगा। इसके माध्यम से सदियों से गंगा किनारे फलीं-फूलीं विभिन्न संस्कृतियों, अध्यात्म, खानपान, रहन-सहन का परिचय आम जनता को प्राप्त होगा।

# महिलाओं ने सावन उत्सव में मचाया धमाल

- शहर में सावन उत्सव के दौरान महिलाओं ने गाए सावन के गीत
- सामूहिक और एकल नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में बांध दिया समां
- हरे परिधान और हरी चूड़ियां पहनकर महिलाओं ने यादगार बनाया उत्सव

संवाददाता। सीतापुर

**सावन माह** का आगाज होने के साथ ही कई तरह के पारंपरिक उत्सवों का दौर भी शुरू हो जाता है। इसी श्रृंखला में सीतापुर में महिलाओं ने धूमधाम से सावन उत्सव आयोजित किया। शहर के एक गेस्ट हाउस में सावन उत्सव के दौरान महिलाओं ने जमकर मस्ती की और खूब धमाल मचाया। महिलाओं और बालिकाओं ने हरे परिधान और हरी चूडियां धारण कीं। मेंहदी रचाई, कजली और सावन के गीत गाए, झूले पर बचपन की यादें ताजा कीं और सामूहिक तथा एकल नृत्य किया। कार्यक्रम में वैश्य प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी बबीता गुप्ता को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा महिला मोर्चा की कंचन पांडे, कुसुम सिंह, ममता डोडेजा, लक्ष्मी ज्योति, कंचन, पुष्पा, सविता सराफ सोनी, आकांक्षा आदि ने सावन उत्सव को यादगार बनाने का हर जतन किया। कार्यक्रम का आयोजन साधना चौरसिया व रेशू ग्रुप द्वारा किया गया। जिसमें भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकनृत्य बच्चों के ग्रुप नृत्य के अलावा कई तरह के कार्यक्रमों की श्रृंखला चली। आप भी देखिए सावन उत्सव की कुछ मनमोहक झलकियां।

## लोक भारती सीतापुर का पौधरोपण हेतु अभियान जारी

संवाददाता। सीतापुर

**लोक भारती** सीतापुर द्वारा हरिशंकरी पौधरोपण के लिए मिश्रिख क्षेत्र में अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में राजेश्वरी कन्या इंटर कॉलेज, यशोदा कन्या महाविद्यालय, महर्षि दधीच इंटर कॉलेज में बैठक का आयोजन किया गय। यह बैठक जिला संयोजक कमलेश सिंह के नेतृत्व में की गई। जिसकी अध्यक्षता आरएसएस लोकभारती राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र सिंह ने की। उन्होंने बताया कि 101 पौधरोपण ब्लॉक संयोजक देशराज सिंह प्रधान बरेठी द्वारा 60 गांव में किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को महर्षि दधीच इंटर कॉलेज मिश्रिख, राजेश्वरी कन्या इंटर कॉलेज के प्रांगण में 11 हरिसंकरी पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर शिव सागर प्रधान, शैलेंद्र राज, रामजी मिश्रा, नीरज त्रिपाठी, शोभा चतुर्वेदी, रति श्रीवास्तव, प्रमोद वैश्य, आलोक कुमार वर्मा, एसके विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### मैंगो ग्रोवर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया ने सपा एमएलसी को किया सम्मानित

**सीतापुर।** मैंगो ग्रोवर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया के तत्वाधान में शनिवार को प्रेस क्लब में समाजवादी पार्टी के एमएलसी जासमीर अंसारी को सम्मानित किया गया। मैंगो ग्रोवर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता सिराज मेहंदी, चेयरमैन इंसराम अली, प्रदेश अध्यक्ष शिवशरण सिंह समेत गणमान्य लोगों ने जासमीर अंसारी को माला पहनाकर व उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जासमीर अंसारी सीतापुर के लहरपुर से बसपा के विधायक रह चुके हैं और उनकी पत्नी कैसर जहां सांसद रह चुकी हैं। दोनों ने विधानसभा चुनाव से पहले सपा का दामन थामा था। जासमीर अंसारी ने प्रेस क्लब में एसी लगवाने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व एमएलसी सिराज मेहंदी, पूर्व विधायक बाबू खान, विधायक शेर बहादुर सिंह, हसीब सिद्दीकी, पीके तिवारी, अतहर हुसैन, अमित जमाई, सुरेश बहादुर सिंह, प्रदीप कपूर, चाँद मिंया आदि मौजूद थे।

### द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर मिठाई बांट मनाई खुशियां

**बरेली।** देश के राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू के प्रचंड जीत के साथ राष्ट्रपति बनने की खुशी में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम जेठा ने अपनी महानगर और मंडल की कार्यकर्ता बहनों के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष जताकर बधाइयां दी। जेठा ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी महिला को लोकतंत्र के सर्वोच्च पद पर बैठाकर आदिवासी समाज की राह आसान की है। ऐतिहासिक गौरवशाली विजय की हार्दिक बधाई, सादर अभिवादन, नारी शक्ति को मिली एक और शक्ति राष्ट्रपति का साथ विश्वास और महिलाओं का विकास इस सब के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्षधन्यवाद आभार व्यक्त किया।

## सड़क दुर्घटना में घायल किशोर की मौत

**बरेली।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।रामपुर के कस्बा व थाना खजुरिया निवासी लीलाधर के बेटे सोनू की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सोनू घर के पास स्थित प्राइज जूनियर हाई स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था और 2 दिन पूर्व शाम को अपने तहेरे भाई विक्की के साथ शीशगढ़ निवासी एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए मोटरसाइकिल पर अपने घर से निकला था लेकिन रिश्तेदार के घर पहुंचने से पहले ही उनकी बाइक को पीछे से आ रही किसी गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे उनकी बाइक सड़क पर गिर पड़ी और उस पर सवार सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उनके घर वालों को सूचना दे दी जहां बीती रात सोनू ने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दो भाई थे इसकी मां का नाम लक्ष्मी देवी है ।

## गाड़ियों के पार्ट चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार

**बरेली।** खड़ी हुई गाड़ियों के पास अपना मिनी लोडर खड़ा करने के बाद उसकी आड़ में छिपकर खड़ी गाड़ियों के पार्ट चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गले हाथों गिरफ्तार कर लिया उनके पास से गाड़ियों के चोरी किए गए पार्ट भी बरामद हुए।सीबीगंज थाना क्षेत्र में मथुरापुर तिराहा पर पुलिस ने आज सीबीगंज के गांव परसा खेड़ा बंजरिया निवासी निहालउद्दीन पुत्र चंद्रउद्दीन उर्फ चांद मियां और नंदोषी गांव में रहने वाले तेजराम को एक मिनी लोडर के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## धूमधाम से मनाया जायेगा श्रावणी पर्व

**सीतापुर।** राष्ट्रवादी ब्राहमण समाज की बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद अवस्थी ने बताया कि संगठन का विस्तार बहुत से प्रदेशों में किया जा चुका है तथा ब्राह्मण वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय महामंत्री अनिल मिश्रा द्वारा संगठन की योजनाओं के बारे में विस्तार से सभी को बताया कि आगामी रक्षाबंधन पर श्रावणी पर्व नीमसार के चक्रतीर्थ पर धूमधाम से 12 जुलाई को सवेरे 8:30 बजे से मनाया जाएगा। संचालन मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार बाजपेई ने करते हुए सभी ब्राह्मणों से 12 जुलाई को नैमिष चक्रतीर्थ पर एकत्रित होकर श्रावणी पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने की अपील की है। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक त्रिभुवन शुक्ला, प्रांतीय संरक्षक मुनीन्द्र अवस्थी, मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर दयाल तिवारी, जिला संयोजक संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चतुर्वेदी, रत्नेश द्विवेदी, भानु चतुर्वेदी, रमेश बाबू मिश्रा, साकेत मिश्रा, रमेश त्रिवेदी, पिंटू मिश्रा आदि मौजूद थे।

## जीवीके कम्पनी की ओर से 108 व 102 एंबुलेंस चालकों को किया गया प्रशिक्षित

**सीतापुर।** लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवीके कंपनी की ओर से प्रशिक्षक कमल जोशी ने आपातकालीन सेवा 108 व 102 एंबुलेंस चालकों को प्रशिक्षित किया। सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली, लहरपुर, परसेंडी व तंबौर के एंबुलेंस चालकों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से एंबुलेंस की साफ-सफाई, चालक की वेशभूषा, रिकॉर्ड का रखरखाव, उपकरणों की जानकारी, दवाइयों का स्टॉक के साथ ऑक्सीजन लगाना तथा मरीज के साथ अच्छा व्यवहार करने के बारे में बताया गया। इस मौके पर अजय सिंह तोमर, प्रविंद्र पाल सिंह, नीरज वर्मा, प्रमोद कुमार, संजय गंगवार, निर्वेश यादव, हरिराम वर्मा, मेराज सलमान, श्रवण कुमार, मोहन सिंह, प्रशांत वर्मा, अमरपाल, अखिलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## निर्भयमय हुई पसगवां कोतवाली



**मोहम्मदी-खीरी।** पसगवां कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद एक प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि मैं मूल रूप से सिवान बिहार का रहने वाला हूं। गोरखपुर में शिक्षा ग्रहण की। जिला खीरी में आने पर संपूर्णानगर एआईटी सेल न्यायालय सुरक्षा सहित पुलिस अधीक्षक के पीआरओ के पद पर रहा हूं। अब मुझे इस कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा सावन माह चल रहा है। जिसके लिए हमारा पुलिस बल हर मार्ग पर तैनात है। ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रचनात्मक कार्यों में प्रभारी निरीक्षक ने मीडिया का सहयोग मांगा। अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए अपने अधीनस्थों को उचित दिशानिर्देश दिऐ गये है।

## जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी आज

**लखीमपुर खीरी।** उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने बताया कि जनपद स्तर पर खरीफ उत्पादन 2022 के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन मण्डी परिसर में 25 जुलाई को किया जा रहा है। जिसमें कृषि, कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा कृषि की नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी दी जायेगी। विभाग से संबंधित प्रदर्शनी/स्टाल भी लगाए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### एसडीएम ने किया जमीन पर कब्जा पूर्व मंत्री संतोष गंगवार और जिलाधिकारी से की शिकायत

**बरेली।** बरेली जिले की मीरगंज तहसील के गांव करौरा भगवंतपुर के रहने वाले लोगों ने पूर्व मंत्री संतोष गंगवार बरेली जिला अधिकारी को शिकायत करते हुए कहा कि एसडीएम संभल द्वारा उनकी जमीन को बलपूर्वक जोत कर कब्जा किया जा रहा है। लोगों ने एसडीएम के आतंक से छुटकारा पाने के लिए गुहार लगाई है।गांव करौरा भगवंतपुर के रहने वाले तमाम लोगों ने पूर्व मंत्री संतोष गंगवार से की शिकायत पूर्व मंत्री संतोष कुमार ने पत्र लिख कर दिया गांव बाले जिलाधिकारी बरेली के समक्ष प्रस्तुत होकर बताया कि उनके गांव में ही उनकी कृषि भूमि है जिनको वह पिछले 20 वर्षों से रामगंगा के छोड़ने के बाद से जोत रहें हैं। बताया बीती 3 जुलाई को साम 4 बजे एसडीएम संभल विनय मिश्रा अपने 15-20 लोगों के साथ आए और काश्तकारों की बोई हुई तिल की खड़ी फसल को बलपूर्वक जुतवा दिया। जिससे काश्तकारों का भारी नुकसान हुआ। उनका कहना है कि उनके गांव में संभल एसडीएम ने 100- 100 बीघा के कई प्लाटों पर कब्जा कर रखा है। बताया कि एसडीएम के आतंक से गांव के लोग परेशान हैं। काश्तकारों ने अपनी जमीन एसडीएम से छोड़कर दिलवाने को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

### बंदरों के हमले से बुजुर्ग घायल

**बरेली।** कुछ दिन पूर्व बंदरों के हमले में बच्चे की मौत के बाद रविवार को बंदरों ने एक बुजुर्ग को निशाना बनाया लिया जिससे बुजुर्ग घायल हो गया शाही थाने के दुनका गांव में बंदरों के झुंड ने बुजुर्ग पर हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया रविवार सुबह बुजुर्ग छोटेलाल पत्नी के साथ झोपड़ी में बैठे थे, लड़ते हुए बंदरों का झुंड उन तक पहुंच गया उन्होंने भगाने का प्रयास किया तो बंदर हमलावर हो गए हाथ व पीठ पर काट लिया बुजुर्ग के शोर मचाने पर पास का ही हरिओम वहां पहुंचा उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर बंदरों को वहां से भगाया तब तक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। ज्ञात हो कि इसी गांव में बंदरों ने 16 जुलाई की शाम को निर्देश उपाध्याय की गोद से चार माह के बच्चे को छीनकर नीचे फेंक दिया था, जिससे बच्चे की मौत हो गई थी। आज की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बंदरों को पकड़कर किसी दूसरे स्थान पर छोड़े जाने की मांग की है ।

### सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ इंडियन रोटी बैंक 281 वां सप्ताह

**सीतापुर।** इंडियन रोटी बैंक सीतापुर का 281 वां सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रुप से इंडियन रोटी बैंक सीतापुर के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर का कार्यक्रम की शुरुआत बड़े हनुमान मंदिर, बाबा जंगली नाथ मंदिर व बस स्टैंड पर भूखे लोगों को भोजन पैकेट वितरण करके किया। इस मौके पर इंडियन रोटी बैंक सीतापुर जिला कोर्डिनेटर पंकज शुक्ला, अंजनी मिश्रा, आकाश मिश्र, अभिषेक मिश्रा, शगुफ्ता जहरा, विशाल मेहरोत्रा, तबस्सुम जहरा, सुनीता वर्मा, चन्द्रवती, नीरज पांडेय, त्रिलोक नाथ धवन, आशुतोष शर्मा, आशीष शुक्ला आदि मौजूद थे।

### वैश्य महासमिति उत्तर प्रदेश की बैठक आयोजित

**सीतापुर।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति उत्तर प्रदेश की बैठक शहर के होटल इन में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता तथा संगम लाल गुप्ता रहे। प्रांतीय अध्यक्ष नें दोसर वैश्य समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए राजन गुप्ता को भारतीय दोसर वैश्य महासमिति उत्तर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ महामंत्री पद पर मनोनीत करने की घोषणा की। बैठक में सर्वसम्मति से सीतापुर जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमे अशोक कुमार गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत कर पूरी इकाई की घोषणा की गई। बैठक में अरुण कुमार गुप्ता, प्रेम शंकर गुप्ता, चंदन गुप्ता, ललित गुप्ता, रामसरन गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, पवन गुप्ता, मनीष वैश्य, दिनेश गुप्ता, मोनू गुप्ता, पंकज गुप्ता, अंजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

### बेखौफचोरों ने दो घरों से पार की लाखों की सम्पत्ति

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली इलाके की भदफर चौकी क्षेत्र में बेखौफचोरों ने दो घरों से नगदी व जेवर समेत लाखों रुपये की संपति पर हाथ साफकर दिया। भदफर निवासी दीपक पांडेय पुत्र रामनरेश पांडेय ने कि शनिवार की रात घर में घुसे चोरों ने 35 हजार की नगदी और जेवरों समेत लाखों की संपति चोरी कर ली। सुबह आंख खुलने पर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। वहीं, चोरों ने भदफर के ही सियाराम मिश्र के घर से भी लाखों का माल बटोर लिया। भदफर चौकी प्रभारी मणिकांत श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### अलमारी में बैठे सर्प ने युवती को डसा

**सीतापुर।** थाना रेउसा क्षेत्र के भरथा गांव में शुशील की 18 वर्षीया बेटी शिरोमणी कमरे में आलमारी से पैसे निकालने गयी। दीवार में बनी अलमारी में बैठे सर्प ने उसे हाथ में काट लिया। सर्पदंश की जानकारी होने पर परिजनों ने युवती को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर सुनील यादव द्वारा एंटी स्नेक वैक्सीन देते हुए उपचार प्रारंभ किया गया। एक घंटे तक चले उपचार के बाद युवती की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। डॉक्टर सुनील यादव ने बताया जहरीले सर्प के काटने के बाद परिजनों द्वारा समय से उपचार के लिए लाने के चलते जान बचा ली गई है।

### कैम्प लगाकर लिए गए राशन कार्ड के आवेदन

**सीतापुर।** ब्लॉक बेहटा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बसे रायमडोर गांव में तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी के निर्देशन में खाद्य पूर्ति निरीक्षक डॉ आलोक कुमार सिंह ने सामुदायिक केंद्र पर कैंप लगाकर ग्रामीणों से राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्राप्त किए। भारी संख्या में ग्रामीणों ने राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया। पूर्ति निरीक्षक डॉ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों के राशन कार्ड बनवाए जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर कटान मोर्चा अध्यक्ष विनोद पाल, पूर्व प्रधान बैजनाथ, प्रधान श्याम बिहारी, कोटेदार कमल किशोर, ग्राम पंचायत अधिकारी अमित कुमार वर्मा, विनोद कुमार, कुलदीप, सगीर अहमद, मूलचंद आदि मौजूद थे।

### इमलिया सुल्तानपुर थाना परिसर में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**सीतापुर ।** इमलिया सुल्तानपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। सीओ महोली अमन सिंह ने ताजिया दारो से शांति से मोहर्रम का जुलूस निकालने की बात कही। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने प्रधान ताजिया दारो से जानकारी ली कि इमिलिया थाना क्षेत्र में कहां कहां ताजिया होते हैं। इस मौके पर उप निरीक्षक राम अवध चौहान, फैयाज अली, बाबू खान, सरवण कुमार यादव, प्रधान मकबूल अहमद, गुड्डू अली, इदरीश, अलीशेर, शौकत अली, शराफत अली, मोहम्मद उमर बेग, अलाउद्दीन चौधरी, रिजवान अली आदि मौजूद थे।

## एपी स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**निघासन-खीरी।** क्षेत्र के नगर पंचायत निघासन में सिंगाही रोड स्थिति एबलान पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं ने सीबीएसई में परचम लहराया। वही कस्बा निवासी स्वर्गीय अशोक गुप्ता की पुत्री भूमि गुप्ता ने ट्वेल्थ क्लास में 95 प्रतिशत अंक पाकर अपने जनपद और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कालेज के एमडी आरके कश्यप और मीनाक्षी कश्यप ने छात्र/छात्राओं के माता पिता को बुलाकर एबलान पब्लिक स्कूल के सभागार में छात्र/छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनके उज्वल भविष्य के लिये कामना की। इस मौके प्रधानाचार्य अनुराग दत्त, एकाउंटेंट आशीष गुप्ता व उत्तम सिंह समेत अभिभावक एवं छात्र/छात्राएं मौजूद रही। इस प्रकार विद्यालय में टापटेन की लिस्ट में भूमि गुप्ता 95%, श्रेया गुप्ता 92%, पलक पांडे 90%, कोमल प्रीत कौर 895%, गगन दिवाकर 89.4%, यश गुप्ता 85.2%, कोमल प्रीत कौर 84.8%, इलाफ हुसैन 83.8%, शिवान्श भरद्वाज:81% व सिमरन जीत कोर 80.8% आदि बच्चों को विद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया।

## 11 दिवसीय भागवत कथा का हुआ आयोजन

संवाददाता। निघासन-खीरी

**सावन के** पावन माह के अवसर पर ग्राम देवीदीनपुरवा के शिव मंदिर पर ग्यारह दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन गांव के ही रामकुमार उर्फ रामू के द्वारा आयोजन किया गया। पंडित उत्तम कुमार महराज द्वारा कथा प्रारंभ हुई। उन्होंने कहा कि एक बार इंद्रदेव को अभिमान हो गया तब लीलाधारी श्रीकृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन श्री कृष्ण ने देखा कि सभी ब्रजवासी तरह-तरह के पकवान बना रहे हैं। पूजा का मंडप सजाया जा रहा है और सभी लोग प्रात:काल से ही पूजन की सामाग्री एकत्रित करने में व्यस्त हैं। तब श्री कृष्ण ने योशदा जी से पूछा कि मईया ये आज सभी लोग किसके पूजन की तैयारी कर रहे हैं। इस पर मईया यशोदा ने कहा कि पुत्र सभी ब्रजवासी इंद्र देव के पूजन की तैयारी कर रहे हैं। तब कन्हैया ने कहा कि सभी लोग इंद्रदेव की पूजा क्यों कर रहे हैं तो माता यशोदा उन्हें बताते हुए कहती हैं कि इंद्रदेव वर्षा करते हैं



और जिससे अन्न की पैदावार अच्छी होती है और हमारी गायों को चारा प्राप्त होता है। तब श्री कृष्ण ने कहा कि वर्षा करना तो इंद्रदेव का कर्तव्य है। यदि पूजा करनी है तो हमें गोवर्धन पर्वत की करनी चाहिए क्योंकि हमारी गायें तो वहीं चरती हैं और हमें फल-फूल व सब्जियां आदि भी गोवर्धन पर्वत से प्राप्त होती हैं। इसके बाद सभी ब्रजवासी इंद्रदेव की बजाए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे। इस बात को देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और क्रोध में आकर प्रलयदायक मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। जिससे हर ओर त्राहि-त्राहि होने लगी। सभी अपने परिवार और पशुओं को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। तब ब्रजवासी कहने लगे कि यह सब कृष्णा की बात मानने का कारण हुआ है अब हमें इंद्रदेव का कोप सहना पड़ेगा। भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव का अंहकार दूर करने और सभी ब्रजवासियों की रक्षा करने हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया। तब सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। इसके बाद इंद्रदेव को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने श्री कृष्ण से क्षमा याचना की। इसी के बाद से गोवर्धन पर्वत के पूजन की परंपरा आरंभ हुई! इस मौके पर रामचंद्र ढोलक बाजक हरपाल मंजीरा, सेवक राम समेत क्षेत्र के सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

### चला जागरूकता अभियान

लखीमपुर-खीरी। बाल भिक्षावृत्ति/बचपन बचाओ आंदोलन के क्रम में लखीमपुर शहर व थाना फूलबेहड़ में मंदिर बस स्टाप रेलवे स्टेशन टेंपो स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर तथा मानव तस्करी बचपन बचाओ आंदोलन से संबंधित जागरूकता अभियान में लोगों को जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार कर्मचारीगण, कांस्टेबल राजेश यादव, महिला आरक्षी नीरज गिल एवं चाइल्ड लाइन से समन्वयक संतोष राजवंशी, नैमिष की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर बाल भिक्षावृत्ति के 5 बच्चों को भीख मांगते हुए पाए गए। उन्हें सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## पेज एक का शेष

### कोविंद ने...

का उदाहरण दिया। हमें केवल उनके नक्शेकदम पर चलना है और चलते रहना है। कोविंद ने पूछा, और आज एक आम नागरिक के लिए ऐसे आदर्शों के क्या मायने हैं? निवर्तमान राष्ट्रपति ने कहा, मेरा मानना है कि मुख्य लक्ष्य उन्हें जीने का आनंद खोजने में मदद करना है। इसके लिए सबसे पहले उनकी बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए। कोविंद ने अपने पहले के दिनों को याद करते हुए कहा, जब अपने छोटे से गांव में, एक साधारण बालक के नजरिए से मैं जीवन को समझने की कोशिश कर रहा था, तब देश को आजादी हासिल किए हुए कुछ ही साल हुए थे। देश के पुनर्निर्माण के लिए लोगों में एक नया जोश दिखाई देता थाअ उनकी आंखों में नए सपने थे। मेरे दिलो-दिमाग में भी एक धुंधली सी कल्पना उभर रही थी कि एक दिन शायद मैं भी अपने देश के निर्माण में भागीदारी कर सकूंगा। उन्होंने कहा, कच्चे घर में गुजर-बसर करने वाले एक परिवार के मेरे जैसे साधारण बालक के लिए हमारे गणतंत्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद के बारे में कोई भी जानकारी होना कल्पना से परे था। लेकिन यह भारत के लोकतंत्र की ताकत है कि इसमें हर नागरिक के लिए ऐसे रास्ते खुले हैं, जिन पर चलकर वह देश की नियति को संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कोविंद ने कहा, कानपुर देहात जिले के परौंख गांव के अति साधारण परिवार में पला-बढ़ा वह रामनाथ कोविन्द आज आप सभी देशवासियों को संबोधित कर रहा है, इसके लिए मैं अपने देश की जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था की शक्ति को शत-शत नमन करता हूं।

### दिल्ली में...

हालात है और यह अब वैश्विक आपात स्थिति है। वैश्विक स्तर पर 75 देशों में मंकीपॉक्स के 16,000 से अधिक मामले सामने आए हैं और इस संक्रमण के कारण अभी तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

### मोदी की...

सुरक्षा देना है, न कि प्रधानमंत्री का बैनर लगाना है। उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित खामियों और नियमितताओं को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश किए जाने के बाद से उपराज्यपाल और दिल्ली की सरकार के बीच तनातनी लगातार बढ़ती जा रही है। वन महोत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के फोटो को लेकर यह तकरार और तेज होने की संभावना है।सूत्रों ने बताया कि वन महोत्सव कार्यक्रम स्थल के मंच पर लगाए जाने वाले बैनर के डिजाइन बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार को भेजे गए थे। उन्हें बैनर पर प्रधानमंत्री की तस्वीर पर आपत्ति थी, लेकिन उन्हें समझाया गया कि वन महोत्सव भारत सरकार की पहल है और वहां प्रधानमंत्री के साथ-साथ उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री की भी तस्वीर है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार के कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक कार्यक्रम बना दिया गया। इसके चलते उन्होंने और मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का फैसला किया।

### स्मृति ने...

कहा गया है, 'ये आरोप न केवल हमारी मुवक्किल और उनकी बेटी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि उनकी गरिमा को भंग करने का भी प्रयास हैं।' कांग्रेस ने शनिवार को ईरानी की बर्खास्तगी की मांग करते हुए उनकी बेटी पर गोवा में एक अवैध बार चलाने का आरोप लगाया था। वहीं, ईरानी ने पलटवार करते हुए कहा था कि नेशनल हेराल्ड मामले में उनके मुखर रुख के कारण उनकी बेटी पर गांधी परिवार के इशारे पर 'दुर्भावनापूर्ण' आरोप लगाया गया है। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को गोवा में उस रेस्तरां के बाहर प्रदर्शन किया, जिसके बारे में कांग्रेस का दावा है कि यह स्मृति ईरानी की बेटी का है।

### ईडी का...

जांचकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की आशंका है ओर उन्हें सहयोग नहीं मिलेगा। इस बीच, ईडी के सूत्रों ने कहा कि उनको 70 वर्षीय मंत्री और उनके सहयोगी के घरों से घोटाले का एक छोटा सा हिस्सा मिला है। मंत्री के पास सात बंगले, एक अपार्टमेंट और वीरभूम जिले में विश्व भारती विश्वविद्यालय के पास शांति निकेतन के पास 10 एकड़ भूमि का पर्यटन स्थल है। ईडी के अधिकारियों को वेस्ट मिंडापुर के पिंगला में एक इंटरनेशनल स्कूल मिला है, जिसकी कीमत 100 करोड़ रुपए है, चटर्जी की पत्नी के नाम पर इस स्कूल की जमीन को 45 करोड़ रुपये नकद में खरीदा गया था। भाजपा चटर्जी के 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के ईडी के दावों को खारिज करते हुए कहती है कि यदि बीरभूम जिले के अनुब्रत मंडल के टीएमसी के सुरक्षा गार्ड 1000 करोड़ रुपये की संपत्ति मिलती है तो मंत्री पार्थो चटर्जी का कद इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। टीएमसी के शीर्ष पांच नेताओं के पास से इससे कहीं अधिक संपत्ति मिल सकती है। इसके अलावा ईडी को 12 फर्जी कंपनियों से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। सूत्रों ने कहा कि मंत्री के आवास पर तलाशी लेने से नतीजा निकला है परीक्षार्थियों के फर्जी प्रवेश पत्र, अनुशंसा पत्र, संशोधित परीक्षा परिणाम उनको दोषी साबित करने के लिए पर्याप्त हैं। सूत्रों ने दावा किया कि जांच में पता चला कि दो साड़ी व्यापारियों के माध्यम से नकद पड़ोसी बांग्लादेश में हवाला के जरिए हस्तांतरित किया गया होगा। इस बीच, भले ही टीएमसी ने अर्पिता मुखर्जी के घर और वरिष्ठ नेताओं के ठिकानों पर मिली नकदी के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया हो, लेकिन ईडी के ठोस सबूत पेश करने पर इन लोगों को जेल जाना पड़ सकता है।

### अभी भी...

एजेंडा रख सकते हैं। एनजीटी ने कहा कि निराशाजनक स्थिति को देखते हुए निष्पादन और निगरानी में एक आदर्श बदलाव आवश्यक प्रतीत होता है। एनजीटी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य के अधिकारियों द्वारा निष्पादन पर्याप्त नहीं है, बहुत धीमा और दायित्व की कमी है तथा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन गैर-अनुपालन और लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफलता के खिलाफ कड़े कदम उठाने की स्थिति में नहीं है। एनजीटी ने कहा, लंबित चुनौती से निपटने के लिए निष्पादन एजेंसी को सक्रिय और प्रभावी होना चाहिए, जिसमें सरल और लचीली प्रक्रियाएं तथा समय-सीमा निर्धारित हो। देरी के लिए जीरो टॉलरेंस नीति होनी चाहिए। कार्य को परिभाषित जवाबदेही के साथ लक्ष्योन्मुख होना चाहिए, इसके बाद चूक के लिए सख्त परिणाम होने चाहिए। फिलहाल उल्टा हो रहा है।

### नीरज ने...

ने 90.21 मीटर से शुरुआत की और उनका उसके बाद 90.46, 87.21, 88.11, 85.83 मीटर के थ्रो फेंके। पांच प्रयासों के बाद ही उनका स्वर्ण सुनिश्चित हो गया था लेकिन उन्होंने छठा थ्रो 90.54 मीटर फेंका जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। चोपड़ा ने ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में शुरूआत की और 88.39 मीटर का थ्रो फेंका था जो उनके कैरियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। गत चैम्पियन पीटर्स ने ग्रुप बी में 89.91 मीटर का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया था। चोपड़ा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने रजत पदक पहनाया। दर्शक दीर्घा में मौजूद कई भारतीयों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर का है। उन्होंने लंदन विश्व चैम्पियनशिप 2017 में खेला था लेकिन फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे। दोहा में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में वह कोहनी के आपरेशन के कारण नहीं खेल सके थे। चोपड़ा ने इस सत्र में दो बार पीटर्स को हराया था जबकि पीटर्स जून में डायमंड लीग में विजई रहे थे। पीटर्स अब सत्र में छह बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं जबकि चोपड़ा अभी तक यह बाधा पार नहीं कर पाए हैं। रोहित ग्रुप बी में 80.42 मीटर का थ्रो फेंककर छठे स्थान पर और कुल 11वें स्थान पर रहे थे। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 82.54 मीटर है जो उन्होंने राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में पिछले महीने हासिल करके रजत पदक जीता था। चोपड़ा ने 2016 में विश्व जूनियर चैम्पियनशिप जीती थी। वह मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल चैम्पियन हैं। उन्होंने 2017 एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण जीता था। एक रजत और पांच खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचने के साथ भारत का विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत के एल्डोस पॉल त्रिकूद फाइनल में नौवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16.79 मीटर रहा जो उन्होंने दूसरे दौर में दिया। पहले प्रयास में उन्होंने 16.37 मीटर और तीसरे प्रयास में 13.86 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक चैम्पियन पुर्तगाल के पेड्रो पिकार्डो 17.95 मीटर के साथ शीर्ष पर रहे जबकि बुर्किना फासो के एच फेब्रिस जांगो (17.55 मीटर) दूसरे और चीन के यामिंग झू (17.31 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। एल्डोस पॉल विश्व चैम्पियनशिप त्रिकूद फाइनल में जगह बनाने वाले भारत के पहले एथलीट थे जिन्होंने 16.68 मीटर की कूद लगाकर क्वालीफाई किया था।

# सेना के तीनों अंगों की संयुक्त थिएटर कमान स्थापित होगी: राजनाथ सिंह




**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए सेना के तीनों अंगों की संयुक्त थिएटर कमान स्थापित करने का निर्णय लिया है। सिहं ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों के मामले में दुनिया के सबसे बड़े आयातक से एक निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिंह यहां जम्मू विश्वविद्यालय के पास गुलशन ग्राउंड में जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फोरम द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। सिंह ने कहा, (करगिल में ऑपरेशन विजय में संयुक्त अभियान के मद्देनजर) हमने संयुक्त थिएटर कमान स्थापित करने का फैसला किया है। कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को देश नहीं भूल सकता। समाज और लोगों का यह कर्तव्य है कि वे शहीदों और उनके परिवारों को पूरा सम्मान दें। आप जो भी सहायता प्रदान कर सकते हैं, उनके परिवारों के लिए करें। यह प्रत्एक नागरिक की जिम्मेदारी है। रक्षा उत्पादन का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, भारत (रक्षा उत्पादों का) दुनिया का सबसे बड़ा आयातक था। आज, भारत दुनिया का सबसे बड़ा आयातक नहीं, बल्कि रक्षा निर्यात में शामिल शीर्ष 25 देशों में से एक है। सिंह ने कहा कि देश ने 13,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात शुरू कर दिया है और 2025-26 तक इसे बढ़ाकर 35,000 रुपए से 40,000 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य रखा गया है। आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबले ने भी सभा को संबोधित किया।

# नायडू ने स्कूल, कॉलेजों मे सामुदायिक सेवा अनिवार्य करने का सुझाव दिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति एम वेकैंया नायडू** ने स्कूलों और कॉलेजों में सामुदायिक सेवा को अनिवार्य करने का रविवार को सुझाव देते हुए युवाओं में साझा करने और देखभाल करने की भावना पैदा करने पर ज़ोर दिया। इस्कॉन के संस्थापक की आत्मकथा सिंग, डांस एंड प्रे : द इंस्पीरेशनल स्टोरी ऑफ श्रील प्रभुपाद के विमोचन के मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि भारतीय सभ्यता एकता, शांति और सामाजिक सद्भाव के सार्वभौमिक मूल्यों पर आधारित है और उन्होंने सदियों पुराने इन मूल्यों को संरक्षित करने एवं प्रसारित करने के लिए आध्यात्मिक पुनर्जागरण का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति ने युवाओं से कहा कि वह महान संत और श्रील प्रभुपाद जैसे आध्यात्मिक नेताओं से प्रेरणा लें और बेहतर इंसान बनने के लिए अनुशासन, कड़ी मेहनत, संयम और सहानुभूति वाले गुणों को ग्रहण करें।

उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, नायडू ने कहा, आपको जाति, लिंग, धर्म और क्षेत्र की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठना चाहिए और समाज में एकता, सद्भावना और शांति लाने के लिए काम करना चाहिए। श्रील प्रभुपाद को समतावादी विचार का अगुवा बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रभुपाद ने उन लोगों को गले लगाया जिन्हें समाज ने अलग कर दिया था और उनकी जिंदगियों में खुशी लेकर आए। नायडू ने वैदिक ज्ञान और संस्कृति के प्रचार के जरिए सार्वभौमिक शांति और सद्भाव की दिशा में प्रभुपाद के अथक प्रयास की सराहना की।

# नीट के लिए मुफ्त कोचिंग से वंचित तबके के छात्रों ने सपने देखना सीखा

**पुणे ( महाराष्ट्र )।** ऐसे समय में जब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की कोचिंग कराने में माता-पिता के तीन लाख रुपए तक खर्च हो सकते हैं, महाराष्ट्र में डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों का एक समूह गरीब परिवारों और ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग दे रहा है। 2015 में शुरू हुए लिफ्ट फॉर अपलिफ्टमेंट (एलएफयू) प्रोजेक्ट ने गरीब परिवारों के सौ से अधिक छात्रों की एमबीबीएस और अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित अखिल भारतीय प्री-मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को उत्तीर्ण करने में मदद की है। समान विचारधारा वाले 10 से 15 मेडिकल छात्रों के साथ प्रोजेक्ट शुरू करने वाले डॉ. अतुल ढकाने ने कहा, 2015 में जब मैं पुणे में बीजे मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष में था, तब मैं कुछ पैसे कमाने और सीखने के लिए एक कोचिंग क्लास में जीव विज्ञान पढ़ाता था। वहां मुझे एहसास हुआ कि मोटी फीस के कारण गरीब पृष्ठभूमि, ग्रामीण, आदिवासी और सूखाग्रस्त क्षेत्रों से आने वाले छात्र कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकते हैं। ढकाने ने पीटीआई-भाषा को बताया, शुरुआत में हमने ग्रामीण क्षेत्रों के उन छात्रों को लेना शुरू किया, जो चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना चाहते थे और पुणे नगर निगम द्वारा संचालित स्कूल की एक छोटी कक्षा में उन्हें पढ़ाना शुरू कर दिया।

इस दौरान 36 बैच के छह छात्रों ने मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित महाराष्ट्र सरकार के सीईटी यानी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट को पास किया। उनमें से कई ने अच्छे कॉलेजों में प्रवेश लिया। ढकाने के मुताबिक, नीट-2017 में लिफ्ट फॉर अपलिफ्टमेंट प्रोजेक्ट के तहत कोचिंग लेने वाले 11 छात्रों ने मेडिकल कॉलेजों में सीटें हासिल कीं। उन्होंने कहा, उनमें से कुछ बहुत गरीब और हाशिए वाली पृष्ठभूमि से थे। एक सफल छात्र विशाल भोंसले फासे पारधी समुदाय से थे। उन्होंने हाल ही में सोलापुर के सरकारी कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद अपनी इंटर्नशिप पूरी की है।

ढकाने के अनुसार, पुणे और मुंबई जैसे शहरों में शीर्ष नीट कोचिंग संस्थान तीन लाख रुपए तक फीस लेते हैं। एलएफयू मुफ्त कोचिंग प्रदान करता है। हर साल कुल 60 छात्र एलएफयू कोचिंग के लिए दाखिला लेते हैं। जुलाई 2022 में कम से कम 48 एलएफयू छात्रों ने नीट की परीक्षा दी। पुणे के बाद मुंबई से 600 किलोमीटर दूर पूर्वी महाराष्ट्र के आदिवासी मेलघाट क्षेत्र में एलएफयू का एक और शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया था। स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा द्वारा शुरू किए गए महान आदिवासी आंदोलन के नाम पर इसे उलगुलान नाम दिया गया था।

# यदि कोई युद्ध हुआ, तो भारत बनेगा विजेता: रक्षा मंत्री

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि हम पर बुरी नजर डालने वाला कोई भी हो भारत मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि कोई युद्ध हुआ तो भारत विजेता बनकर उभरेगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के हिस्से को फिर से हासिल करने की वकालत करते हुए सिंह ने कहा कि यह भारत का हिस्सा है और इस देश का हिस्सा बना रहेगा। सिंह ने यहां कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मैं आपको विश्वास के साथ बताना चाहता हूं कि अगर किसी विदेशी ताकत ने हम पर बुरी नजर डाली और युद्ध हुआ तो हम विजई होंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने 1947 के बाद से सभी युद्धों में पाकिस्तान को हराया और कड़वी हार के बाद उसने छद्म युद्धों को अंजाम दिया।

1965 और 1971 के प्रत्यक्ष युद्धों में हार का स्वाद चखने के बाद पाकिस्तान ने छद्म युद्ध का रास्ता अपनाया। दो दशकों से अधिक समय तक इसने हजारों घावों के साथ भारत को लहूलुहान करने की कोशिश की, लेकिन हर बार हमारे बहादुर सैनिकों ने दिखाया है कि कोई भी भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को भंग नहीं कर सकता है। सिंह ने राष्ट्र को आश्वस्त करते हुए कहा कि सशस्त्र बल भविष्य की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध के दौरान जम्मू-कश्मीर के लोग अपनी सेना के साथ खड़े रहे। कोई हिंदू हो या मुस्लिम, सभी अपनी सेना के साथ खड़े हैं और इसे हम भूल नहीं सकते।

स्वतंत्रता के बाद से राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए सिंह ने कहा कि यह उनके मूल्यों के मूल में राष्ट्रीय गौरव की भावना थी, जिसने भारत की एकता और अखंडता की रक्षा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का एकमात्र उद्देश्य राष्ट्र के हितों की रक्षा करना है और इसने एक आत्मनिर्भर रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए कई कदम उठाए, जो भविष्य के सभी प्रकार के युद्धों से लड़ने के लिए सशस्त्र बलों को रणनीतिक रूप से अहम स्वदेशी हथियार और उपकरण प्रदान करता है। आजादी के बाद की चुनौतियों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर (जम्मू-कश्मीर) और लद्दाख का पूरा क्षेत्र 1948, 1962, 1965, 1971 और 1999 के युद्धों के दौरान जंग का मैदान बन गया था। रक्षा मंत्री ने 1948 में ब्रिगेडियर उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा के वीरतापूर्ण कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने वर्ष 1962 में मेजर शैतान सिंह की वीरता, 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत और कारगिल युद्ध में परम वीरता दिखाने वाले कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज पांडेय के योगदान का जिक्र किया। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का हिस्सा बताते हुए उन्होंने शारदा पीठ, जिसमें हिंदू देवी सरस्वती के मंदिर के अवशेष हैं और जिन्हें शारदा भी कहा जाता है, का जिक्र किया। सिंह ने कहा कि शिव स्वरूप (अमरनाथ) जम्मू-कश्मीर के इस तरफ रहें और पीओजेके की तरफ शक्ति स्वरूप (शारदा) रहें। यह कैसे हो सकता है।

# हिन्दी में भी पढ़कर डॉक्टर बन सकेंगे एमबीबीएस विद्यार्थी

**इंदौर।** देश में सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा हिन्दी आजादी के 75 साल बाद मध्य प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पढ़ाई का वैकल्पिक माध्यम बनने जा रही है। इस सिलसिले में लंबे समय से चल रही महत्वाकांक्षी कवायद सितंबर के आखिर में शुरू होने वाले नए अकादमिक सत्र में अपने मुकाम पर पहुंच सकती है। राज्य के चिकित्सा शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नए अकादमिक सत्र में देश के प्रमुख हिन्दीभाषी प्रांत में निजी और सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के कुल 4,000 विद्यार्थियों को अंग्रेजी के साथ ही हिन्दी की किताबों से भी पढ़ाई का विकल्प मिल सकता है।

वहीं, एक संबंधित समिति के सदस्य और फिजियोलॉजी के पूर्व सह प्राध्यापक डॉ. मनोहर भंडारी ने बताया कि राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों के एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले 60 से 70 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी माध्यम के होते हैं और अंग्रेजी की किताबों के कारण उन्हें सबसे ज्यादा समस्या प्रथम वर्ष में ही होती है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार एमबीबीएस प्रथम वर्ष के लिए अंग्रेजी के तीन स्थापित लेखकों की पहले से चल रहीं किताबों को हिन्दी में ढालने का काम पूरा करने की ओर बढ़ रही है और ए पुस्तकें नए सत्र में विद्यार्थियों के हाथों में पहुंचकर चिकित्सा शिक्षा की सूरत बदल सकती हैं।

अधिकारी ने बताया कि निजी प्रकाशकों की ए किताबें शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी), शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) और जैव रसायन विज्ञान (बायोकेमिस्ट्री) विषयों से संबंधित हैं जिन्हें बड़े पैमाने पर छापकर विद्यार्थियों तक पहुंचाने से पहले 55 विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद से अलग-अलग स्तरों पर जांचा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में मेडिकल की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में भी पहले की तरह जारी रहेगी, हालांकि शिक्षकों से अपील की गई है कि वे खासकर एमबीबीएस पाठ्यक्रम की कक्षाओं में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा दें।

मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विवि परीक्षार्थियों को हिंग्लिश (हिन्दी और अंग्रेजी का मिला-जुला स्वरूप) में लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा और मौखिक परीक्षा देने का विकल्प काफी पहले ही प्रदान कर चुका है जिसके उत्साहजनक नतीजे प्राप्त हुए हैं। चिकित्सा शिक्षा के लिए हिन्दी पुस्तकें तैयार करने के सरकारी कार्यक्रम से जुड़े एक जानकार ने कहा, इन किताबों को अंग्रेजी से हिन्दी में ढालते वक्त हमने खास ध्यान रखा है कि पढ़ाई-लिखाई और पेशेवर जगत में मूलत: अंग्रेजी में ही इस्तेमाल होने वाली तकनीकी शब्दावली के बेवजह हिन्दी अनुवाद से बचा जाए ताकि विद्यार्थियों को अहम शब्दों के बारे में कोई भ्रम न रहे। हिन्दी माध्यम की किताबों में ओस्मोलेरिटी को परासारिता लिखने के बजाय ओस्मोलेरिटी ही लिखा गया है और इसी तरह ब्लड प्रेशर को रक्तचाप लिखने के बजाय ब्लड प्रेशर ही रहने दिया गया है।

# तीन नहीं, पंद्रह दिन तिरंगा फहराएगी तेलंगाना सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से सात दिन पहले और सात दिन बाद तक तेलंगाना सरकार घर-घर तिरंगा फहराएगी। इसके लिए राज्य भर में 1.20 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए जाएंगे, ताकि जन-जन में राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया जा सके। मालूम हो कि इसी मुहिम के तहत केंद्र सरकार ने देशभर में तीन दिन घर-घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील लोगों से की है। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने इस राज्य की आक्रामक मुहिम बना दिया है। उन्होंने मुख्य सचिव सोमेश कुमार को सभी आबादी वाले स्थानों, बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, शहरों के स्टार होटलों और मुख्य ट्रैफिक जंक्शनों पर देशभक्ति की भावना को दर्शाते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों सहित सरपंच स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी अपने आधिकारिक लेटर पैड पर राष्ट्रीय ध्वज का चिह्न छापने का सुझाव दिया। राज्य में हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना चाहिए। इसके लिए 1.20 करोड़ तिरंगे झंडे उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को घर-घर झंडा फहराने, खेलकूद, निबंध लेखन, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर केसीआर ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम, बलिदान, तत्कालीन राष्ट्रीय नेताओं और स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के बारे में पता होना चाहिए। तेलंगाना के प्रत्येक नागरिक को गांव-गांव स्वतंत्रता दिवस के हीरक जयंती समारोह में हिस्सा लेना चाहिए और एक भारत के रूप में भारत की महिमा का संदेश फैलाना चाहिए।

# पारंपरिक संथाली साड़ी पहन कर शपथ ग्रहण कर सकती है मुर्मू

**भुवनेश्वर।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ लेंगी और इस दौरान वह पारंपरिक संथाली साड़ी में नजर आ सकती हैं। मूर्मू की भाभी सुकरी टुडू पूर्वी भारत में संथाल समुदाय की महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली एक खास साड़ी लेकर दिल्ली आ रही हैं। सुकरी अपने पति तारिणीसेन टुडू के साथ संसद के केंद्रीय कक्ष में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना हो गईं। सुकरी ने कहा, मैं दीदी के लिए पारंपरिक संथाली साड़ी ला रही हूं और उम्मीद करती हूं कि वह शपथ ग्रहण समारोह के दौरान इसे पहनेंगी। मुझे अभी पता नहीं है कि वह असल में इस अवसर पर क्या पहनेंगी। राष्ट्रपति भवन नए राष्ट्रपति की पोशाक का फैसला लेगा। संथाली साड़ियों के एक छोर में कुछ धारियों का काम होता है और संथाली समुदाय की महिलाएं इसे खास मौकों पर पहनती हैं। संथाली साड़ियों में लम्बाकार में एक समान धारियां होती हैं और दोनों छोरों पर एक जैसी डिजाइन होती है।

सुकरी अपने पति तथा परिवार के साथ मयूरभंज जिले में रायरंगपुर के समीप उपरबेड़ा गांव में रहती हैं। उन्होंने कहा कि वह मुर्मू के लिए पारंपरिक मिठाई अरिसा पिठा भी लेकर जा रही हैं। इस बीच, मुर्मू की बेटी एवं बैंक अधिकारी इतिश्री तथा उनके पति गणेश हेम्बराम नई दिल्ली पहुंच गए हैं और वे निर्वाचित राष्ट्रपति के साथ रह रहे हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, निर्वाचित राष्ट्रपति के परिवार के केवल चार सदस्य - भाई, भाभी, बेटी और दामाद ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि देश की 15वीं राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में आदिवासी संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिल सकती है।


नई दिल्ली में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री परिषद की मीटिंग में हुए शामिल।

# मुर्मू की सादगी उनकी सफलता की कुंजी : मुर्मू के शिक्षक

**रायरंगपुर ( ओडिशा )।** राष्ट्रपति-निर्वाचित द्रौपदी मुर्मू सादगी में विश्वास करती हैं और वह हमेशा दूसरों की सहायता करती रहीं हैं। मुर्मू की शिक्षक और उनके मित्रों ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुर्मू बदले में कुछ मांगे बिना जरूरतमंदों की मदद करती हैं। बचपन से ही उनसे जुड़े लोगों का मानना है कि सादगी उनकी सफलता की कुंजी है। रायरंगपुर अधिसूचित क्षेत्र परिषद के एक पार्षद से विधायक, मंत्री और राज्यपाल तक का सफर तय करने वालीं मुर्मू सोमवार को देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगी।

उपरबेड़ा गांव में मुर्मू के उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक बासुदेव बेहरा ने कहा कि भौतिकवादी आधिपत्य छोड़ना उनका एक अंतर्निहित गुण रहा। बेहरा ने एक घटना को याद करते हुए कहा, द्रौपदी के पिता बिरंच टुडू उपरबेड़ा गांव के प्रधान थे और परिवार गरीबी से जूझ रहा था। वह एक फ्रॉक में स्कूल आती थीं और उनके पास ज्योमेट्री बॉक्स नहीं होता था। स्कूल ने उन्हें ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान किया था। उन्होंने कहा कि स्कूल में एक छोटा पुस्तक बैंक था, जहां से ऐसे छात्र किताबें ले सकते थे जो इन्हें खरीदने का खर्च नहीं उठा सकते थे।

बेहरा ने कहा, द्रौपदी ने पुस्तक बैंक से किताबें ली थीं। हालांकि, जब उन्होंने हमारे उच्च प्राथमिक विद्यालय में सातवीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की, तो उन्होंने न केवल वे किताबें लौटा दीं, बल्कि दूसरों की मदद के लिए अपनी किताबें और नोट्स भी प्रदान किए। इसके अलावा, स्कूल में ब्लैकबोर्ड की सफाई के लिए डस्टर भी नहीं थे। मुर्मू के मददगार स्वभाव को याद करते हुए शिक्षक ने कहा, द्रौपदी अक्सर सभी कक्षाओं के लिए हाथ से बने डस्टर उपलब्ध कराती थीं। उन्होंने फटे कपड़ों से ये डस्टर बनाए थे। मुर्मू की सहपाठी रहीं तन्मई बिसोई ने भी उनसे जुड़ी यादें साझा कीं। बिसोई ने कहा, द्रौपदी बहुत ही विनम्र रहीं हैं।

# दून के आसमान में लोगों ने देखा अदुभुत खगोलीय नजारा सन हेलो

**देहरादून।** देहरादून के आसमान में रविवार दोपहर एक अद्भुत खगोलीय नजारा देखा गया जिसमें सूरज के चारों ओर सतरंगी इंद्रधनुषीय घेरा बना हुआ था। इस नजारे को लोगों ने अपने मोबाइल फोन के कैमरों में कैद किया और सोशल मीडिया पर साझा किया, जल्द ही ए तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वैज्ञानिकों ने इस घटना को सन हेलो बताया और कहा कि यह आसमान में कभीकभी दिखने वाला अद्भुत नजारा है, जिसमें सूरज के इर्दगिर्द एक इंद्रधनुषीय घेरा बन जाता है। उत्तराखंड में मौसम केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि वातावरण में मौजूद लाखों षटकोणीय बर्फ के क्रिस्टलों में से सूर्य की रोशनी परावर्तित होती है तो इससे सन हैलो का खगोलीय नजारा उत्पन्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने भी इस घटना को अपनी आंखों से देखा और मोबाइल फोन में कैद भी किया और मीडिया के साथ भी साझा किया।

# धान बुवाई के रकबे में कमी से लागत बढ़ेगी, किसानों के नुकसान पर ध्यान देना जरूरी: देवेन्द्र शर्मा

**नई दिल्ली।** देश में धान बुवाई का रकबा अब तक पिछले साल के मुकाबले कम रहने की खबरें हैं। धान बुवाई के रकबे में हुई कमी का खाद्यान्न उत्पादन, महंगाई, खाद्य सुरक्षा, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, किसानों के दिलो-दिमाग पर क्या असर होगा तथा इन समस्याओं के क्या उपाय होने चाहिए, कृषि मामलों के विशेषज्ञ देवेन्द्र शर्मा से पांच सवाल और उनके जवाब:

सवाल: देश में पिछले खरीफ सत्र के मुकाबले मध्य जुलाई तक धान की खेती का रकबा कम होने की खबरें हैं। मूल वजह क्या है?

जवाब: अभी तक बुवाई का रकबा कम है और इसकी वजह मानसूनी बरसात का स्तर कम रहना है। कई इलाकों में बरसात कम हुई है। उत्तर प्रदेश विशेषकर पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में बारिश कम हुई है। उप्र में तो लगभग 70 प्रतिशत बारिश कम हुई है। बुवाई का रकबा कम होने की यही मूल वजह है।

सवाल: इस कमी का खाद्यान्न उत्पादन के साथ-साथ किसानों पर और उसके बाद महंगाई पर आप किस तरह का असर देखते हैं?

जवाब : अगर कमी बनी रही तो निश्चित तौर पर खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होगा और उसमें कमी आएगी। किसान जिन्हें पानी की कमी की वजह से दोबारा धान की रोपाई करनी पड़ी है, उनकी खेती की लागत बढ़ेगी। महंगाई पर क्या असर होगा उससे पहले हमें यह देखना चाहिए कि किसानों की क्या स्थिति होगी जिनकी पैदावार कम होगी। उन किसानों के नुकसान की कैसे भरपाई हो, इसके बारे में अभी सोचने की आवश्यकता है।

सवाल: खाद्यान्नों की कमी से सरकार की मुफ्त अनाज योजना एवं तमाम कल्याणकारी योजनाओं पर भी असर पड़ सकता है क्या?

जवाब: अभी तो पूरा सत्र बाकी है और बरसात की प्रगति के साथ खेती का रकबा बढ़ने की भी संभावना है। जो कमी रह गई है उसकी भरपाई कैसे हो, हमें फिलहाल इसके बारे में सोचना चाहिए। खाद्य सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं को लेकर हमें सतर्क रहना चाहिए। महंगाई पर इसका क्या असर होगा तो यह बेतुका लगता है क्योंकि देश में लगभग 100 रुपए लीटर पेट्रोल के दाम को लेकर कोई चिंता नहीं है, वहां महंगाई का सवाल बेवजह है।

सवाल: जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, कृषि क्षेत्र और खाद्यान्न सुरक्षा को लेकर क्या कदम उठाने की आवश्यकता है?

जवाब: मौसम पूरी दुनिया में लड़खड़ाया हुआ है। जलवायु परिवर्तन का कृषि क्षेत्र पर बुरा असर हो रहा है। बेमौसम बरसात और बाढ़ तो कहीं सूखा हो रहा है जिससे खाद्यान्न उत्पादन के साथ-साथ पूरी मानवता प्रभावित होगी। किसान कुछ नहीं कर सकता बल्कि इस दिशा में कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका अहम हो सकती है। दूसरी ध्यान देने योग्य बात है कि हम खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्यान्नों का पर्याप्त भंडार रखें। अधिक उत्पादन होने पर खाद्यान्नों का निर्यात करने के बजाय हर देश को अपने खाद्यान्नों का पर्याप्त स्टॉक रखना चाहिए ताकि जलवायु परिवर्तन की वजह से प्रतिकूल स्थिति पैदा होने पर हमें किसी और पर निर्भर न होना पड़े।

सवाल: जलवायु परिवर्तन और फसलों पर होने वाले असर को देखते हुए किसानों के लिए क्या कुछ किए जाने की आवश्यकता है?

जवाब: जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में कृषि क्षेत्र में कौन से नवाचार अपनाए जाएं इसके बारे में किसानों से कहीं ज्यादा वैज्ञानिकों को ध्यान देना होगा। सरकार की ओर से किसानों को समय-समय पर प्रोत्साहन और मदद देने की आवश्यकता है ताकि तमाम संकटों और चुनौतियों से जूझते किसानों को प्रतिकूल स्थितियों में भी खाद्यान्न उत्पादन का ऊंचा स्तर बनाए रखने में मदद मिले।

# सड़क हादसों में छह कांवड़ियों की मौत, दो दर्जन बाइक मे लगी आग

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में रविवार को अलग अलग सड़क हादसों में छह कांवड़ियों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घटना में कांवड़ियों की दो दर्जन बाइक में अचानक आग लग गई। पुलिस ने इसकी जनकारी दी।पुलिस अधीक्षक योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि हरिद्वार की हर की पौड़ी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आनंद वन समाधि के पास स्थित पार्किंग में रविवार को अचानक आग लग जाने से कांवड़ियों की करीब दो दर्जन बाइक धू-धू कर जल गई। अलग-अलग हादसों में छह कांवड़ियों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बैरागी में एक हादसे में ट्रक से कुचलकर दो कांवड़ियों की मौत हो गई जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रेम नगर चौक के पास कांवड़ियों की बाइक एक ऑटो से टकरा गई, जिसमे दो कांवड़ियों की मौके ही पर मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि बहादराबाद और कलियर में हादसे में एक-एक कांवड़िए की मौत हो गई।

# कांग्रेस ने सोनिया के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए भाजपा की आलोचना की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा के प्रवक्ता प्रेम शुक्ला द्वारा सोनिया गांधी के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा से रविवार को माफी मांगने के लिए कहा। कांग्रेस ने ऐसा दोबारा होने पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी। भाजपा प्रमुख नड्डा को लिखे पत्र में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस 23 जुलाई को एक राष्ट्रीय समाचार चैनल पर चर्चा के दौरान शुक्ला द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के लिए अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराती है।

रमेश ने कहा कि संस्कृति के बारे में बात करने वाले भाजपा के शीर्ष नेताओं और प्रवक्ताओं ने देश की महिलाओं खासतौर से एक राष्ट्रीय पार्टी की 75 वर्षीय अध्यक्ष के खिलाफ बार-बार आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। विपक्ष के नेताओं के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करना भाजपा की महिला विरोधी सोच को दिखाता है। ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों के कारण देश की राजनीति का स्तर नीचे गिर रहा है।

रमेश ने नड्डा को लिखे अपने पत्र में कहा कि महिलाओं का सम्मान करना वैदिक काल से ही भारत की महान परंपरा रही है और इसलिए सत्तारूढ़ भाजपा से राजनीति में शालीनता और महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार की उम्मीद की जाती है लेकिन पार्टी ने अपनी भाषा और व्यवहार से बार-बार निराश किया है। प्रधानमंत्री मोदी और आपसे (नड्डा) हमारी अपील है कि आप अपनी पार्टी नेताओं की शर्मनाक और अभद्र टिप्पणियों के लिए देश की महिलाओं से माफी मांगें और साथ ही अपने प्रवक्ताओं तथा नेताओं को राजनीति की प्रतिष्ठा को नुकसान न पहुंचाने और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल से दूर रहने के लिए भी कहें।

कांग्रेस नेता ने कहा, हमारी अध्यक्ष या किसी अन्य नेता के लिए अनुचित भाषा का बार-बार इस्तेमाल करने से हम मानहानि का मुकदमा जैसे कानूनी कदम उठाने के लिए विवश हो जाएंगे। इससे पहले एक बयान में रमेश ने कहा कि शुक्ला की टिप्पणियों से भाजपा का महिला विरोधी चेहरा दिखाई दिया है। रमेश ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता की आपत्तिजनक भाषा दिखाती है कि भाजपा न तो महिलाओं का सम्मान करती है और न ही वह राजनीति में शालीनता में यकीन रखती है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब भाजपा के किसी नेता ने महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। आरोप लगाया कि देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी समेत भाजपा के कई नेताओं ने देश की सम्मानित महिलाओं और खासतौर से विपक्षी नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं।

# यूक्रेन युद्ध के बीच मिस्र पहुंचे रूसी विदेश मंत्री लावरोव

**एपी। काहिरा**

**रूसी** विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रविवार को मिस्र के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए काहिरा पहुंचे हैं। यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से रूस निकलने को लेकर प्रयासरत है। रूस के सरकारी टेलीविजन नेटवर्क आरटी के अनुसार, लावरोव अपनी अफ्रीका यात्रा के पहले चरण में शनिवार देर रात काहिरा पहुंचे। वह इस दौरान इथियोपिया, युगांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो भी जाएंगे। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी के कार्यालय ने कहा कि रूसी मुख्य राजनयिक लावरोव ने रविवार सुबह राष्ट्रपति सिसी के साथ काहिरा के राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इसके बाद लावरोव ने मिस्र के विदेश मंत्री समेह शुकरी के साथ बातचीत की। आरटी के अनुसार रूसी मुख्य राजनयिक का रविवार को बाद में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल घीत से मिलने का कार्यक्रम है। वह अरब संगठन के स्थाई प्रतिनिधियों को भी संबोधित करेंगे।


रूस के विदेश मंत्री इजिप्ट के राष्ट्रपति अल-सीसी से मिलते हुए

यूक्रेन में रूस के युद्ध का विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ा है, जिससे तेल और गैस की कीमतें अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई हैं। यूक्रेन गेहूं, मक्का और सूरजमुखी के तेल का दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है, लेकिन देश पर रूस के आक्रमण और इसके बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी ने खेपों को रोक दिया है। कुछ यूक्रेनी अनाज यूरोप के रास्ते से रेल, सड़क और नदी द्वारा ले जाया जाता है, लेकिन इसमें परिवहन लागत अधिक होती है। युद्ध ने रूसी उत्पादों की खेपों को बाधित कर दिया है क्योंकि परिवहन और बीमा कंपनियां देश पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से निपटना नहीं चाहती। अफ्रीकी देश युद्ध के प्रभावों से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। महत्वपूर्ण वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसने अफ्रीका और मध्य पूर्व के संघर्ष वाले क्षेत्रों में लाखों लोगों को भोजन और अन्य सहायता की बढ़ती कमी से प्रभावित किया है। रूसी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक लेख में, लावरोव ने पश्चिमी देशों के इन आरोपों को खारिज किया कि रूस वैश्विक खाद्य संकट के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने इसे दोष अन्य पर मढ़ने का एक और प्रयास करार दिया। लावरोव का यह लेख चार अन्य समाचारपत्रों में भी प्रकाशित हुआ।

### यूक्रेनी बंदरगाह पर हमले में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया: रूस

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह पर किए गए हवाई हमले में केवल सैन्य अड्डों को निशाना बनाया गया। बंदरगाह से अनाज का निर्यात फिर शुरू करने के लिए रूस और यूक्रेन द्वारा एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के एक दिन बाद मॉस्को ने यह हमला किया। मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा, ओडेसा शहर में बंदरगाह पर एक शिपयार्ड क्षेत्र में सटीक निशाना लगाने वाली लंबी दूरी की मिसाइलों से किए गए हमले में एक यूक्रेनी युद्धपोत और एक गोदाम नष्ट हो गया, जहां अमेरिका द्वारा कीव को भेजी गई विध्वंसक पोत हार्पून मिसाइल रखी गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार शाम टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा कि ओडेसा पर हमले ने रूस के साथ बातचीत की संभावना को खत्म कर दिया है। यूक्रेन की सेना ने शनिवार को कहा कि मॉस्को ने ओडेसा बंदरगाह पर चार क्रूज मिसाइलों से हमला किया, जिनमें से दो को यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया। कमान प्रवक्ता नतालिया हुमेन्युक ने कहा कि अनाज भंडारण की कोई सुविधा प्रभावित नहीं हुई। हालांकि, तुर्की के रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें यूक्रेनी अधिकारियों से खबर मिली है कि एक मिसाइल अनाज गोदाम पर गिरी, जबकि दूसरी मिसाइल इसके नजदीक गिरी लेकिन ओडेसा बंदरगाह पर माल लदान की सुविधा प्रभावित नहीं हुई। रूस और यूक्रेन ने शुक्रवार को इस्तांबुल में संयुक्त राष्ट्र और तुर्की के साथ एक जैसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य लाखों टन यूक्रेनी अनाज के साथ-साथ रूसी अनाज और उर्वरक के निर्यात का मार्ग प्रशस्त करना है।

## कैलिफोर्निया में जंगल में लगी भीषण आग

**एपी। कैलिफोर्निया (अमेरिका)**

**कैलिफोर्निया** में योसेमिट नेशनक पार्क के समीप जंगल में लगी आग ने शनिवार को विकराल रूप धारण कर लिया, जिसके कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश देना पड़ा। यह कैलिफोर्निया के जंगलों में इस साल लगी सबसे भयंकर आग है। इसके कारण 2,000 से अधिक घरों और उद्योगों की बिजली काटनी पड़ी। कैलिफोर्निया के वानिकी और अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, मारीपोसा काउंटी में मिडपाइंस शहर के समीप नेशनल पार्क के दक्षिणपश्चिम क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को आग लगी और शनिवार तक यह करीब 48 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र तक फैल गई। सिएरा राष्ट्रीय वन के प्रवक्ता डेनियल पैटरसन ने कहा कि कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे 6,000 से अधिक लोगों को शनिवार को अपने-अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश देना पड़ा।

गवर्नर गैविन न्यूसम ने वन्य आग के कारण शनिवार को मारीपोसा काउंटी के लिए आपातकाल की घोषणा की। पैटरसन ने बताया कि 400 से अधिक दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुटे हैं और हेलीकॉप्टर, अन्य विमान तथा बुलडोजर की भी सहायता ली जा रही है। कैलिफोर्निया के दमकल विभाग ने बताया कि शनिवार सुबह तक आग लगने के कारण 10 रिहायशी और वाणिज्यिक इमारतें नष्ट हो गई, पांच अन्य क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा 2,000 से अधिक इमारतों को खतरा है। जलवायु परिवर्तन के कारण हाल के वर्षों में कैलिफोर्निया में जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी बढ़ गई है।

## बाइडन के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद अब ठीक महसूस कर रहे हैं। व्हाइट हाउस के डॉक्टरों ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के कोविड-19 रेस्पांस को-आर्डिनेटर डॉ. आशीष झा ने टेलीविजन चैनल सीबीएस पर फेस द नेशन कार्यक्रम में कहा, यह बीए.5 स्वरूप है...लेकिन टीका और दवा के कारण मेरा मानना है कि वह (बाइडन) अभी ठीक महसूस कर रहे हैं। झा ने कहा, मैंने अपनी टीम के साथ कल रात जांच की। वह (बाइडन) अब ठीक हो रहे हैं। उन्हें श्वसन संबंधी संक्रमण हुआ और वह अब ठीक हो रहे हैं। आज सुबह हमें उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली लेकिन रात में वह ठीक थे। बीए.5 ओमीक्रोन का उपस्वरूप है जो पिछले साल उभरा था। माना जाता है कि अमेरिका में कोरोना वायरस के बढ़ रहे मामलों के लिए यही उपस्वरूप जिम्मेदार है। बाइडन बृहस्पतिवार सुबह संक्रमित पाए गए थे।

## प्रोटेस्टेंट नेताओं ने ऐतिहासिक पाप पर खेद जताया

**एपी। टोरंटो**

**पोप** फ्रांसिस इस सप्ताह कनाडा में मूल निवासियों से माफी मांगने के दौरान चर्च द्वारा संचालित आवासीय स्कूलों के जख्मों पर मरहम लगाने की दिशा में भी प्रयास करेंगे। इसके साथ ही, पहले के अपराधों के लिए कैथोलिक चर्च की ओर से किए जाने वाला प्रायश्चित भी बढ़ जाएगा। शीर्ष प्रोटेस्टेंट नेताओं ने भी अपने चर्च की ऐतिहासिक गलतियों को धीरे-धीरे स्वीकार किया है। ईसाई संप्रदायों की ओर से मांगी गई कई माफी गंभीर अपराधों के लिए हैं जिनमें नरसंहार, यौन शोषण, दासता, युद्ध और अन्य अपराध शामिल हैं। चर्च की माफी से जुड़े विषयों के विशेषज्ञ और ओंटारियो के वाटरलू स्थित कॉनराड ग्रेबेल यूनिवर्सिटी कॉलेज में धार्मिक अध्ययन के प्रोफेसर जेरेमी बर्गन ने कहा कि भले ही चर्च के द्वारा माफी मांगा जाना अब सामान्य बात हो गई हो, लेकिन यह अपेक्षाकृत एक आधुनिक परिघटना है। बर्गन ने कहा, 20वीं सदी तक, चर्च ने अपने गलत कार्यों के लिए माफी नहीं मांगी। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की गईं महत्वपूर्ण क्षमा याचनाओं की ओर इशारा किया, विशेष रूप से जर्मनी के प्रोटेस्टेंट चर्च द्वारा की गई यह घोषणा की कि वे नाजियों का पर्याप्त रूप से विरोध करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि शीत युद्ध के बाद 1990 के देशक में मानवाधिकारों पर अधिक जोर दिए जाने के कारण चर्च की क्षमायाचनाएं भी बढ़ गईं। सरकार द्वारा वित्त पोषित आवासीय ईसाई स्कूलों में मूल निवासियों के साथ हुए यौन उत्पीड़न के लिए माफी मांगने के लिए पोप रविवार को कनाडा के लिए रवाना हुए। 19वीं सदी से लेकर 1970 के दशक तक मूल निवासी बच्चों को उन स्कूलों में जाने के लिए मजबूर किया जाता था, जहां यौन उत्पीड़न बड़े पैमाने पर होता था। यह माफी उसी तरह की है, जैसा कि फ्रांसिस ने अप्रैल में रोम में कनाडा के प्रथम नागरिकों, इनुइट और मेटिस समुदायों से मांगी थी।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नेपाल यात्रा दशक मनाया जाएगा

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने रविवार को घोषणा की कि 2023 से 2033 के बीच नेपाल यात्रा दशक मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य कोरोना वायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित देश के पर्यटन क्षेत्र में नई जान फूंकना है। संस्कृति, पर्यटन और उड्डयन मंत्री जीवनराम श्रेष्ठ ने पर्यटन को उबारने के लिए 73 सूत्रीय कार्य योजना भी जारी की। मंत्री ने कहा कि कार्ययोजना के तहत सरकार विदेशी फिल्म निर्माताओं और कलाकारों को नेपाल में शूटिंग के लिए आकर्षक छूट देगी। सरकार निकट भविष्य में दक्षिण एशियाई देशों के पर्यटन मंत्रियों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित करेगी। कार्ययोजना में काठमांडू घाटी के भीतर काठमांडू, कीर्तिपुर, ललितपुर, भक्तपुर में रात में विरासत स्थलों की सैर शुरू करना भी शामिल है।अधिकारियों ने कहा कि विदेशी मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्रोत नेपाल का पर्यटन क्षेत्र कोरोना वायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

## चीन ने अपने अंतरिक्ष केंद्र के पहले लैब मॉड्यूल का सफल प्रक्षेपण किया

**भाषा। बीजिंग**

**चीन** ने अपने निर्माणाधीन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लैब मॉड्यूल का रविवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह इस साल के अंत तक देश के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष केंद्र का निर्माण पूरा करने की दिशा में नया कदम है। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान के तट पर स्थित वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल से वेन्तियान को लेकर लॉन्ग मार्च-5बी वाई3 रॉकेट रवाना हुआ। नया मॉड्यूल मूल मॉड्यूल के काम न करने की स्थिति में उसकी जगह काम करेगा और साथ ही तियानगोंग अंतरिक्ष केंद्र में शक्तिशाली वैज्ञानिक प्रयोगशाला के तौर पर भी काम करेगा। चीन अभी इस अंतरिक्ष केंद्र का निर्माण कर रहा है। सरकारी पीपुल्स डेली अखबार की खबर के मुताबिक, चीन लैब मॉड्यूल का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के साथ ही अपने अंतरिक्ष केंद्र का निर्माण जल्द ही पूरा करने वाला है। चीन के तियानगोंग अंतरिक्ष केंद्र का निर्माण इस साल तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद यह एकल मॉड्यूल संरचना से तीन मॉड्यूल वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रयोगशाला में बदल जाएगा। इनमें मूल मॉड्यूल तिआन्हे और दो लैब मॉड्यूल वेन्तियान और मेंग्तियान शामिल हैं। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि तिआन्हे मॉड्यूल को अप्रैल 2021 में भेजा गया था और मेंग्तियान मॉड्यूल इस साल अक्टूबर में भेजा जाना है। सीएमएसए ने बताया कि अगले कुछ घंटों में वेन्तियान अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच जाएगा और तियानगोंग स्टेशन के तियान्हे मूल मॉड्यूल के साथ काम करने लगेगा। इसके बाद मिशन के तीन सदस्य लैब मॉड्यूल की स्थिति और आंतरिक उपकरणों की जांच करने के लिए उसमें प्रवेश करेंगे।


चीन की शिन्हुआ समाचार एजेंसी की ओर से जारी तस्वीर में पहले लैब मॉड्यूल का सफल प्रक्षेपण करते दिखाया गया है

## खाद्य उत्पादों पर जीएसटी राज्यों की मांग, कर चोरी रोकने के लिए लगाया गया: राजस्व सचिव

● **यह फैसला केंद्र का नहीं जीएसटी परिषद का है: बजाज**

**भाषा। नई दिल्ली**

**राजस्व** सचिव तरुण बजाज ने पैकेटबंद सामान एवं खाद्य उत्पादों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा, इन उत्पादों पर कर की चोरी हो रही थी, जिसे रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। कुछ राज्यों ने भी इसकी मांग की थी। बजाज ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि पैकेटबंद खाद्य उत्पादों पर 18 जुलाई से जीएसटी लगाने का फैसला केंद्र सरकार का नहीं बल्कि जीएसटी परिषद का है। जीएसटी दरों के बारे में सुझाव देने वाली फिटमेंट समिति ने इस बारे में निर्णय किया था जिसमें केंद्र के अलावा राज्यों के भी अधिकारी शामिल होते हैं। बजाज ने कहा कि राज्यों के मंत्रियों की भागीदारी वाले मंत्री समूह (जीओएम) ने भी इन उत्पादों पर जीएसटी लगाने की सिफारिश की थी जिसे जीएसटी परिषद ने भी स्वीकृति दे दी। इसके आधार पर गत 18 जुलाई से पैकेटबंद खाद्य उत्पादों पर भी पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगने लगा है। हालांकि, विपक्षी दल एवं अन्य समूह इसका विरोध करते हुए इसे आम आदमी के लिए नुकसानदेह बता रहे हैं। इस पर राजस्व सचिव ने कहा कि जीएसटी से जुड़े मामलों में फैसले के लिए जीएसटी परिषद सर्वोच्च निकाय है और इस समिति ने पैकेट वाले उत्पादों पर कर लगाने का फैसला आम सहमति से लिया था। जीएसटी समिति में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। हालांकि, दालों, गेहूं, राई, जौ, मक्का, चावल, आटा, सूजी, बेसन, मुरमुरे और दही एवं लस्सी को खुले में बेचने और पैक या लेबल नहीं किए जाने पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। बजाज ने कहा, जीएसटी लागू होने से पहले इन आवश्यक वस्तुओं पर कर कई राज्यों में लगा हुआ था। इनसे राज्यों को राजस्व मिल रहा था। जुलाई, 2017 में जीएसटी प्रणाली आने के समय यह परिपाटी जारी रहने की परिकल्पना की गई थी। लेकिन जब नियम और परिपत्र सामने आए तो यह कर ब्रांडेड उत्पादों पर लगाया गया था। नियमों के मुताबिक, अगर ब्रांड कार्वाई-योग्य दावों को छोड़ देते हैं तो पहले से पैक किए गए सामानों पर जीएसटी नहीं लगाया जाएगा। इसका फायदा उठाते हुए कुछ मशहूर ब्रांडों ने इन वस्तुओं को अपने ब्रांड नाम वाले पैकेटों में बेचना शुरू कर दिया लेकिन इस पर कोई कार्वाई-योग्य दावा नहीं होने से उन पर पांच प्रतिशत जीएसटी नहीं लग रहा था।

## इंफोसिस का शुद्ध लाभ 3.2 प्रतिशत बढ़कर 5,360 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** देश की दूसरी बड़ी सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता इंफोसिस ने रविवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 3.2 प्रतिशत बढ़कर 5,360 करोड़ रुपए हो गया। इंफोसिस ने अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की शेयर बाजारों को जानकारी देते हुए कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 5,195 करोड़ रुपए रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का राजस्व 23.6 प्रतिशत बढ़कर 34,470 करोड़ रुपए हो गया। पहली तिमाही की वृद्धि से उत्साहित इंफोसिस ने समूचे वित्त वर्ष के लिए अपने राजस्व आकलन को संशोधित करते हुए 14-16 प्रतिशत कर दिया है। पहले राजस्व आकलन 13-15 प्रतिशत वृद्धि का था। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एक बयान में कहा, अनिश्चितता से भरे आर्थिक माहौल के बीच पहली तिमाही में हमारा समग्र प्रदर्शन सशक्त रहा है।

## लॉकडाउन में नौकरी छूटी तो मांस कारोबारी बने दो इंजीनियर

● **दो साल बाद 10 करोड़ में बेची कंपनी**

**भाषा। औरंगाबाद**

**कोरोनावायरस** का प्रकोप फैलने के बाद देश भर में लॉकडाउन लगने के साथ दो पुराने दोस्तों आकाश म्हास्के और आदित्य कीर्तने का करियर भी संकट में पड़ गया था। आकाश और आदित्य इंजीनियर के तौर पर एक कंपनी में काम कर रहे थे कि कोविड महामारी ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। लॉकडाउन का पहला महीना तो उन्होंने फिल्में देखकर गुजार लिया था लेकिन बंदी की स्थिति जारी रहने पर उनकी नौकरी ही चली गई।औरंगाबाद के आसपास अनेक औद्योगिक इकाइयां हैं और दोनों किसी अन्य कंपनी में अपनी किस्मत आजमा सकते थे। लेकिन उन्होंने नौकरियों के लिए आवेदन करने के बजाय खुद का काम शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने सफल कारोबारी बनने के गुर बताने वाली कुछ किताबें पढ़ने के बाद इस दिशा में अपना इरादा पक्का कर लिया। लेकिन वे यह नहीं सोच पा रहे थे कि काम क्या करें।शुरुआत एक स्थानीय विश्वविद्यालय में मांस और पॉल्ट्री प्रसंस्करण पर व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से हुई। इसके साथ उन्होंने मांस के असंगठित बाजार में घुसने का मन बनाया। दोनों को शुरू में उनके परिवारों से पूरा समर्थन भी नहीं मिला। आदित्य ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारे परिवारों को शुरू में लगा कि हम जिस तरह का काम कर रहे हैं उसमें कोई अपनी लड़की की शादी नहीं करना चाहेगा। लेकिन बाद में हमारे परिवार के लोग साथ में खड़े रहे। उन्होंने 100 वर्गफुट क्षेत्र में अपने दोस्तों की मदद से जमा किए गए 25,000 रुपए के फंड से एपेटाइटी नामक कंपनी शुरू की जिसका एक महीने का कारोबार अब चार लाख रुपए महीने से ज्यादा हो चुका है। दोनों का कारोबार धीरे-धीरे बढ़ने लगा था। इसी दौरान शहर की ही एक कंपनी फैबी कॉर्पोरेशन की नजर उन पर पड़ गई। फैबी ने हाल ही में एपेटाइटी की बहुलांश हिस्सेदारी 10 करोड़ रुपए में खरीद ली है। हालांकि आदित्य और आकाश कुछ हिस्सेदारी के साथ अब भी इसके साथ जुड़े रहेंगे। फैबी के निदेशक फहाद सैयद ने कहा कि सौदे के बाद एपेटाइटी ब्रांड बरकार रहेगा और इसके बैनर तले ही नए उत्पाद पेश किए जाएंगे।

PUBLIC NOTICE
Notice is given to public at large that my client M/s. Profectus Capital Pvt. Ltd., having its registered Office at 7-E DEENDAYAL RESEARCH INSTITUTE 5TH FLOOR, SWAMI RAM TIRTH NAGAR, JHANDEWALA EXTN., CENTRAL DELHI -110055 (Lender / Mortgagee) sanctioned credit facility to Bright Carpet Store (Borrower) and Mohd Salim (Co-Borrower/ Mortgagor) on condition that the Mortgagor shall mortgage the property more particularly described in the schedule hereunder written (said Property).The Mortgagor/ owner has confirmed and declared to my client that the Mortgagor has purchased/acquired the said property vide registered Sale Deed dated 12.10.2018 registered under serial no. 11680 and Sale Deed dated 12.10.2018 registered under serial no. 11681 from Yash Pal Relan, & Praveen Kumar Relan vendors therein who got the right title and interest in the said property by way of said deeds. That sale deed dated 04.06.2002 duly Reg.Doc.No.2539 of the said property has been lost by Mohd Salim and lost complaint with Police vide L.R.No.619254/2022 dated 22.07.2022 has been done.The Mortgagor further confirmed, declared and assured to my client that the said property is not involved in any mortgage, lease, loan, surety, loss, succession, reservation, acquisition, requisition or otherwise howsoever and free from all encumbrance and have clean and marketable title and exclusive right to mortgage and deal with the said property. Therefore any person(s) having any right, title, interest or claim in respect of property of any part thereof described in Schedule hereunder by way of sale, gift, lease, inheritance, exchange, mortgage, charge, lien, trust, beneficial interest, possession, easement, tenancy, sub-tenancy, licence, hypothecation, maintenance, inheritance, power of attorney, order, decree, award attachment or otherwise howsoever are hereby required to make the same known in writing together with supporting documents to the undersigned at his office at Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 within 10 days from the date hereof, failing which my client will proceed to disburse the loan, without any reference to such claim and the same, if any, shall be considered deeded to have been waived and or abandoned. SCHEDULE Property address One Shop measuring 18 sq. yds., i.e. 15.048 sq. mtrs., (approx.), On Ground Floor without roof/terrace rights, Built on Property bearing No. 7281-82 (New), situated at Gali Karkhana Wali, Beriwala Bagh, Azad Market, Delhi One Shop measuring 49 sq. yds., i.e. 40.97 sq. mtrs., (approx.), (Back Side Portion), On Ground Floor and First Floor, Second Floor & Third Floor, measuring 67 sq. yds i.e. 56.012 sq. mtrs (approx.), with its roof rights, Built on Property bearing No. 7048, situated at Gali Karkhana Wali, Beriwala Bagh, Azad Market, Delhi

## आधुनिक प्रौद्योगिकियों के अनुरूप बदलाव के लिए दूरसंचार नियमों में संशोधन का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने प्रौद्योगिकी में हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बिठाने, कानूनों को सरल बनाने और निवेश को बढ़ावा देने के मकसद से दूरसंचार नियमों में बदलावों पर परामर्श पत्र जारी किया है। एक आधिकारिक दस्तावेज में इसकी जानकारी दी गई। परामर्श पत्र में कहा गया, दूरसंचार पर नया कानून लाने का उद्देश्य नई प्रौद्योगिकियों की तैनाती और क्षेत्र के विकास की खातिर भविष्य के लिए तैयार ढांचा स्थापित करना होना चाहिए। इस तरह के कानून को दूरसंचार क्षेत्र के लिए बने मौजूदा कानूनों को भी साथ लेना होगा और इसके साथ ही वैश्विक चलन को भी ध्यान में रखना होगा। सरकार ने शनिवार को जारी इस परामर्श पत्र में प्रस्ताव रखा है कि नए कानूनी ढांचे को साधारण भाषा में तैयार किया जाए ताकि वह प्रत्एक नागरिक की समझ में आ सके। प्रस्तावित कानून की परिकल्पना नियामक तथ्यों को सुनिश्चित करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

## निकट भविष्य में 82 रुपए प्रति डॉलर तक लुढ़क सकता है रुपया: अर्थशास्त्री

**भाषा। नई दिल्ली**

**लगातार** कमजोर हो रहे रुपए में और गिरावट आ सकती है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि व्यापार घाटा बढ़ने और अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा इस सप्ताह ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि से निकट भविष्य में रुपया और टूटकर 82 प्रति डॉलर तक गिर सकता है। ऐसी अटकलें हैं कि अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व 26-27 जुलाई की बैठक में ब्याज दरों में 0.50-0.75 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। इससे भारत जैसे उभरते बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी तेज हो सकती है।

डॉलर के बाह्य प्रवाह और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से रुपए की कीमत में और गिरावट आ सकती है। बीते सप्ताह रुपया टूटकर 80.06 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया था। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर को छूने के बाद अगले साल मार्च तक करीब 78 प्रति डॉलर पर रह सकता है।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारे आकलन के अनुसार रुपया करीब 79 प्रति डॉलर पर रहेगा। यह पूरे साल के लिए रुपए का औसत मूल्य होगा। गिरावट के मौजूदा दौर में रुपया और टूटकर 81 प्रति डॉलर से भी नीचे जा सकता है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, अंत में वैश्विक धारणा और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के प्रवाह से ही तय होगा कि साल के बाकी महीनों में रुपया और कमजोर होगा या फिर अमेरिका में मंदी की आशंका के बीच डॉलर की ताकत घटेगी। नोमुरा का मानना है कि जुलाई से सितंबर के दौरान रुपया कई कारकों की वजह से 82 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक जा सकता है। क्रिसिल का भी अनुमान है कि निकट भविष्य में रुपया दबाव में रहेगा और रुपए-डॉलर की विनिमय दर उतार-चढ़ाव वाली होगी। क्रिसिल की प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा, हालांकि वित्त वर्ष के अंत तक रुपए का दबाव कुछ कम होगा। मार्च 2023 तक विनिमय दर 78 रुपए प्रति डॉलर रह सकती है। मार्च 2022 में यह 76.2 प्रति डॉलर रही थी। उल्लेखनीय है कि महंगे आयात की वजह से जून में व्यापार घाटा बढ़कर 26.18 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में व्यापार घाटा बढ़कर 70.80 अरब डॉलर रहा है।

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह- ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8(6) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है, उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी ह" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | रूप नारायण कौशिक (कर्ज़दार), चंचल कौशिक, फ्रेम्स ट्वेंटी फोर कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या: LBFDB00003334292 | प्लॉट नंबर ए 10ए, तलघर के आगे की ओर ग्रीन पार्क, दिल्ली- 110016<br>प्लॉट नंबर ए 10ए, दुसरी मंजिल की छत के साथ पीछे की ओर, ग्रीन पार्क, दिल्ली- 110016 | रु. 3,50,62, 393.03 (जुलाई 14, 2022 तक) | रु.57,45,000/- (तलघर के लिए केवल सामने की तरफ)<br>रु.5,74,500/- (तलघर के लिए केवल सामने की तरफ)<br>रु.2,89,50,000/- (सामान्य छत के साथ पीछे की ओर से द्वितीय तल के लिए)<br>रु.28,95,000/- (सामान्य छत के साथ पीछे की ओर से द्वितीय तल के लिए) | अगस्त 03, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अगस्त 31, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अगस्त 30, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि का ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अगस्त 30, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अगस्त 30, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708** या **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : जुलाई 25, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज का योगदान अहमः आनंदीबेन





**मथुरा।** धर्म की नगरी वृंदावन में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नौवें दो दिवसीय महाधिवेशन का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि वैश्य समाज ने अपने पोषण के साथ हमेशा परोपकार किया है। देश की आजादी से लेकर अब तक राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज ने जो भूमिका निभाई हैए उसे भुलाया नहीं जा सकता। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त राष्ट्र का दर्जा दिलाने में भी वैश्य समाज का विशेष योगदान रहा है। छटीकरा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में शनिवार को शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के महाधिवेशन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नारी सशक्तीकरण पर जोर दिया। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों का आह्वान करते हुए राज्यपाल ने कहाए समाज से गरीब और पढ़ने वाली बेटियों की उच्च शिक्षा में सहयोग देने को वैश्य समाज अपनी अहम भूमिका निभाए। कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहाए हमारा समाज हमेशा से वैश्य समाज के अलावा भी सर्व समाज की मददगार रहा है। जब भी राष्ट्र व समाज को वैश्य समाज की जरूरत पड़ी हैए हमेशा आगे बढ़कर वैश्य समाज ने तनए मन और धन से राष्ट्रसेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध कपिलदेव अग्रवाल ने कहाए वैश्य समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान रहा हैए समाज के लिए हास्पिटलए धर्मशालाए स्कूलए मंदिरों का निर्माण करवाकर वैश्य समाज ने हमेशा से ही अपना अहम योगदान दिया है। अधिवेशन में उप्र एव पंजाब सहित अन्य प्रदेशों से आए विधायकों ने एक स्वर में समाज की एकजुटता पर बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने आभार जताया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदीए राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध कपिल देव अग्रवालए राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवालए प्रदेश अध्यक्ष डाण् नीरज बोरा ने कुलदेवी मां लक्ष्मी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर की। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू ने कहाए सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट हो या अयोध्या मंदिर निर्माण ट्रस्टए इनमें सबसे अधिक योगदान वैश्य समाज का है।

## गोंडा में नए एसपी के तेवर से बौखलाए अपराधी, ताबड़तोड़ अभियान जारी

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार



- इटियाथोक क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल लूट की घटना का खुलासा तमंचा व दो चोरी की मोबाइक बरामद

संवाददाता।गोंडा

**पुलिस** अधीक्षक आकाश तोमर के जिले में पदभार लेने के बाद से अपराधियों पर आफत आन पड़ी है। नित प्रतिदिन गोंडा पुलिस अपराधियों को उनके सही ठिकाने पर पहुंचाने में जुट गई है। इसीक्रम में बीते दिनों थाना इटियाथोक क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल लूट की घटना का खुलासा किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री तोमर ने बताया कि शनिवार की देर रात पुलिस व लुटेरों में हुई मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार हुए हैं। उनके पास से दो अदद लूट/चोरी की मोटरसाइकिल व 315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिन्दा कारतूस एवं दो अदद खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

ज्ञात हो कि बीते दिनांक 17.07.2022 को पल्सर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने संतोष कुमार मौर्य पुत्र रामभूलन मौर्य निवासी राजापुर पो0 दत्तनगर माफी थाना धानेपुर गोंडा की मोटरसाइकिल व 600 रूपये खरिहा चौराहे के पास उस समय लूट लिये थे ज बवह अपने रिस्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे थे। जिसमे थाना इटियाथोक में मु0अ0सं0-226/22 धारा 392 के तहत केस पंजीकृत हुआ था। घटना को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने क्षेत्राधिकारी सदर की देखरेख में पुलिस टीमें लगाकर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश थानाध्यक्ष इटियाथोक व प्रभारी एस0ओ0जी0 को दिए थे। उसीक्रम में थाना इटियाथोक व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम ने लूट में संलिप्त 02 अभियुक्तों अजय ओझा पुत्र राम चन्दर नि0 बैरागीजोत थाना धानेपुर गोंडा एवं विनय ओझा पुत्र राम चन्दर नि0 बैरागीजोत थाना धानेपुर गोंडा को शनिवार की रात्रि में परासिया बहोरीपुर कब्रिस्तान के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गयी मोटरसाइकिल, एक अन्य चोरी की मोटरसाइकिल व 315 बोर का अवैध तमंचा मय जिन्दा व कारतूस बरामद कर लिया। लुटेरों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर भी किया। जिसमे आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी की जवाबी कार्यवाही में अजय ओझा के पैर में गोली लग गयी। जिसका पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल गोंडा में ईलाज चल रहा है। साथ ही उनके विरुद्ध थाना इटियाथोक में विधिक कार्यवाही की गयी है। एसपी ने बताया कि अभियुक्त अजय ओझा का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके ऊपर थाना इटियाथोक में कई संगीन मामले दर्ज हैं। इसी तरह अभियुक्त विनय ओझा का अपराधिक इतिहास है। उसके ऊपर लखनऊ के मोहनलालगंज, गोंडा के थाना इटियाथोक एवं गोंडा के थाना धानेपुर में कई संगीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारकर्ता टीम में थानाध्यक्ष इटियाथोक करूणाकर पाण्डेय मय पुलिस टीम एवं प्रभारी एस0ओ0जी0 अमित कुमार मय एसओजी टीम शामिल हैं।

## शिक्षिका अपहरण काण्ड में दो अरेस्ट



गोंडा। बीते 16 जुलाई को थाना नवाबगंज क्षेत्र से हुए शिक्षिका के अपहरण मामले में पुलिस ने घटना में सहयोगी रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अपहृता शिक्षिका के माता की तहरीर पर थाना नवाबगंज में मु0अ0सं0 277/22, धारा 364 भादवि का केस दर्ज हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने घटना अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमें लगाकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि पुलिस ने दौरान विवेचना अपहृतकर्ता के दो सहयोगियों गोलू उर्फविजय शंकर पुत्र हरि श्याम पाण्डेय निवासी महंगूपुर थाना नवाबगंज गोंडा एवं पवन दूबे पुत्र धर्मराज दूबे निवासी नलकूप नंबर 5 सामने बेगमपुरा अयोध्या थाना कोतवाली अयोध्या का नाम नाम प्रकाश में आया। इस पर पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर उनके निशादेही से घटना में प्रयुक्त एक अदद सफारी गाड़ी बरामद कर लिया है।

## बांदा में दिव्य महाआरती





**बांदा।** भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा द्वारा हर माह की भांति आज बांदा गिरजा मैरिज हाल में संपन्न हुई महाआरती क्रमए महाआरती में गुरुवर श्री के जयकारे राजेंद्र श्रीवास व मां जगत जननी के जयकारे धर्मेंद्र सिंह द्वारा भव्यता पूर्ण संपन्न किए भक्ति मय हुआ पंडाल।आज की पावन दिव्य महाआरती में रानी देवी कुशवाहाएउमेश चंद्र पांडेए मालती कोटार्यए मयंक राजपूतए किस्सु देवीए इन पांच मां भक्तो द्वारा आरती को संपन्न किया गया। उसी क्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन कुमार सोनी द्वारा महाआरती का संचालन किया गया। विगत कई वर्षों से जनपद बांदा में भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा बांदा द्वारा जनजागरण अभियान श्री दुर्गा चालीसा पाठक्रम निशुल्क कराए जाते है ए एवम पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम से एकाकार महाआरती को संपन्न किया जाता है। भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा बांदा के जिलाअध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गौर ने बताया आप नशे मांस से मुक्त चरित्रवान बन करके तो देखो और फिर मां के चरणों में बैठकर साधना करो आपके जीवन पर नई चेतना का विचार होगाए वर्तमान में समय में भगवती मानव कल्याण संगठन के कई हजारों संकल्पित सक्रिय कार्यकर्ता देशभर में जनजागरण के अति महत्त्वपूर्ण क्रमो के माध्यम से पूर्ण नशा मुक्त मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा सतत प्रदान कर रहे है। इसी क्रम पर भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री राम सिंह गौर ने सभी आए हुए मां भक्तो का आभार व्यक्त कियाए और बताया कि परम पूज्य श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने जन जन के कल्याण के लिए ही अपने इस जीवन को समाज के लिए समर्पित किया है आप सभी लोग विचार धारा पर एक कदम चले गुरुवर दस कदम आपको चलने की शक्ति प्रदान करेंगे।

## विज्ञान से पहले का महाविज्ञान है सनातन



**लखनऊ।** ब्रह्मांड की उत्पत्ति से लेकर आज तक जो भी निर्माण प्रकृति के द्वारा हुए हैं वह सभी सनातन है और जिस तरह से करोड़ों अरबों सालों से ग्रह नक्षत्र कार्य कर रहे हैं यह एक विज्ञान से पहले का महाविज्ञान है जिस की जानकारी आज का विज्ञान हमें प्रदान करता है। यह जानकारी जनविकास महासभा द्वारा प्रेस क्लब में सनातन आस्था के वैज्ञानिक प्रमाण के अंतर्गत शुरू हुए व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता आईआईटी इंजीनियर अशोक कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि करोड़ों अरबों सालों से ग्रह नक्षत्र इस पृथ्वी के जीवन पर प्रभाव डालते जा रहे हैं और इन सब के बीच जीवन को सुचारू रूप से चलाते हुए इस सृष्टि को सहेज कर रखने की जिन जिम्मेदारियों का पालन हम करते हैं वही सनातन आस्था के स्वरूप में हम सबके बीच में हैं उनमें से कुछ प्रमुख जिनमें से मकर संक्रांतिए कुंभए अर्ध कुंभए महाकुंभ महा कार्यों का मनाया जाना और पितामह भीष्म द्वारा सूर्य के दक्षिणायन में होने पर प्राण ना त्यागने का वचन इत्यादि इसका एक उदाहरण मात्र है।इंजीनियर अशोक गुप्ता द्वारा सनातन आस्था के वैज्ञानिक प्रमाण के तहत प्रकाश डालते हुए मकर संक्रांति कुंभ अर्ध कुंभ महाकुंभ और पितामह भीष्म द्वारा दक्षिण में प्राण ना त्याग ने की प्रतिज्ञा के बारे में बताते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि हमारे सौरमंडल में पृथ्वी सहित अन्य ग्रह सूर्य के चक्कर लगाते हैं इस दौरान पृथ्वी कई बार सूर्य के पास और दूर जाती है इसी के साथ साथ अन्य ग्रहों की भी दूरी घटती बढ़ती रहती है जिस कारण उन ग्रहों की उर्जा और शरीर की ऊर्जा आपस में टकराकर कई बार उर्जा में गति प्रदान करती है। अध्यक्षता कर रहे जनविकास महासभा सनातन प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ आशीष गुप्ता ने कहा कि आज के समय में सनातन आस्था का पालन हम सभी करते आ रहे हैं परंतु यह बहुत कम लोग जानते हैं कि यह वास्तव में एक वैज्ञानिक प्रक्रिया के अंतर्गत ही होता है जिसकी जागरूकता के लिए जनविकास महासभा के सनातन प्रकोष्ठ द्वारा यह कार्यक्रम आज शुरू किया जा रहा है और समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर उनको सनातन के इस महा विज्ञान के बारे में जागरूक किया जाएगा। अंत में जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी ने आईआईटियन इंजीनियर अशोक गुप्ता का आभार जताया।

## विवाहिता का शव कब्र से निकाला, मामला दर्ज

**प्रतापगढ़।** के थाना नगर कोतवाली पुलिस ने कथित तौर पर हत्या कर दफ्न किया गया विवाहिता का शव शहर के निकट सई नदी के किनारे कब्र से खुदवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि विवाहिता के पति समेत अन्य आरोपियो के विरुद्ध पुलिस ने हत्या करने और शव छिपाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय पाण्डेय ने बताया कि शहर के सरोज चौराहा, कांशीराम कालोनी की रहने वाली मुन्नी बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया कि उसकी बेटी सायमा (22) गत 12 जुलाई को पति सलमान से रुपए लेने कह कर घर से निकली थी, इसके बाद वह लापता है। पुलिस मे दी गई शिकायत के मुताबिक 21 जुलाई को सिकंदर नाम के व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी की हत्या कर शव को सई नदी के किनारे दफना दिया गया है। सीओ ने बताया कि मुन्नी बेगम की तहरीर पर पुलिस ने उसके दामाद सलमान, व उसके साथी रुस्तम नसीम व सिकंदर के विरुद्ध हत्या व शव छिपाने का मामला दर्ज किया और शव की तलाश सई नदी के किनारे की।

## सीएनजी नावों के संचालन से प्रदूषण में कमी, नाविकों की आय में भी इजाफा

# शुद्ध होने लगी काशी की हवा और मल्लाहों की मौज

भाषा। वाराणसी



**उत्तर प्रदेश** के वाराणसी में गंगा नदी में 500 सीएनजी नौकाओं से न केवल नदी के जल और वायु प्रदूषण में कमी आई है, बल्कि घाटों पर आगंतुकों को घुमाने वाले नाविकों की आय में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सात जुलाई को अन्य परियोजनाओं के साथ ही सीएनजी से चलने वाली 500 नाव भी राष्ट्र को समर्पित की थीं। गेल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) के उप-महाप्रबंधक एनके द्विवेदी ने कहा कि गेल ने अपनी सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत वाराणसी नगर निगम के सहयोग से पेट्रोल और डीजल से संचालित होने वाली नावों का रूपांतरण कर उन्हें सीएनजी से संचालन के लिए सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि नावों के सीएनजी रूपांतरण से न केवल प्रदूषण कम हो रहा है, बल्कि ईंधन पर होने वाली बचत से नाविकों की आर्थिक स्थिति भी बेहतर हुई है। द्विवेदी ने कहा कि अब तक 522 नावों को सीएनजी में बदला गया है और पर्यावरण संरक्षण में मदद के लिए स्वच्छ ईंधन से अधिक नौकाएं चलाने के लिए रूपांतरण का काम तेज गति से चल रहा है। वाराणसी नगर निगम में कुल 657 नाव पंजीकृत हैं। द्विवेदी ने बताया कि अब स्थानीय नाविक प्रतिदिन फिलिंग स्टेशन से 600 से 700 किलोग्राम सीएनजी की खपत कर रहे हैं। वाराणसी के खिड़किया घाट पर दुनिया का पहला तैरता सीएनजी स्टेशन चालू हो गया है, जिसे पिछले साल दिसंबर से यहां"नमो घाट" के नाम से भी जाना जाता है। नई पहल के कारण जीवन में क्या बदलाव आया है, इस बारे में नाविक रोहित साहनी ने कहा,"पहले मैं हाथ से चलने वाली नाव चलाता था जो कि अधिक मेहनत और कम आय वाली होती थीं। आज हमारे पास दो नाव हैं और दोनों सीएनजी इंजन से लैस हैं" यह दावा करते हुए कि अब उनकी आय लगभग दोगुनी हो गई है, साहनी ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है और वह अब सीएनजी से चलने वाली नावों के माध्यम से अधिक पर्यटकों को ले जाने में सक्षम हैं, जिससे आय में काफी वृद्धि हुई है। वहीं, एक अन्य नाविक राजकुमार साहनी की भी ऐसी ही राय है। उन्होंने कहा,"पहले डीजल इंजन से चलने वाली नाव से बहुत अधिक धुआं निकलता था जिसकी शिकायत पर्यटक अक्सर किया करते थे। अब सीएनजी इंजन वाली नावों से होने वाला प्रदूषण कम हो गया है और ईंधन की लागत भी लगभग आधी हो गई है जिससे बचत बढ़ी है" इस संबंध में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पूर्व प्रोफेसर और पर्यावरणविद बीडी त्रिपाठी ने कहा कि पहले गंगा में डीजल इंजन की जो नाव चलती थीं उनसे बहुत ज्यादा वायु और जल प्रदूषण होता था। प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा, नाविक अपनी नावों में पुराने जनरेटर के इंजन का प्रयोग करते थे, जिसमें प्रयोग किया गया डीजल पूरी तरह जलता नहीं था और पानी को प्रदूषित करता था, जिससे जलीय जीवों को बहुत नुकसान पहुंच रहा था। उन्होंने कहा कि डीजल के पुराने इंजन से निकलने वाले धुएं में नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर और कार्बन जैसे जहरीले पदार्थ निकलते थे जो पर्यटकों की आंखों में जलन उत्पन्न करता था, जबकि अब नावों में नए सीएनजी इंजन लगाए जा रहे हैं जिससे न के बराबर नुकसान होता है।वाराणसी स्मार्ट सिटी के परियोजना प्रबंधक सुमन कुमार राय ने कहा कि सीएनजी से चलने वाली नाव पर्यावरण के अनुकूल हैं और लगभग 50 प्रतिशत किफायती हैं।राय ने कहा, डीजल या पेट्रोल इंजन वाली छोटीबड़ी नाव में सीएनजी इंजन लगाने में लगभग दो से ढाई लाख रुपए का खर्च आता है। दुनिया का पहला तैरता हुआ सीएनजी फिलिंग स्टेशन नमो (खिड़किया) घाट पर एक वाटर जेटी पर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसकी विशेषता यह है कि यह बाढ़ और तेज धाराओं में भी जल स्तर के साथ तालमेल बिठाते हुए तैरता रहेगा।

## गोंडा में डायरिया का प्रकोप, एक दर्जन पीड़ित

**गोंडा।** तहसील करनैलगंज के एक मोहल्ले में तीन परिवार के एक दर्जन लोग डायरिया के प्रकोप में हैं। यहां क्षेत्र में तेजी से डायरिया के प्रकोप फैल रहा है। मगर अब तक मोहल्ले में कोई भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से झांकने तक नही गया है। मामला करनैलगंज नगर के मोहल्ला ठठराही बाजार अनुसूचित बस्ती का है। जहां गंदगी की भरमार है जगह जगह कूड़े का ढेर लगा है। यहां के निवासी दिलीप कुमार की पत्नी फूलमती 30 वर्ष व उसकी पुत्री सौम्या 4 वर्ष बीते 8 दिन से उल्टी दस्त डायरिया से पीड़ित है। वहीं दिव्यांग दिनेश 32 वर्ष पुत्र सरजू प्रसाद, विनीता 33 वर्ष पत्नी रमेश कुमार, राधिका 4 वर्ष पुत्री रमेश कुमार, रीना 18 वर्ष पुत्री सरजू प्रसाद, रेनू 28 वर्ष पत्नी महेश कुमार, शिवकुमारी 25 वर्ष रजनी 18 वर्ष पुत्री राजिंदर, मधु 9 वर्ष, करन 7 वर्ष पुत्र पवन, राजा 12 वर्ष पुत्र राजिंदर 4 दिन से उल्टी दस्त से पीड़ित हैं। महेश कुमार ने बताया कि मोहल्ले में गन्दगी की भरमार है। नियमित सफाई नही हो रही है, जगह जगह कूड़े का ढेर लगा है। जिससे मोहल्ले के तीन परिवार के 12 लोग डायरिया से पीड़ित है। सभी उल्टी दस्त से परेशान हैं। मगर मोहल्ले में अभी तक कोई देखने तक नही आया है। सबका अलग अलग इलाज चल रहा है। महेश के अनुसार यदि जल्द ही कोई ठोस उपाय नही हुआ तो पूरा मोहल्ला डायरिया की चपेट में आ सकता है। एसडीएम हीरालाल ने बताया कि प्रकरण की जानकारी है। इस बारे में सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया है। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेश चन्द्रा ने बताया कि वह अवकाश पर हैं। फिर भी यदि ऐसा है तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर उपचार कराते हुये मोहल्ले में दवा का छिड़काव कराया जाएगा।

## दो किसानों की पम्पिंग सेट इंजन फटने से मौत

**पीलीभीत।** बिलसंडा क्षेत्र मे रविवार को सिंचाई करते वक्त खराब हुए पंपिग सेट इंजन को ठीक करने के दौरान उसमे विस्फोट हो जाने से दो किसानों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनो किसानो के चीथड़े उड़ गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिलसंडा थाना क्षेत्र के आजमपुर बरखेड़ा गांव का रहने वाला शिवकुमार (51) रविवार की सुबह अपने धान के खेत मे सिचाई करने गया था, सिंचाई के दौरान खेत मे लगे पम्पिंग सेट इंजन मे अचानक खराबी आ गई। उन्होंने बताया कि शिव कुमार और उसका पड़ोसी महेश पाल (32) पम्पिंग सेट को ठीक करने लगे, इसी दौरान दोनो किसी तरह इंजन के पंखे मे फंस गए और तभी इंजन जोरदार धमाके के साथ फट गया।

# जान की कीमत पर भुगतान की तान

- पीडब्लूडी के अधिकारियों के रवैये से ठेकेदारों ने अपनाया नया तरीका
- जहर खाने के बाद भुगतान करने की नई परम्परा का हुआ जन्म
- बस्ती और गोरखपुर के दर्जनों ठेकेदार भुगतान पाने के लिए यह कदम उठाने को तैयार
- विभाग ठेकेदारों को ऐसा करने पर कर रहा है मजबूर-सरद सिंह

**बस्ती।**...सुनने में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है, कि पीडब्लूडी के ठेकेदारों को उनके बकाए का भुगतान तब तक नहीं होगा जब तक वह जहरीला पदार्थ नहीं खा लेते, अगर जिंदा रह गए तो उनकी किस्मत अगर नहीं रहे तो भी विभाग पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, हां इतनी गांरटी अवष्य है, कि ठेकेदार का भुगतान भी हो जाएगा, और अधिकारी अस्पताल जाकर हालचाल भी पूछेगें और आर्थिक मदद भी करेगे। अब सवाल उठता है, कि कौन ठेकेदार अपनी जान को दांव पर लगाकर भुगतान पाना चाहेगा। हम बात कर रहें हैं, कि अलीगढ़ के निर्मल सिंह नामक पीडब्लूडी के उस ठेकेदार की जिसने बकाए का भुगतान न होने के चलते जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला को समाप्त करने का रिस्क उठाया। पीडब्लूडी के अधिकारी इसे भले ही इस घटना को हल्के में ले रहे है, लेकिन अगर देखा जाए तो इस घटना ने विभाग और शासन की पोल खोलकर रख दी, सवाल उठ रहा हैं, कि क्या किसी ठेकेदार का जहरीला पदार्थ खाने के बाद ही भुगतान होगा? या फिर मरने के बाद? जिस तरह अलीगढ़ के ठेकेदार का भुगतान जहरीला पदार्थ खाने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद हुआ, उससे इस विभाग में जहरीला पदार्थ खाने की नई परम्परा षुरु हो गई, अब हर कोई वह ठेकेदार जहरीला पदार्थ खाने को मजबूर होगा जिसका परिवार आर्थिक तंगी से इस लिए गुजर रहा है, क्यों कि ठेकेदार का विभाग ने काम करने के बाद भी भुगतान नहीं किया। आदर्ष पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह ने का कहना है, कि ठेकेदारों का जहर खाने को सरकार और विभाग के अधिकारी विवष कर रहे है। कहते है, अगर योगी के सरकार में ठेकेदारों को जहर खाना पड़े तो इससे अच्छा पूर्व की सरकारें ही ठीक थी, कम से कम उनके राज में ठेकेदारों को तो जहरीला पदार्थ तो नहीं खाना पड़ता था। कहते हैं, कि इस घटना को लेकर प्रदेष के ठेकेदार काफी गुस्से में हैं, और मुख्यमंत्री से इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। कहते हैं, कि आजतक क्यों नहीं किसी अधिकारी ने जहरीला पदार्थ खाया, इस लिए नहीं खाया कि उन लोगों की जेबें कमीषन से भरी हुई, उन लोगों का परिवार आर्थिक तंगी से नहीं गुजर रहा हैं, और न उनके उपर बैंक के कर्ज का बोझ ही है। देखा जाए तो आज भी बस्ती और गोरखपुर सहित अन्य मंडलों के असख्ंयक पीडब्लूडी के ठेकेदार हैं, जो भुगतान पाने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे है। कहा भी जा रहा है, अलीगढ़ का ठेकेदार ने जहरीला पदार्थ खाकर सरकार और विभाग के अधिकारियों के मुंह पर दूषित व्यवस्था का तमाचां मारने का कार्य किया है। अगर इसके बाद भी अधिकारियों और की नींद नहीं खुलती तो किसी दिन किसी ठेकेदार के मरने की खबर भी आ सकती है।

# पीएम और सीएम की तस्वीरें कबाड़ में फेंकी

**मथुरा।** कोसीकलां के बिजलीघर अधिकारियों द्वारा वहां लगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों को कबाड़ में फेंक देने का मामला सामने आया है। विद्युत वितरण ग्रामीण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता प्रभाकर पांडेय ने रविवार को इसकी पुष्टि की। इससे पहले मथुरा नगर निगम के कूड़ा बटोरने वाले कर्मचारी की कूड़ा गाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें पाए जाने के बाद एक सफाईकर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई थी जिसे बाद में बहाल कर दिया गया था। कोसीकलां बिजलीघर से मोदी-योगी की तस्वीरें कबाड़ में फेंके जाने के मामले की भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के साथ ही विद्युत मंत्री एके शर्मा से भी शिकायत की थी, जिसके बाद ग्रामीण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता ई. प्रभाकर पाण्डेय को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया था। पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को कोसीकलां में नंदगांव रोड पर स्थित बिजलीघर का मुआयना किया गया तो शिकायत सही पाई गई। उन्होंने कहा कि पूछताछ करने पर पता चला कि वहां तैनात रहे उपमण्डल अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता ने साफ-सफाई के दौरान कार्यालय में लगी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की तस्वीरों को उतरवाकर कबाड़ में रखवा दिया था। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी का स्थानांतरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि फिलहाल तस्वीरों को साफ करके पुनः उसी दीवार पर टांग दिया गया है और इस संबंध में एक रिपोर्ट ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री को भेजी जा रही है।

## पूर्व मंत्री की पुत्रवधू से 10 लाख रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके दिवंगत राममूर्ति सिंह वर्मा की पुत्रवधू से फोन करके कथित रूप से दस लाख रुपए की रंगदारी मांगने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी सब्जी बेचने का काम करता है और उस पर कर्ज हो जाने के कारण उसने रंगदारी मांगी और पैसे नहीं देने पर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस आनन्द ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि आरोपी दिनेश वर्मा ने थाना सदर बाजार अंतर्गत रहने वाले पूर्व दिवंगत मंत्री राममूर्ति सिंह वर्मा की पुत्रवधू व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा से 21 जुलाई को फोन करके 10 पेटी (10 लाख रुपए) की रंगदारी मांगी थी। उन्होंने बताया कि पैसे न देने पर पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी भी दी थी जिसकी प्राथमिकी थाना सदर बाजार में दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनेश वर्मा को गढ़मुक्तेश्वर से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह रंगदारी के रुपए लेने के लिए शाहजहांपुर आने की तैयारी कर रहा था। आरोपी से पूछताछ के बाद आनन्द ने बताया कि वह शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला है तथा दिल्ली में सब्जी बेचता है, इसी दौरान उस पर काफी कर्ज हो गया तो उसने अर्चना वर्मा से रंगदारी मांगी थी।

पायनियर
नई दिल्ली ,सोमवार, 25 जुलाई, 2022



# चोपड़ा की चांदी सोने से कम नहीं

## विश्व एथलेटिक्स में कमाल पर चारों ओर से बधाई ही बधाई

**भाषा।** नई दिल्ली



**विश्व एथलेटिक्स** चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा के प्रदर्शन को भारतीय खेलों के लिए खास पल बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत ने उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ देश भर से चोपड़ा को बधाइयां मिली हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया , हमारे सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों में से एक नीरज चोपड़ा की महान उपलब्धि। विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई। उन्होंने आगे लिखा , भारतीय खेलों के लिए यह खास पल। आगामी टूर्नामेंटों के लिए नीरज को शुभकामना। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ट्वीट किया , नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर देश का नाम रोशन करके देश को गौरवान्वित किया।विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने की इस ऐतिहासिक उपलब्ध पर हार्दिक बधाई। आप सही मायने में चैम्पियन हैं। चोपड़ा ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले वह पहले भारतीय हैं। वहीं 19 साल पहले विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य जीतने वाली अंजू बॉबी जॉर्ज ने ट्वीट किया , इस जादुई पल के लिए बधाई हो नीरज चोपड़ा। ग्रुप में स्वागत है। यह इंतजार बहुत लंबा रहा। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने नीरज के पदक जीतने वाले थ्रो का वीडियो साझा करते हुए लिखा , नीरज चोपड़ा की जीत का सिलसिला कायम है। विश्व चैम्पियनशिप में 88 . 13 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक। नीरज के पास अब हर वैश्विक टूर्नामेंट का पदक है। उन्हें विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक जीतने के बाद ट्विटर पर लोगों ने इस तरह बधाई दी। बीजिंग ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा : विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक पर नीरज चोपड़ा को बधाई। तुमने हमें गौरवान्वित किया है। शानदार प्रदर्शन और आगे के लिए शुभकामना। उड़नपरी पी टी उषा : देश के लिए विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई। आपके सर्वश्रेष्ठ प्रयासों से दुनिया में देश का नाम रोशन हुआ है। यूं ही देश का परचम लहराते रहिए। जय हिंद। गृहमंत्री अमित शाह : अद्भुत। आपने कड़ी मेहनत और लगन से विश्व चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर एक बार फिर विश्व में भारत का झंडा गाड़कर हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आपको बहुत बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। पहलवान बजरंग पूनिया : विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर शुभकामनाएं। आप ऐसे ही देश के लिए मेडल जीतते रहो। विदेश मंत्री एस जयशंकर : विश्व चैम्पियनशिप में शानदार रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई। शानदार उपलब्धि जो भारतीय खेलों को आगे ले जाएग रक्षामंत्री राजनाथ सिंह : सूबेदार नीरज चोपड़ा की अप्रतिम सफलता पर भारत हर्षित है। विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर उन्हें बधाई। उनकी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से बेहतरीन नतीजे निकल रहे हैं। हमें उन पर गर्व है। कानून मंत्री किरेन रीजीजू : नीरज चोपड़ा ने विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर फिर इतिहास रचा है। वह विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरूष और अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद दूसरे भारतीय एथलीट बन गए। बधाई। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ : क्या चैम्पियन है। क्या खिलाड़ी है। विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत को पहला रजत। विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद दूसरे भारतीय। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर : नीरज चोपड़ा ने इतिहास रच दिया है। भारत ने पहली बार विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 में कांस्य जीता था। मैं उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने हरियाणा को गौरवान्वित किया है। वीरेन रासकिन्हा : भारी दबाव के बीच एक और शानदार प्रदर्शन। इतने बड़े स्तर पर इतना शांतचित्त रवैया। बधाई नीरज चोपड़ा। पूर्व क्रिकेटर और सांसद गौतम गंभीर : इसे कोई नहीं रोक सकता। उसकी प्रतिस्पर्धा खुद से ही है। भारतीय हॉकी गोलकीपर पी आर श्रीजेश : बधाई भाई। आप करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत हो।

### गांव में जश्न का माहौल

**चंडीगढ़।** ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के अमेरिका के यूजीन मे विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप मे रजत पदक जीतने के बाद उनके पानीपत जिले मे स्थित गांव मे जश्न का माहौल है। हरियाणा मे पानीपत के पास खंडरा गांव के एक किसान के बेटे 24 वर्षीय चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप मे पदक जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय और पहले पुरुष एथलीट बन गए है। चोपड़ा और उनके परिवार को सुबह से ही हर स्तर से बधाइयां मिल रही है। बधाई देने वालो मे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी शामिल है। गांव की महिलाओं को जश्न मे नृत्य करते हुए और गीत गाते हुए देखा गया जबकि चोपड़ा का परिवार मेहमानो की आवभगत करने और लड्डू बांटने मे व्यस्त रहा। चोपड़ा का करियर संवारने मे अहम भूमिका निभाने वाले उनके चाचा भीम चोपड़ा ने फोन पर पीटीआई से कहा, हर कोई गर्व महसूस कर रहा है। यह पदक भी ओलंपिक स्तर का है, इसलिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। भीम ने कहा कि पूरा देश खुश है और उन्हे नीरज की उपलब्धि पर गर्व है। वह लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है और हमे खुशी है कि उसने देश का नाम रोशन किया। सुबह से ही उनके घर मे बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।

## अगले साल स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा : नीरज

**यूजीन।** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप मे रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने कहा कि प्रतिस्पर्धा कठिन थी और उन्हें रजत मिलने की खुशी है लेकिन अगले साल वह स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। प्रतिस्पर्धा के बाद चोपड़ा ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , काफी अच्छा लग रहा है आज। देश के लिए रजत जीता है। अगले साल फिर विश्व चैम्पियनशिप है और कोशिश करेंगे कि उसमे स्वर्ण जीतें। अगली विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप हंगरी के बुडापेस्ट मे 18 से 27 अगस्त तक खेली जाएगी। यहां काफी कठिन प्रतिस्पर्धा थी। सामने से हवा आ रही थी। एंडरसन पीटर्स ने तीन थ्रो 90 प्लस लगाए जो बहुत अच्छा प्रदर्शन था। यहां पहले दो थ्रो अच्छे नही रहे लेकिन मुझे यकीन था कि एक अच्छा थ्रो निकलेगा। नतीजे से खुश हूं कि 19 साल बाद विश्व चैम्पियनशिप मे देश को पदक दिलाया। उनके लिए असली चुनौती ओलंपिक वाले स्तर पर लौटने की थी और उन्हे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। ट्रेनिंग का समय कम था और सबसे बडी चुनौती थी कि खुद को उस स्तर तक लेकर आए। बहुत मेहनत की। ओलंपिक के बाद से असली खेल का पता लगा कि कितनी मेहनत करनी पड़ती है प्रदर्शन का स्तर बरकरार रखने के लिए। खुशी है कि मै अच्छा प्रदर्शन कर पा रहा हूं। दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। चौथे थ्रो के बाद चोपड़ा को जांघ पर जकड़न महसूस हुई और आखिरी दो थ्रो फाउल निकले। चौथा थ्रो भी और आगे जा सकता था। उसके बाद मुझे जांघ मे जकड़न लगी और आखिरी दो थ्रो अच्छे नही गए। मैने जांघ पर पट्टी बांधी थी। मुझे कल सुबह ही पता चलेगा क्योंकि शरीर अभी भी गर्म है।उम्मीद है कि राष्ट्रमंडल खेलो से पहले कोई दिक्कत नही होगी। , मैं साइ, टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना), एथलेटिक्स महासंघ और भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होने मुझे इतना सपोर्ट किया। मुझे विदेशी कोच दिया और बाहर ट्रेनिंग के लिए भेजा जिससे मै विदेश मे हर अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा खेल सकता हूं। मै आशा करता हूं कि हर खेल मे ऐसा ही सहयोग मिलता रहेगा और हमारा देश खेल मे आगे तरक्की करेगा।

### जेहान दारूवाला फार्मूला 2 चैम्पियनशिप के फ्रेंच राउंड में दूसरे स्थान पर रहे

**ली केस्टेलेट (फ्रांस)।** भारतीय ड्राइवर जेहान दारूवाला यहां फार्मूला 2 चैम्पियनशिप के फ्रेंच राउंड मे दूसरे स्थान पर रहे जिससे उन्होने सत्र मे छठा पोडियम स्थान हासिल किया। रविवार को जेहान ने फीचर रेस ग्रिड मे 10वें स्थान से शुरू की और सातवे स्थान पर पहुंच गए। फिर उन्होने ओवरआल दूसरा स्थान हासिल किया। इस सत्र मे वह पांचवी बार दूसरे स्थान पर रहे। इटली की टीम प्रेमा के लिए रेसिंग करने वाले 23 साल के ड्राइवर ने कहा, सिल्वरस्टोन और आस्ट्रिया में जो हुआ, उसके बाद पोडियम स्थान पर वापसी करना अच्छा है।

### करुणा जैन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

**बेंगलुरू** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व विकेटकीपर करुणा जैन ने रविवार को खेल के सभी प्रारूपो से संन्यास लेने की घोषणा की। करुणा ने बयान में कहा, काफी खुशनुमा और संतुष्ट अहसास के साथ मै क्रिकेट के सभी प्रारूपो से संन्यास लेने की घोषणा करती हूं और खेल को वापस कुछ योगदान देने को लेकर उत्सुक हूं। बेंगलुरू में जन्मी 36 साल की करुणा ने अपने करियर मे भारत, कर्नाटक, पुडुचेरी और दक्षिण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। करुणा ने पांच टेस्ट मैच मे 195 रन बनाए जबकि इस दौरान 40 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा।

### स्कॉटलैंड क्रिकेट के निदेशकों ने नस्लीय रिपोर्ट को लेकर त्यागपत्र दिया

**एडिनबर्ग।** स्कॉटलैड क्रिकेट बोर्ड के निदेशको ने संस्थागत नस्लवाद के आरोपो के बाद रविवार को सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे दिया। निदेशको ने एक स्वतंत्र जांच रिपोर्ट जारी होने से ठीक पहले इस्तीफे दिए। निदेशको ने संचालन संस्था के अंतरिम सीईओ को लिखे एक पत्र मे कहा, स्कॉटलैड मे क्रिकेट के खेल को वास्तव मे सभी के लिए स्वागत योग्य और समावेशी बनाने के लिए बोर्ड इस रिपोर्ट के निष्कर्षो को लागू करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। पत्र मे आगे लिखा गया है, हम सभी को वास्तव मे खेद है और उन लोगो से सार्वजनिक रूप से माफी मांगते है जिन्होने स्कॉटलैड मे क्रिकेट मे नस्लवाद या किसी अन्य प्रकार के भेदभाव का अनुभव किया।

### भारत में मैचों के प्रसारण के लिए डिज्नी स्टार व क्रिकेट आस्ट्रेलिया में करार

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को कहा कि उसने मे देश मे होने वाले क्रिकेट मैचो के भारत मे प्रसारण के लिए डिज्नी स्टार के साथ सात साल का करार किया है। यह करार 2023-24 से शुरू होगा जिसमे डिज्नी स्टार भारत मे बिग बैश लीग और महिला बिग बैश लीग के साथ-साथ आस्ट्रेलिया मे खेले जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मैचो का प्रसारण करेगा। डिज्नी स्टार सोनी का स्थान लेगा, जिसके पास 2017-18 के सत्र से आस्ट्रेलियाई अधिकार है।

### बोपन्ना–मिडिलकूप की जोड़ी हैम्बर्ग ओपन के फाइनल में हारी

**हैम्बर्ग।** भारत के रोहन बोपन्ना और नीदरलैड के उनके जोड़ीदार मैथ्यू मिडिलकूप को रविवार को यहां हैम्बर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे ब्रिटेन के लॉयड ग्लासपूल और फिनलैड के हैरी हेलियोवारा की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेट मे हार का सामना करना पड़।

## भारत के लिए खास है 24 जुलाई का दिन

- बलबीर सिंह सीनियर से लेकर नीरज चोपड़ा तक रही यादगार तारीख

**भाषा।** नई दिल्ली



**हेलसिंकी में** 1952 में महान हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर के रिकॉर्ड पांच गोल से लेकर तोक्यो में 2021 में मीराबाई के ऐतिहासिक ओलंपिक रजत और यूजीन में नीरज चोपड़ा के विश्व चैम्पियनशिप रजत तक , 24 जुलाई की तारीख भारतीय खेलों के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गई है। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत को पहली बार रजत पदक दिलाकर नया इतिहास रच दिया। इससे पहले 2003 में अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में विश्व चैम्पियनशिप में लंबी कूद का कांस्य पदक जीता था। हेलसिंकी में 1952 ओलंपिक में 24 जुलाई के दिन ही भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने नीदरलैंड को 6-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। इस जीत के सूत्रधार बलबीर सिंह सीनियर ने पांच गोल दागे थे और ओलंपिक हॉकी फाइनल में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड 70 साल बाद भी आज तक उनके नाम है। भारत ने ओलंपिक पुरूष हॉकी में आठ बार (1928 से 1936 तीन बार आजादी से पहले, 1948, 1952, 1956 , 1964 और 1980) स्वर्ण पदक जीता है। 24 जुलाई ओलंपिक में एक बार फिर भारत के लिए सौभाग्यशाली तारीख रही। इसी दिन 2021 में तोक्यो ओलंपिक में स्पर्धा के पहले ही दिन साइखोम मीराबाई चानू ने महिलाओं के 49 किलो भारोत्तोलन वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। वह ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भारोत्तोलक बनी।

### मैं भी शुरू में नीरज चोपड़ा जैसी स्थिति में थी : अंजू



**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा जब अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इतिहास रच रहे थे, तब अपने जमाने की दिग्गज एथलीट और लंबी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज बेंगलुरू में उस स्थिति को याद कर रही थी जब उन्होंने भी खराब शुरुआत से उबरकर कांस्य पदक जीता था। चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट और पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अंजू विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी थी। उन्होंने पेरिस में 2003 में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था। अंजू ने पीटीआई से कहा, मैं सोच रही थी कि हे भगवान, मैं भी पेरिस में 2003 में एक समय नीरज जैसी स्थिति में थी। वह पहले प्रयासों के बाद चौथे स्थान पर था और मैं भी पहले तीन प्रयासों के बाद चौथे स्थान पर थी। मैं पहले प्रयास के बाद शीर्ष पर थी लेकिन तीसरे प्रयास के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई थी और पदक की दौड़ मैं नहीं थी। लेकिन मैं वापसी करने और पदक जीतने के प्रति प्रतिबद्ध थी और मैंने ऐसा किया। ऐसा ही नीरज के साथ भी हुआ। चोपड़ा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले प्रयास में फाउल किया। इसके बाद उन्होंने 82.39 मीटर और 86.37 मीटर भाला फेंका और तीसरे प्रयास के बाद वह चौथे स्थान पर थे। लेकिन चोपड़ा ने इसके बाद शानदार वापसी की तथा चौथे प्रयास में 88.13 मीटर भाला फेंक कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पांचवें और छठे प्रयास में चोपड़ा ने फाउल किया।

## शाई-पूरन की शानदार पारी




- दूसरा वनडे मुकाबला
- वेस्टइंडीज ने बनाए छह विकेट पर 311 रन
- भारत की ओर शारदुल ने 3 विकेट लिए

**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन

**वेस्टइंडीज ने** शाई होप (115 रन) के शतक और कप्तान निकोलस पूरन (74) के अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां भारत के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में छह विकेट पर 311 रन का स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा काइल मेयर्स ने 39 और शामराह ब्रुक्स ने 35 रन का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजों में शार्दुल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने सात ओवर में 54 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल को एक एक विकेट मिला।

**स्कोर :वेस्टइंडीज पारी :** शाई होप का अक्षर पटेल बो ठाकुर 115, काइल मेयर्स का एवं बो हुड्डा 39,शामराह ब्रुक्स का धवन बो अक्षर पटेल 35,ब्रैंडन किंग का धवन बो चहल 00, निकोलस पूरन बो ठाकुर 74, रोवमैन पॉवेल का अय्यर बो ठाकुर 13,रोमारियो शैपर्ड नाबाद 15,अकील हुसैन नााद 06, **अतिरिक्त :** 14 , **कुल :** 50 ओवर में छह विकेट पर : 311 रन,विकेट पतन : ।-65, 2-127, 3-130, 4-247, 5-280, 6-300, **गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 10- ।-41-0, आवेश खान 6-0-54-0,शार्दुल ठाकुर 7-0-54-3, दीपक हुड्डा 9-0-42- ।, अक्षर पटेल 9- ।-40- ।, युजवेंद्र चहल 9-0-69- ।

## चांदीमल और फर्नांडो के अर्धशतक

- पाक टेस्ट : श्रीलंका के छह विकेट पर 315 रन

**भाषा।** गॉल



दिनेश चांदीमल और ओशादा फर्नांडो के अर्धशतक से श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को यहां पहली पारी में छह विकेट पर 315 रन बनाए। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद कप्तान दिमुथ करूणारत्ने (40) और फर्नांडो (50) ने पहले विकेट के लिए 92 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। फर्नांडो ने स्पिनरों के खिलाफ कदमों का अच्छी तरह इस्तेमाल किया और तीन सीधे छक्के जड़े। तीसरे छक्के से उन्होंने 70 गेंद में सातवां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया लेकिन मोहम्मद नवाज की अगली गेंद पर विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान को कैच दे बैठे। उन्होंने अपनी पारी के चार चौके और तीन छक्के मारे। पाकिस्तान ने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर कुसाल मेंडिस (03) को भी रन आउट किया। करूणारत्ने लंच के बाद यासिर शाह की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में नसीम शाह को कैच दे बैठे।

### शतरंज ओलंपियाड : तैयारियां जारी, परीक्षण प्रतियोगिता आयोजित

**चेन्नई।** शतरंज ओलंपियाड का 44वां टूर्नामेंट शुरू होने में अब जब सिर्फ चार दिन बचे हैं तब तैयारियों का जायजा लेने के लिए परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पहले शहर में ओलंपियाड की विशेष दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें कुछ हजार लोगों ने हिस्सा लिया। सुब्रमण्यम, अनबरासन और पीके जैसे राज्य मंत्री भी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद थे। एक हजार 414 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने दावा किया कि 1414 खिलाड़ियों के साथ परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन करके नोबल बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल होने का प्रयास किया गया।

## बलबीर सिंह सीनियर की खोई हुई यादगार चीजों को अब भी तलाश रहा है परिवार

**भाषा।** चंडीगढ़

**दिग्गज हॉकी** खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर ने एक बार अपनी खोई हुई यादगार चीजों के बारे में कहा था कि बुढ़ापे में आप अपने जीवन में हासिल की गई उपलब्धियों को देखकर खुश होना चाहते हो। पिछले 10 साल से बलबीर सिंह सीनियर के परिवार ने उनकी खोई हुई चीजों को हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इन चीजों को उन्होंने 1985 में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को दान किया था। अपने शानदार करियर में तीन बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे बलबीर सिंह सीनियर भारत के महानतम हॉकी खिलाड़ियों में शामिल रहे। उनका मई 2020 में खराब स्वास्थ्य के कारण निधन हो गया था। उनकी खोई हुई यादगार चीजों में ओलंपिक ब्लेजर, पदक और दुर्लभ तस्वीरें शामिल हैं। बलबीर सिंह सीनियर ने प्रस्तावित संग्रहालय के लिए साइ को ए चीजें दान की थी लेकिन यह संग्रहालय कभी बना ही नहीं। बलबीर सिंह सीनियर के नाती कबीर ने रविवार को यहां पीटीआई से कहा, वह अपने नुकसान के दर्द की तुलना परिवार के किसी करीबी सदस्य के निधन से करते थे।

## सुहानी व पार्थ ने मारी बाजी

**लखनऊ।** 35वीं जूनियर स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अर्चित, सुहानी ने बाजी मारते प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर लड़के अंडर-17 फाइनल में अर्चित जैन ने अवि पाल को वहीं जूनियर गर्ल्स अंडर 17 फाइनल में सुहानी महाजन ने दिशा को हराया। सब जूनियर बॉयज़ अंडर-15 फाइनल में पार्थ प्रभाकर ने अर्णव पंवार को, सब-जूनियर गर्ल्स अंडर-15 फाइनल में अवनी त्रिपाठी ने सुहानी महाजन को जबकि कैडेट बॉयज अंडर-13 फइनल में वीर कुमार ने आर्यन कुमार को हराया। कैडेट गर्ल्स अंडर 13 फाइनल में कनिष्क ने अनोखी केसरी को ,होप्स बॉयज अंडर 11 फाइनल में वीर कुमार ने देव त्रिपाठी को हराया। होप्स गर्ल्स अंडर 11 फाइनल में अनिष्का गुप्ता ने साक्षी तिवारी को हराया। मनीष टंडन सर्किल हेड एचडीएफ सी, अरुण कुमार बनर्जी सचिव यूपीटीटीए और दीपक बहलअध्यक्ष वाराणसी टेबल टेनिस एसोसिएशन ने पुरस्कार प्रदान किए।

### मिलानी और स्टार क्लब चमके

**लखनऊ।** जिला फुटबाल लीग में मिलानी क्लब और स्टार क्लब ने अपने-अपने मुकाबलों में सफलता हासिल की। पहले मैच में मिलनी क्लब ने लखनऊ ब्वॉयज को 3-0 से हराया। मिलनी क्लब की ओर से रितेश ने 14 वे मिनटए अमन यादव ने 41 वे मिनटए यश ने 56 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच में 11 स्टार क्लब ने युवा क्लब को 3-1 से हराया।11 स्टार क्लब की ओर से अतुल ने 13 वे मिनट में आकाश कश्यप ने 23 वे मिनट करन ने 51 वे मिनट में गोल किया। युवा क्लब की ओर से अनुज ने 50 वे मिनट में गोल किया।



## राष्ट्रमंडल खेलों में वापसी करना चाहेंगे पंघाल व लवलीना




**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय मुक्केबाज** जब राष्ट्रमंडल खेलों में रिंग पर उतरेंगे तो अमित पंघाल तोक्यो ओलंपिक खेलों की निराशा जबकि लवलीना बोरगोहेन विश्व चैंपियनशिप के लचर प्रदर्शन को भुलाकर वापसी करने की कोशिश करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन पर भी सभी की निगाहें टिकी रहेंगी जो अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। निकहत ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिताब जीता और इसके बाद प्रतिष्ठित स्ट्रेंडजा मेमोरियल टूर्नामेंट और फिर विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किए। यह अलग बात है कि इस 26 वर्षीय मुक्केबाज को राष्ट्रमंडल खेलों में अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। निकहत 52 किग्रा में खेलती हैं लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में उन्हें 50 किग्रा में भाग लेना होगा। उन्हें और उनके प्रशिक्षकों को यह देखना होगा कि वह इस नए भार वर्ग में कैसे सामंजस्य बिठाती है जिससे कि वे पेरिस ओलंपिक के लिए उनका भार वर्ग तय कर सकें। जहां तक लवलीना का सवाल है तो यह वर्ष उनके लिए उतार-चढ़ाव वाला रहा। असम की इस मुक्केबाज ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और तभी से उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। तोक्यो ओलंपिक के बाद के तमाम कार्यक्रमों में भाग लेने से उनका ध्यान भंग हुआ।

### एक बार फिर चुनौती को तैयार हैं अश्विनी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलो मे 12 साल पहले पदार्पण करते हुए महिला युगल मे एतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की युगल विशेषज्ञ बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा चौथी बार इन खेलो मे हिस्सा लेने की तैयारी कर रही है। अश्विनी की जीत की भूख मे हालांकि कोई कमी नही आई है। उनके स्मैश पहले की तरह दमदार है और वह विरोधी खिलाड़ियो की सर्विस और रिटर्न को अब भी काफी अच्छी तरह से भांप लेती है। राष्ट्रमंडल खेलो मे दो स्वर्ण सहित पांच पदक, विश्व चैपियनशिप मे कांस्य पदक जीतने वाली दो बार की ओलंपियन अश्विनी 28 जुलाई से शुरू हो रहे खेलो मे एक बार फिर अपना दम दिखाने को तैयार है। कुर्ग की रहने वाली 32 साल की अश्विनी ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार मे कहा, इन वर्षो मे काफी उतार चढ़ाव आए। 10 वर्षो मे मै काफी बदल गई, काफी सुधार किया है, अब मेरे पास काफी अधिक अनुभव है और एक बार फिर राष्ट्रमंडल खेलो की टीम मे जगह बनाकर काफी अच्छा लग रहा है। इसकी शुरुआत 2010 मे हुई थी और यह मेरे लिए काफी नई चीज थी। स्वर्ण पदक जीतना शानदार लम्हा था। इस लम्हे को दोबारा जीना चाहती हूं। अश्विनी ने ज्वाला गुट्टा के साथ मिलकर दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों मे भारत को महिला युगल मे पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। भारतीय टीम ने भी रजत पदक जीता था। अश्विनी और ज्वाला ने चार साल बाद रजत पदक जीता। अश्विनी ने गोल्ड कोस्ट मे हुए पिछले राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत को मिश्रित टीम स्वर्ण पदक दिलाने मे अहम भूमिका निभाई थी। 2018 मे मैने और सिक्की ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैने पहली बार टीम स्वर्ण पदक जीता जो शानदार अहसास था।



राष्ट्रमंडल खेल में शामिल होने से पहले पीवी सिंधू ने हैदराबाद के महाकाली की पूजा की

### अरहम व अल्तमश ने जीते दोहरे स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** अरहम खान और अल्तमश खान ने जूपिटर कप जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में दोहरे स्वर्ण पदक जीते। चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद व अध्यक्ष भाजपा लखनऊ महानगर मुकेश शर्मा व विशिष्ट अतिथि वोवीनाम एसोसिएशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने पुरस्कार बांटे। स्वर्ण पदक विजेता शौर्य पी सिंह, अक्षय, धेरिया अग्रवाल, अग्रिमा मिश्रा, स्नेहा सिंह, अंशि गुप्ता, कल्पना, श्रद्धा त्रिपाठी, निहारिका, सूर्य शुक्ल, नैना भारती, तनीषा, प्राची जायसवाल, आरुषि सिंह, पाविक, साक्षी मिश्रा, सुभवानी रावत, अंजलि शर्मा, तन्वी वर्मा, अग्रिमा सिंह, पद्मांशी वर्मा, भव्या झा,मनीषा रसाली, चारु यादव, अर्पिता दीक्षित, नित्या वर्मा, अमृतांशु,आदित्य सिंह, ओम मणि, शुभम कुमार चटर्जी, दिव्यांश चौधरी, उदयभान प्रताप, इशान, ओजस राजपूत, उद्यान प्रताप, शिवा श्रीवास्तव, सिद्धांत पांडे, समर्थ, विनायक पाठक, विक्रम भार्गव व आयुष चौरसिया।